सुविचार
जीवन की सबसे बड़ी चीज है अनुभव। यहां तक कि गलतियों का भी अपना मूल्य होता है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 16, मूल्य ₹ 6.00, वर्ष 19, अंक 16

नई दिल्ली, गुरुवार 31 जुलाई, 2025 | श्रावण शुक्ल पक्ष-सप्तमी, 2082 | 12 राज्य | 61 संस्करण

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,481.86 | +143.91 |
| डॉलर | 87.43 | +0.52 |

देश में मानसून औसत बारिश 467.8 मिमी
आपके शहर में अब तक 276 मिमी | कम/ज्यादा +31 मिमी

**पॉजिटिव न्यूज**

### पहली बार ऐसा प्रयोग... एआई से लैस होगा यूपी का सड़क सुरक्षा मॉडल

लखनऊ | उत्तर प्रदेश में एआई और बिग डेटा एनालिटिक्स से लैस सड़क सुरक्षा मॉडल बनेगा। इसके पायलट प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। इसे देश का पहला एआई-संचालित सड़क सुरक्षा परीक्षण माना जा रहा है। **इसमें क्या होगा:** गाड़ियों का डेटा रीयल टाइम में कलेक्ट, ट्रांसमिट और एनालाइज होगा। दुर्घटना रिपोर्ट, मौसम, ड्राइवर प्रोफाइल व सड़क ढांचे से जुड़े डेटा एकीकृत करेंगे। **इसका उद्देश्य:** दुर्घटना के मूल कारणों की पहचान, ब्लैक स्पॉट की भविष्यवाणी और रीयल-टाइम पॉलिसी डैशबोर्ड तैयार करना है। **क्या फायदा होगा:** जांच करने वाली टीम एआई से लैस कैमरों की मदद से हर तरह की गड़बड़ी पता कर सकेगी। गाड़ियों की लाइव लोकेशन देख सकेगी। प्रीडिक्टिव पुलिसिंग से अनुमान लगा सकेंगे कि कौन नियम तोड़ सकता है। फील्ड ऑफिसर्स को तुरंत अलर्ट मिलेगा, जिससे मौके पर कार्रवाई संभव होगी। **अगले चरण में:** फेसलेस लाइसेंस-परमिट प्रणाली, ई-चालान और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को जोड़ा जाएगा। अधिकारी देख सकेंगे कि कितना राजस्व आ रहा है, किसने कितने नियम तोड़े।

**दगाबाज दोस्त** • अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- भारत बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है, रूस से सैन्य साजोसामान और तेल खरीदता है

# ट्रम्प ने थोपा 25% टैरिफ, जुर्माना भी, कल से लागू

## ट्रम्प ने पहली बार किसी देश पर पैनल्टी लगाई, भारत ने कहा- राष्ट्रहित सर्वोपरि

यशवंत राज | वॉशिंगटन

खुद को भारत का 'सबसे अच्छा दोस्त' कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रेड डील पर जारी बातचीत के बीच भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान कर दिया, जो 1 अगस्त से लागू होगा।



ट्रम्प ने कहा, भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है। उसके साथ किसी भी देश की तुलना में सबसे सख्त और गैर-आर्थिक व्यापार प्रतिबंध हैं।

ट्रम्प ने कहा, भारत रूस से बड़ी तादाद में सैन्य साजो-सामान खरीदता है। ऐसे में जब, रूस यूक्रेन में कत्लेआम कर रहा है तो भारत और चीन उससे सबसे ज्यादा क्रूड खरीद रहे हैं। भारत को इसके लिए अब जुर्माना भी देना होगा। ट्रम्प ने पहली बार किसी देश पर जुर्माने (पैनल्टी) का ऐलान किया है। बता दें, ट्रम्प ने अप्रैल में कई देशों पर टैरिफ लगाया था। तब भारत पर 26% टैरिफ लगा था। हालांकि दो दिन बाद ही सभी देशों पर 10% औसत टैरिफ कर दिया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी अफसरों से 5 दौर की बात कर चुका है। अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच अगस्त में भारत आएंगे।

▪ इस बीच भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, हम संतुलित ट्रेड डील के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसानों, कारोबारियों और छोटे उद्योगों का हित सबसे ऊपर है। सरकार राष्ट्रीय हित में कदम उठाएगी।

▪ टैरिफ का ऐलान ऐसे वक्त हुआ है, जब विपक्ष संसद में सरकार को अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों पर घेर रहा है। ट्रम्प 25 से ज्यादा बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने ट्रेड का हवाला देकर भारत-पाक संघर्ष रुकवा दिया।

- शेष पेज 10 पर

**आज बाजार पर असर...** ट्रम्प टैरिफ का असर गुरुवार को भारतीय बाजारों में दिखने की आशंका जताई जा रही है। (पढ़ें बिजनेस पेज भी)

### वो सबकुछ जो आपके लिए जानना जरूरी है

**भारतीय उत्पादों पर 25% टैरिफ लगने पर...**

| प्रोडक्ट | पुराना टैरिफ | अब अंतर | कुल निर्यात |
|---|---|---|---|
| ऑटोमोबाइल+कंपोनेंट | 23.1% | +1.9% | 1.07 |
| टेक्सटाइल/परिधान | 10%-12% | +13% | 0.92 |
| जेम्स/ज्वेलरी | 8.2%-10% | +15% | 0.87 |
| फार्मा | 8.6% | +16.4 | 0.86 |
| इलेक्ट्रॉनिक | 18 | +7% | 0.77 |
| इंजीनियरिंग गुड्स | 4.4%-5.09 | +20% | 0.52 |
| पेट्रो केमिकल | 4-8% | +17 | 0.34 |
| लोहा-स्टील/धातु | 5.6%-12.5% | +12.5% | 0.24 |
| ऑर्गेनिक कैमिकल | 8.6% | +17% | 0.22 |

(**नोट:** प्रमुख उत्पादों की सूची। *निर्यात के आंकड़े लाख करोड़ रुपए में। **सोर्स:** वर्ल्ड इंटीग्रेडेट ट्रेड सॉल्यूशन, वर्ल्ड बैंक 2022 तक और 2025 तक के अपडेट टैरिफ)

**हमारे कुल निर्यात में अमेरिकी हिस्सा सिर्फ 18%**

2024 में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार 11.28 लाख करोड़ रु. (129 अरब डॉलर) था। भारत ने 7.51 लाख करोड़ रु. का निर्यात किया। अमेरिका से 3.52 लाख करोड़ का आयात हुआ। हालांकि 2024-25 में भारत ने दुनियाभर में 72.36 लाख करोड़ रु. का सामान बेचा। इसमें अमेरिका का हिस्सा महज 18% है।

**टैरिफ का अमेरिका पर असर: महंगी पड़ेगी दवा**

अमेरिका के लिए उल्टा पड़ सकता है। इनमें भारत पर निर्भरता:
▪ **जेनेरिक दवा:** 40% जेनेरिक दवा भारत से लेता है। 2025 में निर्यात 21% बढ़कर 85 हजार करोड़ रहा। वहां इलाज महंगा होगा।
▪ **रेडीमेड गारमेंट्स:** कपड़ा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 28% है। अमेरिका में इनकी कीमतें 17% बढ़ सकती हैं।
▪ **ऑटो पार्ट्स:** अमेरिकी कंपनियां भारत पर निर्भर। 2024 में 19 हजार करोड़ का निर्यात किया। रिपेयर लागत बढ़ेगी।
▪ **जेम्स-ज्वेलरी:** भारत के कुल 2.78 लाख करोड़ के निर्यात में अमेरिका की 30.4% हिस्सेदारी। तीसरा सबसे बड़ा आयातक।

**हमारे पास जवाब देने के कितने रास्ते?**

1. **कूटनीति:** उच्च स्तरीय दल भेजकर बातचीत को आगे बढ़ाए, ताकि टैरिफ दरों को 10% तक लाया जा सके।
2. **शिकायत:** विश्व व्यापार संगठन में। वहां साबित कर सकते हैं- अमेरिकी टैरिफ डब्ल्यूटीओ की बाध्य दरों का उल्लंघन है।
3. **ठोस जवाब:** ऐसे अमेरिकी आयातित उत्पाद जिनकी मांग भारत में ज्यादा है, उन पर 28% टैरिफ लगा सकते हैं। इससे अमेरिका पर 217 मिलियन डॉलर तक का बोझ पड़ सकता है।
4. **पीएलआई:** छोटे उद्योगों को ऐसी योजनाओं के जरिए आर्थिक मदद। फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स को प्रोत्साहन बढ़ाएं।

**रूस के बहाने नाराजगी क्यों?** ▪ हम रूस से कच्चा तेल 15-20 डॉलर/बैरल की छूट पर खरीदते हैं। इससे 2023 में 10 अरब डॉलर बचे। 2024 में 43% तेल खरीदा। ▪ रूस से ही हर साल 2-3 अरब डॉलर के रक्षा उपकरण खरीद रहे। 10 साल में जरूरत का 70% सामान रूस से लिया। जबकि 2008 के बाद अमेरिका से 24 अरब डॉलर के रक्षा सौदे हुए।

**भास्कर एक्सपर्ट**

प्रो. अरुण कुमार, अर्थशास्त्री, द ग्लोबल ट्रेड पैराडाइम के लेखक

### नए ट्रेड अलायंस बनाने होंगे; भारत प्रोडक्ट आधारित टैरिफ चाहता है

भारत अब तक अमेरिकी सामान पर 17% औसत टैरिफ लगाता है। ये दुनिया की सबसे बड़ी व्यापार पंचायत डब्ल्यूटीओ से स्वीकृत टैरिफ दरें हैं। जबकि अमेरिका अब तक भारतीय सामान पर 3% औसत टैरिफ लगाता है। भारत को विकासशील अर्थव्यवस्था होने के नाते 17 फीसदी टैरिफ दर का अधिकार है। ट्रम्प ने अब मनमाना 25% टैरिफ लगाया है। भारत की अमेरिका से शर्त फ्लैट टैरिफ नहीं प्रोडक्ट पर है। हमें फ्लैट टैरिफ मंजूर नहीं। साथ ही अमेरिका हमारे कृषि क्षेत्र में एंट्री चाहता है। ये संभव नहीं। अमेरिका में हर किसान को सालाना लगभग 26 लाख रुपए की सब्सिडी मिलती है जबकि हमारे यहां के किसान की औसत आय ही एक लाख रुपए से कम है।

**उपाय: ब्रिटेन जैसी डील करनी होगी**

भारत को नए ट्रेड अलायंस खोजने होंगे। इस दिशा में हाल में भारत ने ब्रिटेन के साथ ट्रेड डील की है। इसमें भारत के 99% को टैरिफ फ्री एंट्री मिली है। ब्रिक्स को भी नए पार्टनर के रूप में विकसित करना होगा। चीन, ब्राजील और द. अफ्रीका को साथ लेकर ग्लोबल साउथ से अमेरिका को व्यापार चुनौती देनी होगी।

**अंदर भी पढ़ें**

▪ *इंडिगो: रेवेन्यू 4.7% बढ़ा, मुनाफा 20% घटा, कारण प्रति किमी आय 5% कम रही* -पढ़ें पेज 11 पर
▪ *भारत-इंग्लैंड 5वां टेस्ट: राह आसान; स्टोक्स समेत 4 अंग्रेज बाहर* -पढ़ें पेज 12 पर

### सेना की गाड़ी पर गिरा बड़ा पत्थर, लेफ्टिनेंट कर्नल समेत दो जवान शहीद


कर्नल भानु प्रताप


दलजीत सिंह

एजेंसी | लेह

लद्दाख के दूरदराज इलाके में बुधवार को सेना के एक काफिले की गाड़ी पर पहाड़ी से बड़ा पत्थर गिर गया। इस हादसे में लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह मनकोटिया और लांस दफादार दलजीत सिंह की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य अफसर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा पूर्वी लद्दाख के दुर्बुक के पास चारबाग इलाके में सुबह करीब 11:30 बजे हुआ। यह जगह गलवान घाटी के पास है और लेह से करीब 200 किलोमीटर दूर है। सेना के मुताबिक, यह काफिला दुर्बुक से चोंगतास की ओर ट्रेनिंग मूव पर था। इसी दौरान एसयूवी पर बड़ा पत्थर गिर गया और उनकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**ऑपरेशन सिंदूर** • राज्यसभा में गृह मंत्री ने जवाब दिया, विपक्ष का वॉकआउट

# पीड़ितों ने कहा था आतंकियों के सिर में गोली मारना, वहीं मारी: शाह

### कहा- जम्मू और कश्मीर आतंक मुक्त होगा, भाजपा पीओके वापस लेगी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में हुई चर्चा का बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, धर्म पूछकर पर्यटकों की हत्या कर आतंकी संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर आतंक मुक्त नहीं होने देंगे। मैं सदन में वादा करता हूं कि जम्मू-कश्मीर आतंकवाद मुक्त होगा। यह मोदी सरकार का संकल्प है।



शाह ने कहा कि पहलगाम हमले के 100 दिन बाद हमलावर ढेर कर दिए गए। पीड़ितों के परिवारों ने कहा था कि आतंकवादियों के सिर में गोली मारना। ऑपरेशन महादेव में तीनों आतंकियों के सिर में ही गोली मारी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर किसी के कहने पर नहीं रोका। घुटनों पर आए पाकिस्तान के डीजीएमओ ने फोन कर कहा- बस कीजिए, अब इसे रोक दीजिए।

कांग्रेस को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा, 'पीओके आपने दिया था। उसे वापस लाना सिर्फ बीजेपी सरकार का काम है।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता आतंकवाद खत्म करना या राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं, बल्कि राजनीति, वोट बैंक और तुष्टीकरण है। शाह का संबोधन शुरू होते ही विपक्ष ने पीएम से जवाब की मांग लेकर हंगामा किया और फिर वॉकआउट कर गए।

-शेष पेज 10 पर

### राहुल ने कहा- पीएम में ट्रम्प को झूठा कहने की हिम्मत नहीं... अमेरिका सब सच खोल देगा



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध विराम के दावे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सदन के बाहर कहा कि प्रधानमंत्री ट्रम्प को झूठा नहीं कह सकते। यदि वह ऐसा करते हैं तो ट्रम्प सारा सच उजागर कर देंगे। प्रधानमंत्री ने अपने जवाब में नहीं कहा कि ट्रम्प युद्ध विराम पर झूठ बोल रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री कह देते हैं कि ट्रम्प झूठ बोल रहे हैं, तो वह खुलकर सब कुछ कह देंगे। इसलिए, मोदी कुछ नहीं कह पा रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि ट्रम्प युद्ध विराम से जुड़े बयान जानबूझकर दे रहे हैं, ताकि भारत पर ट्रेड डील को लेकर दबाव डाला जा सके।

### सरकार ने फिर नकारी तीसरे पक्ष की भूमिका

**सरकार... यूपीए में पाक मारता रहा... हम बिरयानी परोसते रहे**

▪ **जेपी नड्डा:** कांग्रेस ने पाक का तुष्टीकरण किया। 2004-14 के बीच यूपीए सरकार ने पड़ोसी देश के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उस दौरान कई आतंकी हमले हुए। फिर भी पाक के साथ व्यापार, पर्यटन और वार्ता जारी रही। वे मारते रहे और हम बिरयानी परोसते रहे। अब जम्मू-कश्मीर को छोड़ बाकी देश में हमले बंद हो गए।
▪ **एस जयशंकर:** युद्ध विराम में किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं थी। सैन्य कार्रवाई रोकने का व्यापार से कोई संबंध नहीं था। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रम्प के बीच 22 अप्रैल से 16 जून के बीच कोई भी फोन कॉल नहीं हुई थी। मोदी सरकार ने नेहरू की गलतियां सुधारते हुए सिंधु जल संधि निलंबित कर दी।

**विपक्ष... पहलगाम हमले पर इस्तीफा नेहरू या ट्रम्प देंगे?**

▪ **कपिल सिब्बल:** हमारा रफाल आधा अधूरा है। पाक को तबाह करने के संसाधन पर्याप्त नहीं। उसे चीन से उन्नत विमान मिल रहे हैं। सरकार ने 11 साल में क्या किया?
▪ **जया बच्चन:** कहा गया था िक 370 हटने से आतंक खत्म हो गया। मारे गए पर्यटकों के परिवार सरकार को माफ नहीं करेंगे। ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' क्यों रखा?
▪ **मनोज झा:** राष्ट्रीय सुरक्षा सिर्फ नारा नहीं, जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय एकता सरकार को आलोचना से बचाने की ढाल न बने। नेहरू सरकार के लिए लाइफ जैकेट की तरह हैं।
▪ **संजय राउत:** पहलगाम हमले का जिम्मा कौन लेगा? क्या नेहरू, ट्रम्प या वेंस इस्तीफा देंगे? 26 लोगों की हत्या के बाद भी किसी का इस्तीफा या माफी नहीं हुई।

**हिंदू आतंकवादी नहीं हो सकते...** मुंबई हमले के बाद हिंदू आतंकवाद के नैरेटिव के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा- हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकते। कांग्रेस ने कई संस्थाओं पर झूठे केस किए। चिदंबरम ने आतंकी पाकिस्तानी होने के सबूत मांग ऑपरेशन सिंदूर को चुनौती दी। वह जब तक गृह मंत्री थे, अफजल गुरु को फांसी नहीं हुई।

**बड़ी डील** • अपने दूसरे सबसे बड़े सौदे को टाटा मोटर्स के बोर्ड ने दी मंजूरी

# टाटा मोटर्स 38 हजार करोड़ में इटली की इवेको कंपनी का ट्रक बिजनेस खरीदेगी

भास्कर न्यूज | मुंबई

टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स इटली की कमर्शियल ट्रक बनाने वाली इवेको कंपनी का अधिग्रहण करेगी। टाटा मोटर्स के बोर्ड ने बुधवार रात करीब 38,240 करोड़ रु. (4.3 अरब डॉलर) के इस सौदे को मंजूरी दे दी। यह डील पूर्णतः नकद लेनदेन के तहत होगी। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, इवेको ग्रुप डिफेंस और कमर्शियल ट्रक मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस से जुड़ा है। हालांकि यह सौदा सिर्फ कमर्शियल ट्रक बिजनेस का है। 1975 में स्थापित इवेको मल्टीनेशनल कंपनी है। इसका मुख्यालय इटली के ट्यूरिन शहर में है। यह ट्रक, बस, रक्षा वाहन बनाती है। इसके रेवेन्यू का 70% हिस्सा ट्रक से आता है। वैश्विक ट्रक मार्केट में इसकी हिस्सेदारी 2024 में 13.4% थी।

**भास्कर नॉलेज**

▪ टाटा समूह ने सबसे पहला अधिग्रहण 2000 में किया था। तब समूह ने यूके के चाय ब्रांड टेटली को 407 मिलियन डॉलर में खरीदा था।
▪ टाटा समूह ने सबसे बड़ा सौदा 2007 में किया था। तब टाटा स्टील ने 12 अरब डॉलर में ब्रिटेन की इस्पात कंपनी कोरस खरीदी थी।
▪ टाटा मोटर्स ने अब तक का सबसे बड़ा सौदा 2008 में किया था। तब इसने 2.3 अरब डॉलर में ब्रिटेन की जगुआर लैंड रोवर का अधिग्रहण किया था। वित्त वर्ष 2024-25 में टाटा मोटर्स के राजस्व में 71% हिस्सेदारी जेएलआर की रही है। अब इवेको की डील सबसे बड़ी होगी।
▪ अभी टाटा मोटर्स का कमर्शियल वाहन बिजनेस भारत केंद्रित है। इवेको के अधिग्रहण से ग्लोबल सेक्टर में मजबूती मिलेगी।

### जियो: 52 हजार करोड़ के आईपीओ की तैयारी

**मुंबई** | देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने टेलीकॉम बिजनेस जियो इंफोकॉम को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने की तैयारी कर रही है। इसके लिए कंपनी 52 हजार करोड़ रु. का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ ला सकती है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, यह आईपीओ अगले साल के शुरुआती महीनों में आ सकता है। मालूम हो, अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई इंडिया लाई थी। वह 28,000 करोड़ रुपए का था।


केदारनाथ यात्रा मार्ग कई जगह क्षतिग्रस्त।

**उत्तराखंड** • नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं

## बारिश से पहाड़ टूटा, केदारनाथ यात्रा रोकी गई, 1 हजार यात्री फंसे

मनमीत | देहरादून

मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के कारण मंगलवार रात केदारनाथ यात्रा मार्ग सोनप्रयाग के पास बाधित हो गया। मुनकटिया से डेढ़ किमी आगे पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढहने से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। यहां दोनों तरफ से आवाजाही ठप है। पैदल यात्रा मार्ग भी कई जगह पत्थर गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। इस कारण प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा फिलहाल चार दिन के लिए स्थगित कर दी है। वैकल्पिक यात्रा मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसे में केदारनाथ और गौरीकुंड में एक हजार से अधिक यात्री और स्थानीय लोग फंस गए हैं। पहाड़ों में हो रही बारिश के कारण अलकनंदा और मंदाकिनी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

**भास्कर खास** उल्लंघन करने पर कंपनी पर ₹400 करोड़ जुर्माना; 68% बच्चे एल्गोरिदम के शिकार

# ऑस्ट्रेलिया: बच्चों के लिए यूट्यूब बैन, दावा- इसका एल्गोरिदम ट्रॉमा, हिंसक व अश्लील वीडियो की लत लगा रहा; पढ़ाई, सोच, नींद पर असर

भास्कर न्यूज | सिडनी

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने घोषणा की है कि आगामी 1 दिसंबर से 16 साल से कम उम्र के बच्चे यूट्यूब नहीं देख पाएंगे। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने संसद में नए बिल की जानकारी दी कि इसका उल्लंघन करने पर यूट्यूब को ₹400 करोड़ तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। यह कदम उन चिंताओं के बाद आया है जिसमें दावा है कि यूट्यूब का एल्गोरिदम बच्चों को अश्लील, हिंसक व ट्रॉमा-जनित कंटेंट की लत लगाता है।

सरकार की रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि 10-12 साल के 68% ऑस्ट्रेलियाई बच्चे नियमित रूप से यूट्यूब देख रहे हैं। उनमें तेजी से 'डोपामाइन-साइकल' बनने लगी है। इस साइकल में बच्चे लगातार उकसाने वाले शॉर्ट्स व वीडियो देखना चाहते हैं, जिससे उनकी सोच, पढ़ाई और नींद पर बुरा असर पड़ता है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही बच्चों के लिए टिकटॉक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट व फेसबुक बैन कर चुका है। पर यूट्यूब को छूट दे रखी थी।

**बच्चों पर पूर्ण सोशल मीडिया बैन वाला इकलौता देश**





अल्बनीज

ऑस्ट्रेलिया एकलौता देश है जहां 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगेगा। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बच्चों को सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसलिए इस पर विराम लगाना जरूरी है। प्लेटफॉर्म्स की भी सामाजिक जिम्मेदारी है। अल्बनीज ने जोर देकर कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस लड़ाई में माता-पिता के साथ है।

**बच्चों को डिजिटल लत कैसे लगाता है इसका एल्गोरिदम**

ऑस्ट्रेलिया के डिजिटल रेगुलेटर ने पाया कि यूट्यूब का एल्गोरिदम बच्चों को बार-बार वही कंटेंट दिखाता है जो उन्हें ज्यादा उकसाता है। जैसे खतरनाक स्टंट, हिंसा, डरावने सीन, अश्लील टोन वाले वीडियो। इससे बच्चों के ब्रेन में डोपामाइन हार्मोन रिलीज होता है, जिससे वे दोबारा वैसा ही कंटेंट खोजते हैं। यह साइकल इतना तेज होता है कि बच्चों को पढ़ाई, खेल या सोने में मन नहीं लगता। आरोप है कि यूट्यूब में कंटेंट का चुनाव बच्चों की मर्जी से नहीं बल्कि एल्गोरिदम से हो रहा है।

**बच्चों का सोशल मीडिया बैन: बाकी देशों में स्थिति?**

▪ **इटली:** 14 वर्ष से कम उम्र है तो सोशल मीडिया अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की सहमति जरूरी।
▪ **फ्रांस:** 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पैरेंट्स की अनुमति अनिवार्य।
▪ **नॉर्वे:** सोशल मीडिया इस्तेमाल की उम्र सीमा 13 से बढ़ाकर 15 वर्ष तय करने की योजना; अभी प्रक्रियाधीन।
▪ **जर्मनी:** 16 वर्ष तक के बच्चों को पैरेंट्स की अनुमति अनिवार्य होती है।
▪ **ब्रिटेन:** कंपनियों को आयु सत्यापन व उच्च सुरक्षा मानक लागू करने होते हैं; पूरी तरह से प्रतिबंध लागू नहीं।

### उदयपुर फाइल्स: हाई कोर्ट ने पूछा- क्या केंद्र के पास कट का अधिकार

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या उसके पास 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म में छह कट लगाने का आदेश देने का अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि सरकार को अपनी शक्तियों का इस्तेमाल सिनेमैटोग्राफ एक्ट की सीमाओं के भीतर रहकर ही करना होगा। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच को बताया गया था कि केंद्र ने फिल्म को दोबारा प्रमाणित करते हुए छह कट और एक डिस्क्लेमर जोड़ने को कहा है। इसके आधार पर फिल्म को दोबारा सर्टिफिकेट मिल चुका है, लेकिन मामला कोर्ट में लंबित होने के कारण यह प्रोड्यूसर्स को जारी नहीं किया गया है। मामले में सुनवाई 1 अगस्त को जारी रहेगी।

**पाक बेनकाब** • लश्कर से सीधा संबंध बताया

# यूएन की रिपोर्ट; पहलगाम हमले में टीआरएफ शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मॉनिटरिंग टीम की रिपोर्ट में पहली बार द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का नाम लिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में टीआरएफ शामिल था और इसका सीधा संबंध लश्कर-ए-तैयबा से है। रिपोर्ट में एक सदस्य देश के हवाले से कहा गया है कि यह हमला लश्कर की मदद के बिना संभव नहीं था।

यूएनएससी की 1267 सैंक्शन कमेटी के लिए तैयार इस रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का फायदा आतंकी संगठन उठा सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान टीआरएफ जैसे नामों से अपने आतंकी संगठनों को स्थानीय रूप देने की कोशिश करता है, ताकि लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों से ध्यान हटाया जा सके। लेकिन अब यह रणनीति बेनकाब हो गई है।

### एलओसी के पास घुसपैठ नाकाम, 2 आतंकी ढेर

जम्मू | जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। आतंकियों के पास से 3 हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। तीन दिनों में सेना का यह दूसरा एनकाउंटर है।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
क्विज - 88
आज अखबार में चांदी के कितने सिक्के छपे हैं?
A:7 B:10 C:5
क्विज 86 का सही जवाब B है।
विजेताओं के नाम अंदर के पेज पर देखें।
आज के सवाल का जवाब देने के लिए QR कोड स्कैन करें।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

नई दिल्ली, गुरुवार 31 जुलाई, 2025 | श्रावण शुक्ल पक्ष-सप्तमी, 2082

12 राज्य | 61 संस्करण

**आज का दिन**
**शहीद उधम सिंह को फांसी**
1940. उधम सिंह को लंदन की जेल में फांसी दी गई। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए माइकल ओ'डायर की हत्या की थी।

**8.8 के भूकंप से थर्राई धरती**

### प्रशांत महासागर में 14 साल का सबसे शक्तिशाली भूकंप, सुनामी की चेतावनी

# रूस में भूकंप, अमेरिका तक ऊंची लहरें

भास्कर न्यूज़ | टोक्यो

रूस का दूरस्थ कामचत्स्की प्रायद्वीप बुधवार सुबह 14 साल के सबसे शक्तिशाली 8.8 तीव्रता के भूकंप से थर्रा उठा। इससे प्रशांत महासागर में सुनामी की लहरें उठीं और जापान, अमेरिका के हवाई, कैलिफोर्निया व चीन समेत 50 से अधिक देश-शहर सहम गए। इसके बाद तमाम देशों ने सुनामी की चेतावनी जारी की। हालांकि देर शाम जापान, रूस के द्वीपों ने चेतावनी वापस ले ली। दक्षिण अमेरिका के प्रशांत तट, चिली और कोलंबिया में सुनामी की आशंका बनी हुई है। इसके चलते घरों को खाली कराया गया है। रूस के कुरील द्वीप में सबसे ऊंची 16 फीट तक लहरें उठीं। भूकंप का भारत पर कोई असर नहीं है।

भूकंप-सुनामी से कहीं भी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। जापान में एक व्यक्ति की मौत हुई है। कुछ लोग घायल हैं। कामचत्स्की में इससे पहले वर्ष 1952 में 9 तीव्रता का भूकंप आया था। वहीं, इस महीने के शुरू में 7.4 तीव्रता के पांच भूकंप भी दर्ज हुए थे। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, बुधवार को आए भूकंप का केंद्र पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से 144 किमी पूर्व में 20.7 किमी की गहराई में था। यहां की आबादी 1.80 लाख है। बड़े भूकंप के बाद 6.9 तीव्रता के कई झटके महसूस हुए। - शेष पेज 10

**जापान में 10 फीट ऊंची लहरें, एक व्यक्ति की मौत**



जापान के पूर्वी तट पर 10 फीट ऊंची सुनामी लहरें उठीं। इसने 2011 में आई सुनामी की याद ताजा कर दी, तब यहां परमाणु रिएक्टर तक तबाह हो गए थे।




**किस देश में कैसी चेतावनी**
- सुनामी की चेतावनी
- सुनामी को लेकर एडवायजरी
- सुनामी पर निगाह रखने के निर्देश
- सुनामी का खतरा हो सकता है

**रिंग ऑफ फायर: 90% भूकंप यहीं**
बुधवार को जहां भूकंप आया, वह हिस्सा प्रशांत महासागर में रिंग ऑफ फायर कहलाता है। इसमें अमेरिका-कनाडा के पश्चिम, दक्षिण में चिली और रूस से इंडोनेशिया तक यू शेप इलाका बनता है। यह 40,000 किमी लंबा है। दुनिया के 90% भूकंप इसी रिंग में आते हैं। यहां टेक्टोनिक प्लेटों की हलचल अधिक है।

### सुनामी क्याः जेट की गति से समुद्र को पार करती है

सुनामी जापानी शब्द है। इसका अर्थ है समुद्र तट पर आने वाली लहरें। ज्वार-भाटा यानी सामान्य लहरें सूर्य-चंद्रमा व ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण से आती हैं। वहीं सुनामी भूगर्भीय हलचलों से आती हैं। समुद्र को जेट विमान की रफ्तार से पार करती है। तटीय इलाकों में बाढ़ लाकर विनाश करती हैं।

### ये दुनिया का छठा सबसे शक्तिशाली भूकंप था

1. तीव्रता 9.5, चिली में। 22 मई 1960 को 1655 लोग मारे गए।
2. तीव्रता 9.2, अलास्का में। 27 मार्च 1964 को 128 मारे गए।
3. तीव्रता 9.1, सुमात्रा में। 26 दिसं. 2004 को। भारत में सुनामी आई।
4. तीव्रता 9.1, जापान में। 11 मार्च 2011 को 1.30 लाख मारे गए।
5. तीव्रता 9.0, रूस के कामचत्स्की द्वीप में। 4 नवंबर 1952 को आया।

### कर्नाटक • गुजरात एटीएस की कार्रवाई

# अलकायदा का प्रोपेगेंडा फैलाने वाली शमा अरेस्ट

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद/बेंगलुरु

गुजरात आतंकरोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़े संगठन (एक्यूआईएस) के लिए काम करने वाली 30 वर्षीया शमा परवीन शम्सुल अंसारी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। शमा को देश विरोधी और जिहादी कंटेंट फैलाने के आरोप में बेंगलुरु के आरटी नगर से गिरफ्तार किया गया। वह पाकिस्तान के कुछ लोगों के संपर्क में थी। साथ ही, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक्यूआईएस और कट्टरपंथी मौलवियों के वीडियो साझा करती थी।



एटीएस ने बताया, एक्यूआईएस का कंटेंट फैलाने वाले चार युवकों को 22 जुलाई को दिल्ली, नोएडा, अहमदाबाद और मोडासा से पकड़ा गया था। इन्हीं में से एक की जांच के दौरान पता चला कि उसे कट्टरपंथी वीडियो बेंगलुरु की शमा के सोशल मीडिया अकाउंट्स से मिलते हैं।

**झारखंड की रहने वाली, बीकॉम तक पढ़ाई की**
एटीएस के मुताबिक शमा ने सोशल मीडिया पर एक्यूआईएस सरगना मौलाना असीम उमर, अल कायदा के इमाम अनवर अवलाकी और लाहौर की लाल मस्जिद के मौलाना अब्दुल अजीज के वीडियो शेयर किए थे। इनमें भारत में हिंसा भड़काने, मुस्लिम युवाओं को भड़काने और धर्म के नाम पर विद्वेष फैलाने की अपील थी। शमा झारखंड की रहने वाली है। बीकॉम तक पढ़ी शमा बेंगलुरु में भाई और मां के साथ रहती है। भाई आईटी कंपनी में है। एटीएस ने बताया कि परिवार को उसकी गतिविधियों की जानकारी नहीं थी।

इसके बाद एटीएस की टेक्निकल टीम ने शमा की तलाश शुरू की। एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि शमा ने सोशल मीडिया पर जिहादी भाषणों, 'गजवा ए हिंद', भारत सरकार के खिलाफ हथियारबंद संघर्ष और शरिया लागू करने जैसे उकसावे वाले वीडियो शेयर किए।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम किसान योजनाः 2 अगस्त को 20वीं किस्त

वाराणसी | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इस बार 9.7 करोड़ किसानों के खातों में करीब 20,500 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। योजना के तहत अब तक 3.69 लाख करोड़ रु. सीधे भेजे जा चुके हैं। यह योजना 2019 में शुरू हुई थी।

### भारतीय मूल के निखिल बने एयर न्यूज़ीलैंड के सीईओ

वेलिंगटन | भारतीय मूल के निखिल रविशंकर को एयर न्यूजीलैंड का सीईओ नियुक्त किया गया है। वे 20 अक्टूबर को यह पदभार संभालेंगे। वर्तमान सीईओ ग्रेग फोरान मार्च में इस्तीफे का ऐलान कर चुके हैं। निखिल वर्तमान में एयरलाइन के चीफ डिजिटल ऑफिसर हैं।



### देश में टीबी की पहचान अब स्मार्टफोन से हो सकेगी

गुवाहाटी | देश में टीबी की पहचान अब स्मार्टफोन से हो सकेगी। असम में तेजपुर यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों ने पोर्टेबल डिवाइस तैयार की है। यह डिवाइस 25 हजार रु. से कम कीमत में तैयार हुई है और इसका वजन 300 ग्राम से भी कम है। ऐसे में दूरदराज के इलाकों में यह डिवाइस काफी मददगार साबित हो सकता है।

## नोक-झोंक



**5 साल में देश में साइबर फ्रॉड के मामले 900% बढ़े**
• पढ़ें देश-विदेश पेज

### कांग्रेस सांसद ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया

# दिल्ली में झुग्गियों पर बुलडोजर का मामला संसद में भी गरमाया, विपक्ष चर्चा पर अड़ा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

**भाजपा ने 5 माह में 3 हजार झुग्गियां उजाड़ीं: देवेंद्र यादव**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली की सत्ता में आने के बाद 5 महीनों में 3 हजार झुग्गी-झोपड़ियों को उजाड़कर 15 हजार लोगों को बेघर कर दिया है। राहुल गांधी ने इन झुग्गी वालों की हर संभव मदद करने आश्वासन दिया है।

दिल्ली में जगह-जगह झुग्गियों पर चल रहे बुलडोजर का मामला बुधवार को संसद में भी गरमा गया। बुलडोजर अभियान को लेकर विपक्ष ने भाजपा पर जमकर हमला किया। संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने दिल्ली में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ अभियान के मामले पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने 25 जुलाई को जेलर वाला बाग में डिमोलिशन वाली जगह पर पहुंचकर पीड़ितों से बात की थी और उनके परेशानी को समझा था। इसके बाद से माना जा रहा था कि झुग्गियों पर बुलडोजर की राजनीति केंद्र तक पहुंच सकती है। कांग्रेस बुधवार को संसद में जेलरवाला बाग सहित कई जगहों पर चलाए गए बुलडोजर के मुद्दे पर लगातार सत्ता पक्ष के सामने चर्चा के लिए अड़ी रही। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने डिमोलिशन पर चर्चा की मांग की थी। टैगोर तमिलनाडु से सांसद हैं, लेकिन लगातार देश के बड़े मुद्दे संसद में उठाते रहे हैं। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल को पत्र लिखकर बुलडोजर की कार्रवाई रोकने की मांग की।

### लैंड फॉर जॉब में निचली कोर्ट की सुनवाई पर रोक नहीं

पटना | सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ 'लैंड फॉर जॉब' मामले में निचली अदालत द्वारा आरोप तय करने पर चल रही सुनवाई को स्थगित करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड मुदित गुप्ता के माध्यम से दायर यादव के आवेदन का निपटारा कर दिया, जिसमें उन्होंने निचली अदालत की कार्यवाही को 12 अगस्त तक स्थगित करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने टिप्पणी की कि निचली अदालत द्वारा आरोप तय करना हाईकोर्ट में लंबित याचिका के फैसले पर निर्भर करेगा।



### सुप्रीम सुनवाई • जज के बंगले में अधजले नोट मिलने का मामला

# जस्टिस वर्मा को सुप्रीम कोर्ट की दो-टूक आपका आचरण भरोसे के लायक नहीं है

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट के तत्कालीन जज जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी बंगले पर अधजले नोटों की बोरियां मिलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली। बुधवार को कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से कहा, आपका आचरण भरोसे लायक नहीं लगता। कोर्ट ने पूछा कि जब उन्हें बंगले में नकदी मिलने के मामले में इन-हाउस कमेटी ने दोषी ठहरा दिया तो सुप्रीम कोर्ट क्यों आए? जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस वर्मा ने इन-हाउस कमेटी की जांच रिपोर्ट को चुनौती दी है।



बेंच ने कहा कि 1999 में लागू हुई इन-हाउस प्रक्रिया के तहत सीजेआई सिर्फ डाकघर नहीं हो सकते। वे न्यायपालिका प्रमुख के तौर पर देश के प्रति जिम्मेदार हैं। अगर उनके पास किसी जज से जुड़ी शिकायत और प्रमाण आता है तो उनका काम सिर्फ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सूचना देना भर नहीं हो सकता। अगर उनके सामने पेश सामग्री इतनी गंभीर हो कि उस पर कार्रवाई जरूरी हो तो सीजेआई को अधिकार है कि वह अदालत के पहले के फैसलों की पुष्टि करते हुए कार्रवाई की सिफारिश कर सकें।

इससे पहले, जस्टिस वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने संविधान के अनुच्छेद 124 और 218 का हवाला देते हुए कहा कि जजों को हटाने की प्रक्रिया संविधान में स्पष्ट है। इन-हाउस जांच सिर्फ प्रशासनिक प्रक्रिया है। - शेष पेज 10 पर

### बांके बिहारी कॉरिडोर • एक ही पीठ करेगी सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट की सेवादारों को फटकार- चालबाजियां बंद करो

भास्कर न्यूज़ | मथुरा

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर और कॉरिडोर विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को याचिकाकर्ता यानी मंदिर की देखरेख कर रहे गोस्वामी परिवारों (सेवादारों) को फटकार लगाई। कोर्ट ने साफ कहा कि चालबाजियां बंद करो, दोबारा गेम खेलने की कोशिश मत करो। कोर्ट ने आदेश दिया कि मंदिर प्रबंधन और वृंदावन कॉरिडोर से जुड़ी सभी याचिकाओं की सुनवाई अब एक ही पीठ करेगी।

बुधवार को प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और के. विनोद चंद्रन की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। गोस्वामी पक्ष के वकील संकल्प गोस्वामी ने पुराने मुद्दे दोबारा उठाने की कोशिश की तो कोर्ट ने सख्ती दिखाई। कहा गया कि कल ही आपने यह मामला दूसरी पीठ के सामने रखा था, अब इसे दोहराया तो अवमानना की कार्रवाई होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन अध्यादेश से जुड़े सभी केस एक ही बेंच देखेगी।



इससे पहले 29 जुलाई को सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्य बागची की बेंच ने पूछा था कि राज्य सरकार अब तक कितने मंदिरों को अपने नियंत्रण में ले चुकी है। बता दें कि कॉरिडोर प्रोजेक्ट में 300 दुकानें और 100 से ज्यादा मकान आ रहे हैं। करीब 5 एकड़ जमीन अधिग्रहित होनी है। विरोध में लोग सीएम को खून से चिट्ठी तक लिख चुके हैं।

# अमृतसर के करीब टायर फटने से टैंकर ने कार को 200 मी. घसीटा, दिल्ली के पिता-पुत्र जिंदा जले



अमृतसर | जंडियाला गुरु में दाना मंडी के पास फ्लाईओवर पर पेट्रोल टैंकर की टक्कर बाद लगी आग से कार सवार 2 लोग जिंदा जल गए। हादसा बुधवार शाम साढ़े 4 बजे हुआ। मृतकों की पहचान दिल्ली के संदीप ढींगरा व उनके पिता बाल कृष्ण ढींगरा के रूप में हुई है। वह अमृतसर से रिश्तेदार की रस्म क्रिया में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, अचानक टायर फटने से बेकाबू हुआ पेट्रोल टैंकर डिवाइडर पार कर सामने से आ रही कार को टक्कर मारते हुए रेलिंग तक 200 मीटर घसीटता ले गया, जिस कारण कार में तेल लीकेज से आग लग गई। टक्कर से कार रेलिंग में फंस गई और गाड़ी में बैठे पिता-पुत्र बाहर नहीं निकल पाए, जिससे उनकी जिंदा जलने से मौत हो गई। हादसे की शिकार कार का नंबर डीएल 14 सीजी 1511 है।

### पाकिस्तान चैम्पियंस को वॉकओवर, फाइनल में पहुंचा

# डब्ल्यूसीएलः सेमीफाइनल में भारत का पाकिस्तान से खेलने से इनकार

एजेंसी | बर्मिंघम

क्रिकेट के वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लेजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के सेमीफाइनल में भारत चैम्पियंस ने पाकिस्तान चैम्पियंस के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया। यह मुकाबला गुरुवार को बर्मिंघम में होना था। भारत के इनकार के बाद पाकिस्तान चैम्पियंस को वॉकओवर मिला और अब वह फाइनल में पहुंच गया है। फाइनल में उसका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया चैम्पियंस और साउथ अफ्रीका चैम्पियंस के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

भारत चैम्पियंस की टीम में युवराज सिंह, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, पीयूष चावला, यूसुफ पठान और रॉबिन उथप्पा जैसे पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। इस टीम ने ग्रुप स्टेज में भी पाकिस्तान चैम्पियंस के खिलाफ 20 जुलाई को होने वाला मैच खेलने से इनकार कर दिया था। उस समय दोनों टीमों को बराबर अंक दिए गए थे।

### एशिया के बाद विश्व चैम्पियन बने हरियाणा के हरदीप

पानीपत | बहादुरगढ़ के भामडोली गांव के हरदीप अंडर-17 विश्व चैंपियन बने हैं। वे ग्रीको रोमन में 110 किलोग्राम भारवर्ग में चैंपियन बनने वाले पहले और कुल चौथे भारतीय पहलवान हैं। उन्होंने ग्रीस के एथेंस में फाइनल मुकाबले में ईरान के यजदान डेररौज को 3-3 से पराजित किया। हरदीप शुरू में 3-0 से पीछे चल रहे। अंतिम समय में तीन अंक जुटाकर विजेता बने। इससे पहले हरदीप ने तुर्की के एमरुल्लाह कैपकन को 4-2 से पटखनी देकर फाइनल में जगह बनाई थी। यह हरदीप का लगातार दूसरे स्वर्ण पदक है।



दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
चांदी का कूपन 82
इस कूपन को काटकर फॉर्मेट में चिपकाएं।

**भास्कर खास**

### बार्बी डॉल के पहले गैर अमेरिकी डिजाइनर मारियो पाग्लिनो- जियानी ग्रॉसी का कार दुर्घटना में निधन

# 'बार्बी दुखी है'... उसे फैशन आइकन बनाने वाले दुनिया से चले गए...

भास्कर न्यूज़ | मिलान

### मैजिक... बार्बी की दुनिया में खुशी व कलात्मकता यही लाए, कहते थे-जिंदगी में जादू तभी होता है जब दिल से बनाते हैं

गुड़िया यानी बार्बी डॉल.... बच्चियों के बचपन का अहम हिस्सा बन चुकी 'बार्बी दुखी है।' उसके डिजाइनर्स में शामिल मारियो पाग्लिनो (52) और जियानी ग्रॉसी (55) का इटली में कार दुर्घटना में रविवार को निधन हो गया। बुधवार को डॉल बनाने वाली कंपनी मैटल ने शोक संदेश जारी कर यह जानकारी दी। लिखा- मारियो व जियानी ने सिर्फ डॉल्स नहीं बनाईं, बल्कि उन्होंने उन्हें जीवित कर दिया। वे अपनी सेलिब्रिटी डॉल्स के लिए जाने जाते थे। चेर, लेडी गागा, सारा जेसिका पार्कर व सोफिया लॉरेन जैसी हस्तियों की बार्बी के रूप में कल्पना इस जोड़ी के बिना संभव नहीं थी। इन्होंने बार्बी को सिर्फ खिलौना नहीं, बल्कि कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। उन्होंने दिखाया कि डॉल भी कितनी विस्तृत व व्यक्तिगत हो सकती है, जिससे प्रशंसकों के लिए बार्बी का अनुभव और समृद्ध हो गया। पढ़िए, बार्बी के साथ दोनों का यादगार सफर...

बार्बी को आकार भले ही रुथ हैंडलर ने दिया था पर उसे फैशन आइकन बनाने में अहम भूमिका बार्बी के पहले गैर अमेरिकी डिजाइनर मारियो और जियानी ने निभाई। वे दोनों चर्चित इटैलियन डिजाइनर होने के साथ पार्टनर भी थे। दोनों की कंपनी 'मेगिया 2000' कस्टम डॉल्स में विशेषज्ञता रखती थी। वे अपनी प्रेरणा को कला, फैशन, पॉप संस्कृति व ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के संगम से पाते थे। वे इन हस्तियों के सिग्नेचर स्टाइल और व्यक्तित्व को बार्बी के रूप में जीवंत करते थे।

डिजाइनर जोड़ी सबसे ज्यादा चर्चा में तब आई जब उन्होंने गायिका मैडोना को समर्पित बार्बी डॉल बनाई। 2009 में लंदन के 'सिंपली मैडोना' प्रदर्शनी का हिस्सा बनने के बाद, दोनों गायिका से व्यक्तिगत रूप से मिले थे। इसी जुनून के चलते उन्होंने बार्बी को विश्व प्रसिद्ध कलाकारों जैसे विन्सेंट वैन गॉग, फ्रीडा काहलो, गुस्ताव क्लिम्ट, और पिएट मॉन्ड्रियन के चित्रों से प्रेरित डिजाइनों के साथ प्रस्तुत किया। उनकी वैन गॉग की 'सनफ्लॉवर' और फ्रीडा काहलो की 'द टू फ्रीडास' से प्रेरित गुड़िया कला और फैशन का अनूठा मिश्रण थीं। उनकी गुड़िया वोग, एल और वैनिटी फेयर जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में छपीं, जिसने बार्बी को हाई फैशन की दुनिया में पहुंचाया। बार्बी की दुनिया में खुशी व कलात्मकता भी ये ही लेकर आए।



जियानी ग्रॉसी (बाएं) व मारियो पाग्लिनो

एक बार इन्होंने अपने ब्रांड नेम के पीछे की कहानी साझा की। उन्होंने बताया मेगिया 2000 का मतलब इतालवी में 'जादू' है, और यह हमारे नामों का एनाग्राम है- MA-rio और GIA-nni। हमने इसे एक खेल की तरह बनाया, और यह हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गया। उन्होंने एक युवा प्रशंसक को कस्टम बार्बी बनाने की प्रक्रिया दिखाई। वे घंटों तक उस बच्चे के साथ बैठे, उसे स्केचिंग व सिलाई की बारीकियां समझाईं, और कहा, 'जिंदगी में जादू तभी होता है जब तुम दिल से कुछ बनाते हो।'

एक डॉल कलेक्टर ने इनसे जुड़ा किस्सा साझा किया। दोनों ने खास ऑर्डर के लिए महीनों तक काम किया, ताकि प्रशंसक की पसंदीदा पॉप स्टार की सटीक प्रतिकृति बना सकें। उन्होंने प्रशंसक के साथ कई बार बातचीत की, ताकि हर विवरण सही हो। उनकी टीम के सदस्यों के मुताबिक वे रनवे फैशन, हाई-एंड डिजाइनर कलेक्शन और फोटो को देखकर प्रेरणा लेते थे। इसे वे बार्बी के छोटे स्केल पर लागू करते थे।

इटैलियन डॉल कन्वेंशन जैसे आयोजनों और कलेक्टर्स के साथ बातचीत से उन्हें यह समझने में मदद मिली कि प्रशंसक क्या चाहते हैं। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया और उनके जुनून ने उन्हें नई थीम और कॉन्सेप्ट के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। बार्बी के फैशन की चर्चा इन दोनों बिना अधूरी है।

### दिल्ली-एनसीआर में 47 जगहों पर छापे

# बड़ी कार्रवाई, बिल्डर्स-बैंकों के खिलाफ 22 केस दर्ज

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर में बिल्डर्स और बैंकों की मिलीभगत की जांच के लिए 22 एफआईआर दर्ज की हैं। यह कार्रवाई उन बिल्डर्स और वित्तीय संस्थानों के खिलाफ की गई है, जिन्होंने होमबायर्स को चूना लगाने के लिए 'सबवेंशन स्कीम'' का गलत इस्तेमाल किया। सीबीआई ने दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद समेत 47 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान कई अहम दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किए गए हैं।

**इन कंपनियों पर केसः** सीबीआई ने जेपी स्पोर्ट्स इंटरनेशनल, जयप्रकाश एसोसिएट्स, अजनारा इंडिया, वाटिका लिमिटेड, जेपी इन्फ्राटेक, सुपरटेक और आइडिया बिल्डर्स समेत कई बिल्डर्स के खिलाफ अलग-अलग केस दर्ज किए हैं। - शेष पेज 10 पर

**क्या है सबवेंशन स्कीम**
इस स्कीम के तहत होमबायर्स को लोन मंजूर होने के बाद रकम सीधे बिल्डर्स को दी जाती थी। बिल्डर्स की जिम्मेदारी होती थी कि फ्लैट की पजेशन मिलने तक EMI वे खुद भरें। लेकिन कई बिल्डर्स ने EMI देना बंद कर दिया और बैंकों ने होमबायर्स से वसूली शुरू कर दी।

### नए कलेक्टर रेट के बाद फरीदाबाद में जमीन खरीदना हो जाएगा महंगा

# सर्कल रेट 30 फीसदी तक बढ़े, दिल्ली से सटे आशियाने के लिए स्टांप ड्यूटी ज्यादा लगेगी

### ग्रेटर फरीदाबाद में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी प्रस्तावित

भास्कर न्यूज़.फरीदाबाद

जिले में वर्ष 2025-26 के लिए भूमि के कलेक्टर रेट की निर्धारण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रस्तावित कलेक्टर रेट की तहसीलवार सूची जिला प्रशासन ने आधिकारिक पोर्टल faridabad.nic.in पर अपलोड कर दी है, जिससे लोग इन दरों को देख अपनी राय दे सकें। डीसी विक्रम सिंह के अनुसार जिलावासियों को इन प्रस्तावित रेटों को लेकर अपनी आपत्ति व सुझाव देने का अवसर दिया गया है। 31 जुलाई 2025 तक अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। जिलावासी भूमि से संबंधित अपने सुझाव समय पर दें, जिससे नए कलेक्टर रेट ज्यादा पारदर्शिता और न्यायसंगत प्रक्रिया के तहत तय किए जा सकें। जिला राजस्व अधिकारी विकास ने बताया कि नागरिक अपनी आपत्तियां या सुझाव संबंधित तहसील, उपतहसील कार्यालयों में जमा कर सकते हैं। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित लघु सचिवालय की पहली मंजिल के कक्ष संख्या 102 में भी आवेदन दिए जा सकते हैं। आपत्तियां व सुझाव के लिए 31 जुलाई की दोपहर एक बजे तक समय सीमा निर्धारित की गई है। जिलावासी ईमेल के माध्यम से भी आपत्ति व सुझाव भेज सकते हैं। इसके लिए drofbd@hry.nic.in पर पर आपत्ति या सुझाव दिए जा सकते हैं।

इस साल सर्कल रेट में 10 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्रस्तावित है। हालांकि साल 2024 के मुकाबले देखा जाए तो यह बढ़ोतरी कम है। क्योंकि साल 2023 में सरकार ने सर्कल रेट में 50 से 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। शहर के पॉश सेक्टर और कालोनियों के सर्कल रेट में 15 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्रस्तावित है। वहीं जो लोग औद्योगिक नगरी में रहकर भी दिल्ली के पास अपना आशियाना बनाना चाहते हैं, उनको 30 प्रतिशत तक अधिक सर्कल रेट पर स्टांप ड्यूटी चुकानी पड़ सकती है।



नहर पार ग्रेटर फरीदाबाद की जमीन पर 20 प्रतिशत तक रेट बढ़ाए गए हैं। ग्रेटर फरीदाबाद में करीब 50 से अधिक सोसायटी में पांच लाख से अधिक लोग रहते हैं। इस नए शहर में लोगों के साथ-साथ निवेशकों का रुझान भी तेजी से बढ़ा है। ऐसे में सरकार भी ग्रेटर फरीदाबाद के विकास को लेकर गंभीर है। आने वाले समय में मंझावली पुल, एफएनजी (फरीदाबाद नोएडा गाजियाबाद एक्सप्रेसवे) सहित कई अन्य प्रोजेक्ट तैयार होने वाले हैं। इसलिए एक बड़ी आबादी यहां की तरफ रुख कर रही है। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित अमीपुर गांव में कृषि जमीन पर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कृषि जमीन जो पहले 50 लाख रुपए एकड़ थी। उसका सर्कल रेट बढ़कर 55 लाख रुपए प्रस्तावित है। रिहायशी क्षेत्र में जो रेट पहले 7000 रुपए वर्ग गज था, वह बढ़कर 7700 रुपए वर्ग गज हो सकता है। जबकि वाणिज्यिक का रेट जो पहले 15000 रुपए वर्ग गज था, वह 16500 रुपए प्रस्तावित है। इसी तरह कबूलपुर खादर में कृषि जमीन प्रति एकड़ 69 लाख रुपए थी, अब अब 7935000 रुपए प्रस्तावित है। इसमें 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जबकि रिहायशी और व्यावसायिक में 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है।

**दिल्ली से सटे एरिया में 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी** दिल्ली से सटी जमीन पर 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। अशोका एन्क्लेव में व्यावसायिक जमीन पहले 70 हजार रुपए गज थी। जो बढ़कर 77 हजार रुपए होना प्रस्तावित है। इसमें 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही डीएलएफ क्षेत्र में पहले 18 हजार रुपए वर्ग गज जमीन थी। जिसका सर्कल रेट बढ़कर अब 21,600 कर दिया गया। इसमें 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह दिल्ली से सटे क्षेत्र में 30 प्रतिशत तक रेट बढ़ाए गए हैं। बड़खल में अधिकतर जगह 20 प्रतिशत तक बढ़े रेटः बड़खल तहसील में 20 प्रतिशत तक रेट की बढ़ोतरी की गई है। व्यावसायिक प्लाट में सेक्टर 14, 17, 18, 19 में 10 से 15 से 20 फीसदी कलेक्टर रेट बढ़ाए गए है। जबकि एनआईटी विधानसभा व बल्लभगढ़ में भी सर्कल रेट में 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

## मकान की पहली मंजिल पर आग से मची अफरातफरी

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

तिखा कालोनी में एक तीन मंजिला मकान की पहली मंजिल पर बुधवार दोपहर आग लग गई। इससे अफरातफरी मच गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची दमकल गाड़ी और पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार तिखा कॉलोनी की गली नंबर 6 में देवेंद्र का तीन मंजिल मकान है। इसके पहले और दूसरे फ्लोर पर किराएदार रहते हैं। जबकि भूतल पर देवेंद्र का परिवार रहता है। बुधवार दोपहर अचानक मकान की पहली मंजिल पर रहने वाले किराएदार के मकान में आग लग गई। इससे आसपास रह रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने शोर मचाते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन देखते ही देखते आग बेकाबू होने के बाद डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस के साथ एक दमकल गाड़ी पहुंच गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार आशंका है कि मकान में आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी होगी।

## पांच लाख की रंगदारी मांगने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद



आर्यनगर बल्लभगढ़ में एक व्यक्ति के दरवाजे पर जाकर गाड़ी पर फायरिंग कर पांच लाख की रंगदारी मांगने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम देवेंद्र, बंटी, मोनू नागर व उदय हैं। पुलिस ने इन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से चारों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार आर्य नगर बल्लभगढ़ निवासी मयंक ने अग्रसेन चौकी में दी शिकायत में कहाकि 27 जुलाई की रात वह गाड़ी से घर आए। गाड़ी को गेट पर खड़ा कर अंदर चले गए। कुछ देर बाद घर के बाहर से गोली चलने की आवाज आई। जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो गाड़ी के शीशे में गोली लगी थी। कुछ देर बाद उनके भाई के व्हॉट्सएप पर कालोनी के ही रहने वाले देवेंद्र उर्फ कालू ने 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का मैसेज आया। मैसेज में पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद उन्होंने थाना शहर बल्लभगढ़ में केस दर्ज कराया। क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने कार्रवाई करते हुए देवेंद्र (36), बंटी (28), मोनू (23) व उदय (20) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि 27 जुलाई की रात चारों आरोपी फ्रॉक्स गाड़ी में सवार होकर शिकायतकर्ता के घर के बाहर गए तथा उसकी गाड़ी पर आरोपी बंटी ने फायर किया था। देवेंद्र ने असलहा उपलब्ध कराया था। मोनू की फ्रॉक्स गाड़ी थी तथा उदय साथ देने के लिए वहां मौजूद था। वारदात के बाद चारों गाड़ी में बैठकर फरार हो गए थे। आरोपियों से फ्रॉक्स गाड़ी बरामद हुई है। आरोपी देवेंद्र का आपराधिक रिकार्ड है। वह फरवरी 2025 में जेल से बाहर आया है। अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

## बारिश से खादर में पांच सौ एकड़ में फसल बर्बाद, मुआवजा मांगा

भास्कर न्यूज़ | पलवल



जिले में कई दिन से हो रही बारिश के कारण खादर क्षेत्र में किसानों के खेतों में जलभराव होने से करीब पांच सौ एकड़ से अधिक में खड़ी फसल बर्बाद हो गई। किसानों ने सरकार से नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की है। उन्होंने बुधवार को जिला परिषद के सीओ जितेंद्र कुमार को डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें मौके का जायजा लेकर किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है।

खादर के बागपुर खुर्द गांव की सरपंच प्रतिनिधि कृष्णपाल गुड्डु भाटी ने किसानों के साथ डीसी के नाम दिए ज्ञापन में मांग की है कि अधिक बारिश के कारण पूरे गांव में पानी भर गया है। जिससे गांव के किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं। गांव के हालात इन दिनों बाढ़ जैसे हो गए है। सरपंच ने डीसी से मांग की है कि जल्द पानी की निकासी का प्रबंध किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने किसानों की खराब हुई फसलों की गिरदावरी कराकर उचित मुआवजा दिलाने की भी मांग की है, जिससे गरीब किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके।

## तिलपत बदमाशों ने मकान पर कई राउंड फायरिंग की

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

तिलपत गांव में मंगलवार देर रात कार व स्कूटी से आए पांच बदमाशों ने एक मकान पर कई राउंड फायरिंग की। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। भीड़ इकट्ठी होती देख बदमाश फरार हो गए। पल्ला थाना पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित ओम प्रकाश परिवार के साथ गांव तिलपत में रहते हैं। उन्होंने शिकायत में कहाकि मंगलवार रात खाने के बाद सभी सो रहे थे। देर रात घर के बाहर से अचानक धमाके की आवाज आई। इससे परिवार के सभी सदस्यों की आंख खुल गई। आसपास के लोग भी धमाके की आवाज सुन घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान देखा कि स्कूटी और कार से आए करीब पांच युवक गली में फायरिंग कर रहे थे। ये ओमप्रकाश के घर पर फायरिंग कर रहे थे। लोगों ने बदमाशों को देख शोर मचाया और डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बदमाश फरार हो गए। लोगों का कहना है कि आरोपियों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## रेलवे कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

भास्कर न्यूज़ | पलवल

यहां के स्टेशन के निकट एक रेलवे कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। उनके बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी के जांच अधिकारी बलराम के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति की पलवल रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके पास मिले कागजातों के आधार पर उसकी पहचान पलवल के कैलाश नगर निवासी कालीचरण के रूप में हुई। इसकी सूचना परिजनों को दी गई।

## ज्वैलर्स की दुकान का शटर काटकर चोरी का प्रयास

भास्कर न्यूज़ | पलवल

हथीन के सुभाष चौक स्थित सुनारों वाली गली में श्याम सोनी ज्वैलर्स की दुकान को बदमाशों ने गैस कटर से काटकर चोरी का प्रयास किया। परिवार के एक युवक ने घटना सीसीटीवी कैमरे में देखी तो शोर मचा दिया। दुकानदार व अन्य लोग पहुंचे तो चोर बाइक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ज्वैलर्स श्याम सोनी के अनुसार रात करीब पौने तीन बजे दो नकाबपोश युवक बाइक पर उनकी गली में पहुंचे। एक युवक गैस कटर से दुकान के शटर को काटने लगा, जबकि दूसरा युवक बाहर निगरानी करता रहा। शटर काटने के बाद एक युवक दुकान में घुसा और डिस्प्ले में रखे आभूषणों को बाहर निकालने लगा। इसी दौरान उनके परिवार का एक युवक लघुशंका के लिए उठा और मोबाइल पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की लाइव फुटेज देखने लगा तो वह फुटेज देखकर चौंक गया। उसने परिजनों को जगाया और शोर मचाया। परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए।

## जनसंख्या नियंत्रण की मांग पर प्रदर्शन, पीएम के नाम ज्ञापन




**पलवल** | अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन कर जनसंख्या नियंत्रण बिल लाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इसमें मांग की गई है कि सरकार देश की रक्षा सुरक्षा के लिए सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून लाए। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष सुरजीत सिंह, जिलाध्यक्ष सतीश कौशिक, राष्ट्रीय बजरंग दल के नगराध्यक्ष विक्रम सिंह, हीरालाल शर्मा, श्याम मोहन शर्मा, गगन पाठक, भगवत शरण, रमन शर्मा, लक्की, सोनू ठाकुर, ब्रह्म शर्मा, लक्ष्मण मंगला, कुलदीप सिंह, राजेन्द्र गर्ग, राजकुमार राणा, सूरज, ब्रजेश वसिष्ठ, मनोज वसिष्ठ, चमन शर्मा, प्रवीण चौधरी, शिवकुमार गर्ग व पवन शर्मा सहित काफी संख्या में दोनों संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद थे।



## गुरुग्राम में डेंगू का डंक, एक दिन में पांच मरीज मिले

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम गुरुग्राम में डेंगू के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। बुधवार को जिला में डेंगू के पांच मरीजों की पुष्टि होने के साथ ही कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 24 हो गई। जबकि अब तक मलेरिया के भी छह मरीज मिल चुके हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार लोगों को मच्छरजनित बीमारियों को लेकर लोगों को जागरुक करने के साथ-साथ लार्वा मिलने पर मकान मालिकों को नोटिस भी दे रहे हैं। इसके बावजूद भी डेंगू के मरीज लगातार बढ़ने लगे हैं। बुधवार को गुरुग्राम में डेंगू के संदिग्ध 56 मरीजों की डेंगू जांच के लिए सैंपल लिए गए थे, जबकि 4 संदिग्धों की रैपिड किट द्वारा जांच की गई। इसके अलावा सर्वे टीमों ने 7607 घरों की जांच की। एंटी लार्वा टीम को 153 घरों में लार्वा मिला जिसमें से 110 लोगों को नोटिस थमाया गया।

## रविवार व सोमवार को बंद रहेंगे गुरुग्राम मंडल के सभी डाकघर

गुरुग्राम | डाक विभाग में एपीटी एप्लिकेशन को अपडेट किया जा रहा है। अपग्रेडेड सिस्टम आगामी 4 अगस्त 2025 को गुरुग्राम डिवीजन के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपडेट करने के लिए आगामी रविवार 2 अगस्त व सोमवार 3 अगस्त, 2025 अवकाश रहेगा। ऐसे में उपभोक्ताओं के लिए डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। डेटा माइग्रेशन, सिस्टम वेरिफिकेशन व कॉन्फिग्रेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन करना अनिवार्य हो गया था। यह जानकारी डाक विभाग के गुरुग्राम मंडल के वरिष्ठ अधीक्षक ने यह जानकारी दी।

### कवायद • केवल टोकन ले चुके लोगों की जमीन की रजिस्ट्रियां की गईं, नए रेट से रजिस्ट्री की तैयारी

# डीएलएफ में 70% तक जमीनें हुईं महंगी, बजघेड़ा की कृषि भूमि के दाम 145% बढ़े

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम जिला में भी नए सर्कल रेट एक अगस्त से लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। सरकार की ओर से बुधवार को भी पुराने सर्कल रेट पर जमीन की रजिस्ट्रियां नहीं होने दी। केवल टोकन ले चुके लोगों की जमीन की रजिस्ट्रियां की गई हैं। वहीं नए सर्कल रेट के बदलाव की बात करें तो गुरुग्राम तहसील क्षेत्र में पहली बार अप्रत्याशित रूप से सर्कल रेट बढ़ाए गए हैं। हालांकि अन्य किसी भी तहसील क्षेत्र में जमीन के सर्कल रेट 30 फीसदी से अधिक नहीं बढ़े हैं। जबकि गुरुग्राम तहसील क्षेत्र में कृषि भूमि हो या फिर रिहायशी जमीन सभी सर्कल रेट में भारी वृद्धि की गई है। ऐसे में आम लोगों के घर का सपना पूरा होना आसान नहीं होगा। गुरुग्राम तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक बजघेड़ा गांव में कृषि भूमि के सर्कल रेट 145 फीसदी तक बढ़ाए गए हैं। पहले 20329000 प्रति एकड़ सर्कल रेट थे, अब बढ़ाकर पांच करोड़ प्रति एकड़ कर दिया गया। बजघेड़ा में रिहायशी जमीन

### सभी तहसीलों में कल से बढ़े हुए सर्कल रेट लागू किए जाएंगे



के सर्कल रेट 50 फीसदी तक बढ़ाए गए हैं। पहले जहां दो हजार रुपए था, वह अब बढ़ाकर तीन हजार रुपए प्रति वर्ग गज कर दिया है। इसी तरह बाबूपुर गांव में भी रिहायशी जमीन के सर्कल रेट 50 फीसदी तक बढ़ा गए हैं। जबकि डीएलएफ इंकलेव फेस-2 में रिहायशी जमीन का सर्कल रेट 70 फीसदी बढे। पहले 88100 रुपए प्रति वर्ग गज था रेट अब बढ़कर डेढ लाख रुपए प्रति वर्ग गज हुआ। जबकि कुतुब इंकलेव में व्यवसायिक जमीन के सर्कल रेट में मात्र एक फीसदी का बदलाव किया गया है। डूंडाहेड़ा में कृषि भूमि के सर्कल रेट 83 फीसदी बढ़ाए गए हैं। पहले जहां प्रति एकड़ सर्कल रेट 2.17 करोड़ रुपए था, वह अब बढ़ाकर चार करोड़ कर दिया गया। वहीं मोलाहेड़ा व शाहपुर गांव में भी रिहायशी जमीन के सर्कल रेट में 50 से 60 फीसदी बढ़ौतरी की गई है। जबकि व्यवसायिक जमीन के सर्कल रेट में 10 से 12 फीसदी बढ़ौतरी की गई है। वहीं सरहोल गांव में कृषि की चाही जमीन के सर्कल रेट 108 फीसदी तक बढ़ाए गए हैं। इसके अलावा सुशांत लोक के पॉश क्षेत्र में व्यवसायिक जमीन के सर्कल रेट 51 फीसदी बढ़े हैं।

सरकार द्वारा तय किए गए सर्कल रेट की अधिसूचना के मुताबिक, सोहना तहसील क्षेत्र में सर्कल रेट मात्र 5 फीसदी से 25 फीसदी तक बढ़ाए गए हैं। सोहना में कृषि भूमि, व्यवसायिक व रिहायशी जमीन के सर्कल रेट सामान्य दर से ही बढ़ाए गए हैं। मात्र कुछ ही ऐसे एरिया हैं, जहां सर्कल रेट में 25 फीसदी वृद्धि की गई है। इसी तरह बादशाहपुर तहसील क्षेत्र में भी सर्कल रेट में 10 से 20 फीसदी ही ज्यादातर बढ़ा गए हैं। जबकि फर्रुखनगर तहसील क्षेत्र में भी सर्कल रेट में 5 फीसदी से लेकर 30 फीसदी तक बीच वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह वजीराबाद तहसील क्षेत्र में भी 10 से 20 फीसदी तक सर्कल रेट बढ़े हैं। वहीं पटौदी क्षेत्र में भी सर्कल रेट में अधिकतर जमीन के सर्कल रेट में 10 से 20 फीसदी वृद्धि की गई है। यही हाल कादीपुर तहसील क्षेत्र का है, यहां पर भी 10 से 22 फीसदी तक सर्कल रेट में बढ़ौतरी की गई है।

## गुरुग्राम यूनिवर्सिटी पहुंचे शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों से किया संवाद



### नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का लिया जायजा

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी इम्प्लीमेंटेशन को लेकर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जहां उन्होंने विश्वविद्यालय में लागू की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक, हरियाणा मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू, कुलसचिव डॉ. संजय अरोड़ा एवं सभी डीन, चेयरपर्सन उपस्थित रहे। मंत्री ढांडा ने शिक्षकों से सीधे संवाद करते हुए विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने जानना चाहा कि किस विभाग में कितने विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, उन्हें किस प्रकार मार्गदर्शन और प्रेरणा दी जाती है और किस तरह छात्र शिक्षा के साथ करियर निर्माण के लिए तैयार हो रहे हैं। यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत कई महत्वपूर्ण पहले लागू की जा चुकी हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री को क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट प्रणाली, स्किल-आधारित कोर्स, और इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग, स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन सेंटर, प्लेसमेंट, इंटर्नशिप, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और करियर काउंसलिंग, आदि के बारे में बताया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने सभी शिक्षकों से बड़ी इंडस्ट्री के साथ एमओयू करने की बात कही। बैठक में यूनिवर्सिटी की डीन अकादमी अफेयर्स प्रो. नीरा वर्मा ने शिक्षा मंत्री को प्रेजेंटेशन के माध्यम से यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

## जय सिंह चैक से गांव सिकंदरपुर तक बनाया जाए मॉडल रोडः मेयर

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम



नगर निगम मानेसर की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने निगम क्षेत्र के गांवों का दौरा करते हुए कहा कि जय सिंह चैक से गांव सिकंदरपुर तक मॉडल रोड बनाया जाए। इस रोड पर पथिकों को लिए कुर्सी टेबल, केनोपी, फुटपाथ, ग्रीनरी और नए डिजाइन की स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने बुधवार को निगम क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर, नैनवाल और शिकोहपुर को दौरा किया। इस दौरान गांवों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मेयर ने सबसे पहले गांव सिकंदरपुर में पार्षद रवि यादव और निगम अधिकारियों के साथ पैदल दौरा किया। इस दौरान पार्षद ने निगम की ओर से करवाए जा रहे विकास कार्यों की स्थिति के बारे में मेयर को अवगत करवाया। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को ध्यान में रखा जाए। इसके बाद मेयर डॉ इंद्रजीत ने गांव नैनवाल का दौरा किया। गांव में निगम की ओर से करवाए जा रहे कार्यों का जायजा लिया और सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गांव शिकोहपुर में मेयर ने कहा कि जिन गलियों में पानी सप्लाई की लाइन नहीं डाली गई है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसी के साथ गांव शिकोहपुर में स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। इस दौरान उनके साथ पार्षद रवि यादव, पार्षद रविंद्र यादव, एसडीओ विकास शर्मा आदि थे।

## बूचड़खाने पहुंचने से पहले मरी आधा दर्जन भैंसों को सड़क किनारे फेंका

भास्कर न्यूज़ | नूंह

बूचड़खानों को लेकर छिड़े विवाद के बीच पशुओं को यहां तक पहुंचाने वालों की मनमानी का मामला सामने आया है। पशु व्यापारी मरी हुई आधा दर्जन भैंसों को नेशनल हाईवे 248ए पर अलग-अलग स्थानों पर फेंककर फरार हो गए। घटना के बाद से लोगों में रोष है। लोगों ने पुलिस से मांग की है कि बूचड़खानों तक पहुंचने वाले प्रत्येक वाहन की रास्ते में कई स्थानों पर जांच की जानी चाहिए।

नेशनल हाईवे 248ए के किनारे फिरोजपुर झिरका तक बने कत्लखानों में पशुओं को वाहनों में भरकर लाया जाता है। अधिकांश व्यापारी दुबले, कमजोर व बीमार जानवरों को भी वाहनों में भरकर ले आते हैं। इन्हें वाहनों में इस तरह से ठूंस-ठूंसकर भरा जाता है कि ये सांस भी नहीं ले पाते। ऐसे में कई बार पशु रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। नियमानुसार मृत पशु को कत्लखानों में अंदर नहीं लाने दिया जाता। ऐसे में पशु व्यापारी इन्हें इधर-उधर फैंक देते हैं। मंगलवार की रात जब कत्लखानों में भैंसों को लाया जा रहा था तो कई भैंसों की राह में ही मौत हो गई। पशु व्यापारी इन मृत भैंसों को एनएच किनारे गई इलाकों में फैंककर फरार हो गए। तीन भैंस घासेड़ा से फिरोजपुर नमक के बीच और दो गांव दोहा चैक के पास सड़क किनारे पड़ी मिली।

### एचटेट परीक्षा सम्पन्न

## 12 हजार 327 ने दी परीक्षा, 4 हजार 147 रहे अनुपस्थिति

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

जिला प्रशासन ने बुधवार को पहले दिन एक सत्र में आयोजित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया। एचटेट लेवल-3 की परीक्षा के लिए जिला में कुल 40 केंद्र बनाए गए थे।

जिला में परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त श्रम आयुक्त (एनसीआर) कुशल कटारिया ने बताया कि एक शिफ्ट में आयोजित परीक्षा के लिए दोपहर 03 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित किया गया था। सत्र में कुल 12 हजार 327 परीक्षार्थी परीक्षा देनी थी, जिसमें से 8 हजार 180 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा। 4 हजार 147 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से जिन स्कूलों में केंद्र बनाए गए, उसके नजदीक फोटोस्टेट मशीन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण वाली दुकानों को बंद रखा गया था।

उन्होंने बताया कि गुरुवार 31 जुलाई को लेवल दो व एक की परीक्षा सुबह व शाम की दोपहर की शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। लेवल 2 की परीक्षा 69 केंद्रों पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक करवाई जाएगी जिसमें 20122 परीक्षार्थी शामिल होंगे। लेवल एक की परीक्षा के लिए 34 केंद्रों पर दोपहर 03 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिसमें 10334 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## अलग-अलग हादसे में युवती व युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

बिलासपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में एक युवती और युवक ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते मंगलवार को पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था। पुलिस को दोनों स्थानों से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने दोनों शवों का बुधवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

दक्षिणी दिल्ली के जैतपुर गांव निवासी प्रिया (27 वर्ष) बिलासपुर क्षेत्र स्थित पिछले कई सालों से एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी और बिलासपुर खुर्द गांव में किराए पर कमरे में रहती थी। मृत प्रिया की अभी शादी नहीं हुई थी। बीते मंगलवार की शाम कमरे से बदबू आने के बारे में पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो प्रिया ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ टीम को बुलाया और कमरे से साक्ष्य एकत्रित किए गए। कमरे से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम को प्रिया ने कॉल करके बात की थी। इसके बाद उनकी प्रिया से कोई बात नहीं हुई और उसने आत्महत्या क्यों की है, इसके बारे में भी उन्हे कोई जानकारी नहीं है।

## पॉश सोसायटी में डॉग ने महिला पर किया हमला, वीडियो हुआ वायरल

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम गोल्फ कोर्स स्थित एक पॉश सोसाइटी में डोमेस्टिक डॉग द्वारा महिला पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। महिला अपने परिजनों व परिचितों के साथ सोसाइटी में मॉर्निंग वॉक कर रही थी। आसपास टहल रहे लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद महिला को डोमेस्टिक डॉग से छुड़वाया। हमले में महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह घटना गोल्फ कोर्स रोड के एक रिहायशी इलाके में हुई। यह इलाका अपने लग्जरी हाई-राइज अपार्टमेंट्स डीएलएफ कैमेलियास के लिए जाना जाता है। गोल्फ कोर्स रोड की एक सोसाइटी में रहने वाली महिला मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी। अचानक डॉग ने महिला का हाथ अपने जबड़ों में दबोच लिया।





# ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर डीयू छात्र ने की आत्महत्या, चार दिन बाद अखबार में तस्वीर देख परिजनों ने की पहचान

**ठगी के बाद मां को भेजा था आखिरी मैसेज अब बोझ नहीं बनना चाहता**

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में बीकॉम का छात्र रहे 19 वर्षीय महेश राणा ने ऑनलाइन ठगी का शिकार होने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, महेश ने 14 जुलाई को अपने घर को बिना बताए छोड़ दिया था और अपनी मां को एक मार्मिक संदेश भेजा जिसमें उसने लिखा कि वह अब अपने परिवार पर बोझ नहीं बनना चाहता और उससे 94 हजार रुपए की साइबर ठगी हो चुकी है। महेश ने आखिरी मैसेज में अपनी मां से आग्रह किया कि वह इस ठगी की शिकायत साइबर पुलिस में दर्ज कराएं। इसके बाद 14 जुलाई की शाम परिवार ने जहांगीरपुरी थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दी।

पुलिस को 15 जुलाई को रोहिणी इलाके में हैदरपुर नहर में बने जाले में फंसी उसकी लाश मिल गई थी, लेकिन शरीर फूल जाने के कारण पहचान नहीं हो सकी थी। मृतक की पहचान तब हो पाई जब 19 जुलाई को महेश की मां की सहेली मृदुला मरांडी ने एक अखबार में अज्ञात शव का विज्ञापन देखा और फोटो से उसे पहचान लिया। वे तुरंत कुछ लोगों के साथ अम्बेडकर अस्पताल गईं और शव की पुष्टि कर परिजनों को सूचित किया। जांच में सामने आया कि महेश पहले से ही आईफोन 13 इस्तेमाल करता था, लेकिन हाल ही में वह आईफोन 15 सस्ते में खरीदने के प्रयास में ऑनलाइन ठगों के जाल में फंस गया। ठगों ने उसे छोटी-छोटी किस्तों में करीब 94 हजार महज एक घंटे के भीतर ठग लिए थे।

**परिवार मूल रूप से दार्जिलिंग से है**

परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर पुलिस ठगों तक पहुंचने, उनकी गिरफ्तारी और ठगी की रकम बरामद करने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। महेश का परिवार मूल रूप से दार्जिलिंग से है। उसके पिता रंजन राणा वहां व्यवसाय करते हैं, मां दिल्ली में जहांगीरपुरी के ईई ब्लॉक में रहती हैं और एक निजी कंपनी में ऑफिस एडमिन हैं, एक बड़ी बहन एक प्रतिष्ठित स्कूल में शिक्षिका हैं। घटना के बाद से परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस अधिकारी ने कहा पुलिस लगातार लोगों से अपील कर रही है कि वे किसी भी संदिग्ध वेबसाइट या ऑफर के झांसे में न आएं और ठगी के शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।



भारत द्वारा टेस्ट मैच बचाए जाने पर इंग्लैंड के कप्तान का विवादास्पद व्यवहार!

**कोर्ट ने दिल्ली सरकार और पुलिस से मांगा जवाब, 27 को सुनवाई**

# बिना लाइसेंस शराब परोस रहे बार-पब पर हाईकोर्ट सख्त

एजेंसी | नई दिल्ली

हाईकोर्ट ने बुधवार को राजधानी में अवैध रूप से चल रहे बार, पब, क्लब और रेस्टोरेंट्स पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि जिन जगहों पर बिना लाइसेंस शराब परोसी जा रही है, उनके खिलाफ अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने दिल्ली सरकार और पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि जवाब में यह भी बताया जाए कि याचिका में जिन बार और पब का जिक्र है, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त को तय की है। याचिका में 21 ऐसे बार, पब और क्लब की सूची दी गई है, जो देर रात तक चल रहे हैं और जिनके पास जरूरी लाइसेंस नहीं हैं। याचिकाकर्ता ने हाल ही में कुछ लोगों को इन जगहों पर भेजा, जिन्होंने देखा कि ये सभी निर्धारित समय के बाद भी खुले रहते हैं और शराब परोसते हैं।

याचिका में यह भी कहा गया है कि इनमें से कई जगह ऐसी गलियों में हैं, जहां आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी नहीं पहुंच सकती।

**याचिकाकर्ता का दावा, 21 जगहों की सूची दी गई**

याचिकाकर्ता मेहताब खान ने दावा किया है कि दिल्ली में कई बार, पब, क्लब और रेस्टोरेंट्स बिना एल-16 लाइसेंस के चल रहे हैं और देर रात तक शराब परोस रहे हैं। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली आबकारी अधिनियम और नियमों के तहत कोई भी स्टैंडअलोन बार, पब, क्लब या रेस्टोरेंट रात 1 बजे के बाद शराब नहीं परोस सकता, जब तक कि उसके पास एल-16 लाइसेंस न हो। इसके बावजूद कई जगहों पर सुबह 7 बजे तक शराब परोसी जा रही है। याचिकाकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता कीर्ति उप्पल और सिताब अली चौधरी ने कोर्ट को बताया कि इस अवैध गतिविधि की जानकारी अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# आईजीआई : लेजर लाइट और ड्रोन पर लगी पाबंदी

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों में लेजर लाइट और ड्रोन के इस्तेमाल पर 60 दिन की रोक लगा दी है। यह पाबंदी 23 सितंबर तक लागू रहेगी। पालम (आईजीआई एयरपोर्ट) के एसीपी वीर कृष्ण पाल सिंह के मुताबिक, एयरपोर्ट के आसपास फार्महाउस, होटल और बैंक्वेट हॉल में होने वाले आयोजनों में तेज रोशनी और लेजर बीम का इस्तेमाल होता है। इससे लैंडिंग के समय पायलटों की नजर भटकती है, जो विमान और यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

एसीपी ने कहा कि इन आयोजनों में इस्तेमाल होने वाली तेज रोशनी और लेजर बीम पायलटों के विजन को प्रभावित करती हैं। इससे विमान की लैंडिंग में दिक्कत आती है और हादसे की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए पालम सब-डिवीजन के तहत आने वाले इलाकों में किसी भी आयोजन में लेजर लाइट के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर 6 महीने तक की जेल या 2,500 रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

**पैराग्लाइडर भी बैन, आतंकी खतरे का इनपुट**

एक अलग आदेश में एसीपी ने ड्रोन, पैराग्लाइडर और एयरो-मॉडल जैसे अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम के इस्तेमाल पर भी रोक लगाई है। पुलिस को इन उपकरणों के जरिए आतंकी हमले की आशंका को लेकर इनपुट मिले हैं। आदेश में कहा गया है कि आम लोगों द्वारा इनका इस्तेमाल एविएशन सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

**अत्याधुनिक फॉरेंसिक सेंटर का गृह राज्य मंत्री ने किया उद्घाटन**

# वैज्ञानिक जांच को मिलेगी रफ्तार, 8 नई पुलिस चौकियों का भी उद्घाटन

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस की जांच क्षमता को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बांदी संजय कुमार ने बुधवार को क्राइम ब्रांच के सेंटर ऑफ फॉरेंसिक सपोर्ट एंड एविडेंस एनालिसिस (सीएफएसईए) का उद्घाटन किया। यह केंद्र आधुनिकतम फॉरेंसिक तकनीकों से लैस है, जिससे अपराध अनुसंधान में पारदर्शिता, सटीकता और गति आएगी। इस अवसर पर उन्होंने पश्चिमी जिले के रामपुरा स्थित गोल्डन पार्क पुलिस पोस्ट का भी उद्घाटन किया, साथ ही दिल्ली के अन्य सात नए पुलिस पोस्ट का वर्चुअल शुभारंभ भी एक ही मंच से किया गया। उद्घाटन समारोह में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

गृह राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह केंद्र राजधानी में अपराध जांच के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सरकार कानून-व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस आयुक्त ने भी इसे स्मार्ट और आधुनिक पुलिसिंग की दिशा में एक अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह फॉरेंसिक सेंटर देशभर में अन्य पुलिस बलों के लिए मॉडल यूनिट के रूप में कार्य करेगा। दिल्ली में बढ़ती अपराध चुनौतियों के बीच यह पहल न केवल अपराधियों पर नकेल कसने में मददगार होगी, बल्कि न्याय प्रक्रिया में भी तकनीकी मजबूती प्रदान करेगी।

## अपराधों की हाफ सेंचुरी लगा चुका भगोड़ा अरेस्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

साउथ रेंज क्राइम ब्रांच ने संगठित अपराध के खिलाफ चलाए अभियान के दौरान एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो 50 से अधिक गंभीर अपराधों में शामिल था। आरोपी को दिल्ली के एक कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर रखा था। डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया यह गिरफ्तारी एक सटीक खुफिया सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया के नेतृत्व में साकेत के सिलेक्ट सिटी वॉक मॉल के सर्विस रोड के पास रणनीतिक ऑपरेशन चलाकर आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार अपराधी की पहचान नीरज शर्मा उर्फ राजकुमार उर्फ विनय मौर्य उर्फ राजू (49) के रूप में हुई है।

# ईओडब्ल्यू ने तमिल अभिनेता पावरस्टार को धोखाधड़ी मामले में चेन्नई से किया गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तमिल फिल्म अभिनेता और स्वयंभू डॉक्टर एस श्रीनिवासन उर्फ पावरस्टार को 1000 करोड़ रुपये के कर्ज की आड़ में 5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। 64 वर्षीय श्रीनिवासन, जो तमिल फिल्म उद्योग में अभिनेता, निर्माता और व्यवसायी के रूप में सक्रिय हैं, 2018 से मुकदमे से फरार थे और दो बार भगोड़ा अपराधी घोषित किए जा चुके थे। डीसीपी रवि सिंह ने बताया 2010 में, ब्लू कोस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड कंपनी को हेनरी लालरेमसांगा, दीपक बंगा, अनिल वार्ष्णेय और रमनुजा मुव्वाला ने 1000 करोड़ रुपये का कर्ज दिलाने का दावा किया। उन्होंने श्रीनिवासन को बाबा ट्रेडिंग कंपनी का मालिक बताकर पेश किया। कंपनी ने कर्ज के लिए 5 करोड़ रुपये अग्रिम राशि दी, जो कथित तौर पर विशेष चिपकने वाले स्टांप खरीदने के लिए थी, न तो कर्ज मिला और न ही राशि वापस हुई। गारंटी के रूप में दिया गया चेक भी अपर्याप्त धनराशि के कारण बाउंस हो गया। जांच में पता चला कि श्रीनिवासन ने 5 करोड़ रुपये अपनी और अपनी पत्नी के खातों में स्थानांतरित किए, जिसमें से 50 लाख नकद निकाले गए और 4 करोड़ की सावधि जमा (एफडी) बनाई गई, जिसे जब्त कर लिया गया। पर श्रीनिवासन ने कोई स्टांप खरीदने का सबूत नहीं दिया। गिरफ्तारी के बाद वह 2013 में अंतरिम जमानत पर रिहा हुए, लेकिन केवल 3.5 लाख रुपये चुकाने के बाद फरार हो गए। 2017 में दोबारा गिरफ्तारी के बाद भी वह फिर भाग निकले। ईओडब्ल्यू की विशेष टीम ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर उन्हें 27 जुलाई को चेन्नई के गोल्डन ट्रेजर अपार्टमेंट से गिरफ्तार कर लिया।

# नकली वीडियो की धमकियों से दर्जनों महिलाओं से लाखों की ठगी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सेंट्रल दिल्ली पुलिस की साइबर थाने की टीम ने फर्जी बाबाओं के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिन्होंने दर्जनों महिलाओं से नकारात्मक ऊर्जा हटाने के बहाने लाखों रुपये की ठगी की थी। इस ठगी की पोल तब खुली, जब पटेल नगर की एक महिला ने 37,000 की ठगी की शिकायत दर्ज कराई। तकनीकी निगरानी के जरिए दोनों आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया 21 मई को एक गृहिणी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि फर्जी बाबा ने व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए पूजा-पाठ का वादा कर भावनात्मक छेड़छाड़ की और धमकी देते हुए 37,000 रुपए ठग लिए। जब दिए पैसो की मांग की गई तो वह बाबा ब्लैकमेल करने लगा। साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। जांच टीम ने कॉल रिकॉर्ड, डिजिटल फुटप्रिंट और बैंक लेनदेन के विश्लेषण से आरोपियों के बारे में सबूत जुटाए, तो पता चला आरोपी फरार हो गए है। इसके बाद उन्हें ट्रैक करती हुई टीम ने मोहम्मद नजीर (41) और मोहम्मद रजा खान (30), को मेरठ के लिसारी रोड, जफर गार्डन से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर खुद को शक्तिशाली बाबा के रूप में प्रचारित करते थे।

# सुप्रीम कोर्ट केवल चीफ जस्टिस केंद्रित अदालत नहीं होना चाहिए : सीजेआई

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली




चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट कभी भी 'चीफ जस्टिस केंद्रित अदालत' नहीं होना चाहिए, क्योंकि मुख्य न्यायाधीश केवल 'एक समान न्यायधीशों में प्रथम' होते हैं। वे सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित अपने सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

चीफ जस्टिस गवई ने कहा, 'मैं मानता हूं कि सुप्रीम कोर्ट सभी न्यायाधीशों और बार के सदस्यों का है। इसलिए मैं हमेशा लोकतांत्रिक तरीके से काम करने में विश्वास रखता हूं। हमारी हर अहम निर्णय प्रक्रिया पूर्ण पीठ के निर्णय पर आधारित होती है।' उन्होंने बताया कि इस साल 26 मई से 11 जुलाई तक आंशिक कार्य दिवसों के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पिछले कई वर्षों में सबसे अधिक मामलों का निपटारा किया है। इस बार शीर्ष अदालत ने पारंपरिक गर्मी की छुट्टियों को 'आंशिक कार्य दिवस' के रूप में मनाया। चीफ जस्टिस ने बार और बेंच के संबंधों को 'सुनहरे रथ के दो पहियों' की तरह बताते हुए कहा, 'मैंने हमेशा बार और बेंच को न्याय प्रशासन संस्था के समान हिस्सेदार माना है। बार के सदस्यों ने हमेशा मुझे स्नेह और सहयोग दिया है।'

इस अवसर पर अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने भी संबोधित किया।

## यात्रियों को बिठा ठग लेते थे रुपए, चुरा लेते थे गहने व कीमती सामान

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सेंट्रल दिल्ली के आईपी एस्टेट थाना टीम ने एक अंतरराज्यीय टीएसआर गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है, जो यात्रियों को ठगने और उनके कीमती सामान चुराने में शामिल था। इस ऑपरेशन में 20 लाख रुपये के आभूषण, 11,000 रुपए नकद और अपराध में इस्तेमाल किए गए दो टीएसआर बरामद किए गए हैं। गिरोह का सरगना मोहसिन उर्फ मोनी, जो सीलमपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है, सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया 7 जुलाई को अलीगढ़ के एक यात्री ने आईपी एस्टेट थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया उन्होंने निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से टीएसआर लिया था।

# शादी के बाद बेटी के मां-बाप अजनबी नहीं हो जातेः हाईकोर्ट

**कोर्ट बोला- माता-पिता ही बेटी का सबसे बड़ा सहारा**

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने दहेज के लिए प्रताड़ना और आत्महत्या के आरोप में गिरफ्तार एक युवक को जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि शादी के बाद भी बेटी के माता-पिता अजनबी नहीं हो जाते। वे उसकी जिंदगी से जुड़े रहते हैं और उसकी तकलीफों को समझते हैं। यह आदेश जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने 25 जुलाई को दिया। उन्होंने कहा कि मृतका के माता-पिता की शिकायत में बताया गया है कि आरोपी दहेज में मोटरसाइकिल और सोने की चेन मांगता था। मांग पूरी न होने पर वह अपनी पत्नी से झगड़ता था।

18 साल की मृतका उत्तर प्रदेश के हरदोई की रहने वाली थी। उसकी शादी 21 मई 2023 को दिल्ली में हुई थी। 6 फरवरी 2024 को उसने आत्महत्या कर ली। उस समय वह तीन महीने की गर्भवती थी। कोर्ट ने आरोपी के इस तर्क को खारिज कर दिया कि मृतका के माता-पिता "प्राइवेट गवाह" हैं। जस्टिस शर्मा ने कहा कि यह सोच भारतीय समाज की सच्चाई से बहुत दूर है।

जस्टिस शर्मा ने कहा कि भारत में माता-पिता का अपनी बेटियों से भावनात्मक रिश्ता शादी के बाद भी बना रहता है। वे अपनी बेटियों से जुड़े रहते हैं, चाहे वे किसी और परिवार में चली जाएं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में संचार के कई माध्यम हैं, जिससे माता-पिता अपनी बेटियों से लगातार संपर्क में रहते हैं। यही इस मामले में भी हुआ। कोर्ट ने कहा कि जब किसी महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है, तो उसके पास सहारे के रूप में सिर्फ उसके माता-पिता ही होते हैं। वह अपनी तकलीफें उन्हीं से साझा करती है।


निम्स विश्वविद्यालय, जयपुर

आवश्यकता

- ADMINISTRATORS (M/F)
- HOSTEL ADMINISTRATORS (M/F)
- TELE CALLERS (M/F)
- Sr. MANAGER-ADMISSION CELL (M/F)
- CHIEF MANAGER/DIRECTOR (ADMISSION DEPARTMENT)

शैक्षणिक योग्यता: स्नातक (किसी भी संकाय में) | अनुभव: किसी भी यूनिवर्सिटी/कॉलेज में काम करने का न्यूनतम अनुभव 3 वर्ष
उपरोक्त सभी पदो हेतु कम्प्यूटर का ज्ञान आवश्यक | वेतन: योग्यतानुसार

वॉक-इन इन्टरव्यू | समय: प्रात:10 बजे सायं 4 बजे तक

Note: NHBH Hospital, राजा पार्क, जयपुर से प्रात: 9:00 बजे से प्रत्येक 2 घण्टे में निम्स के लिए बस की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है।

शनिवार-रविवार, दिनांक: 2-3 अगस्त, 2025
स्थान: होतम एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक, निम्स युनिवर्सिटी
डॉ. बी.एस. तोमर सिटी, जयपुर-दिल्ली होइव, जयपुर-303121

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें: 7551892760
7988653504, 9521122925



माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना
लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई | ASPIRE




आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य 3BHK अपार्टमेंट्स
प्रसिद्ध स्कूलों और अस्पतालों के निकट
आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट की दूरी पर
ई-नीलामी दिनांक 12.08.2025 को आयोजित की जाएगी

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए इस क्यूआर को स्कैन करें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
9772907414
कृपया लोकेशन के लिए क्यूआर स्कैन करें।

### बिजली रेटों पर बायोमास प्लांट मालिक और पावरकॉम अफसर आमने-सामने, स्टेट रेगुलेटरी कमीशन में रेट रिव्यू याचिका दायर

# सरकार ने नए एग्रीमेंट में बिजली खरीद रेट 35 से 100% घटाकर 3.5 से ₹4.9 प्रति यूनिट किए कारोबारी बोले- दाम घटाए गए तो खर्चे नहीं निकलेंगे, मजबूरन बायोमास प्लांट बंद करने पड़ेंगे

राजेंद्र बतरा | बठिंडा

बिजली रेटों को लेकर मालवा के बायोमास प्लांट मालिक और पावरकॉम अफसर आमने-सामने हो गए हैं। स्थिति यह है कि सरकार अभी जिन प्लांट से 7 से ₹8.50 प्रति यूनिट में बिजली खरीद रही थी और अब नए एग्रीमेंट में 35 से 100% रेट घटाकर 3.5 से ₹4.9 प्रति यूनिट कर दिए गए हैं। यह रेट अगले 10 साल के लिए लागू किए जा रहे हैं। नए रेटों से नाखुश प्लांट मालिकों ने स्टेट रेगुलेटरी कमीशन में याचिका लगाकर रेटों पर विचार करने का आग्रह किया है। प्लांट मालिक ने पंजाब सीएम को मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। कारोबारियों का कहना है कि रेट घटाए गए तो खर्चे नहीं निकलेंगे और मजबूरन बायोमास प्लांट बंद करने पड़ेंगे।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** | पंजाब में 11 बायोमास प्लांट... इनमें सबसे ज्यादा 8 मालवा में, यहीं के बिजली रेट घटाए

भास्कर ने बायोमास प्लांटों के बिजली रेटों को लेकर पड़ताल की तो सामने आया कि पंजाब में अभी 11 बायोमास प्लांट हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 8 मालवा में हैं। सरकार इनसे 10 से 20 साल का पावर परचेज एग्रीमेंट करती है, जिसमें बिजली के रेट तय होते हैं। मुक्तसर साहिब के मालवा पॉवर लि. से सरकार 20 साल से 8.49 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद रही थी। अब मई 2025 में 10 साल के लिए नया रेट 3.5 रुपए तय किया गया है। यानी रेट में 100% से भी ज्यादा कटौती की गई। इसी तरह अबोहर के डी डवलपमेंट इंजीनियर्स लि. से 7.47 रुपए प्रति यूनिट के अनुसार बिजली खरीदी जा रही थी। अब नया रेट 4.91 रुपए प्रति यूनिट तय किया गया है। मलोट के बायोमास एनर्जी प्राइवेट लि. से सरकार 7.89 रुपए की दर से बिजली खरीद रही थी, लेकिन इसका रेट भी घटाकर 4 से 5 रुपए किया जा रहा है। इन तीनों प्लांट मालिकों ने नए रेटों के खिलाफ रेगुलेटरी कमीशन में पटीशन लगाई है। ग्रीन प्लानेट एनर्जी प्लांट, मोगा का रेट 5.34 रुपए प्रति यूनिट तय किया गया। प्लांट मालिक ने एपीलेंट ट्रिब्यूनल, दिल्ली में पिटीशन लगाई तो अंतरिम आदेश जारी करके रेट 5.83 रुपए तय किया गया। 6 साल बीत गए, इसका भी रेट अब तक फाइनल नहीं किया गया है।

**हम पर असर...** बिजली उत्पादन घटेगा, पराली ज्यादा जलेगी और प्रदूषण बढ़ेगा

**पंजाब में सबसे कम रेट**

| | |
|---|---|
| हरियाणा | ₹8 प्रति यूनिट |
| राजस्थान | ₹8-9 प्रति यूनिट |
| पंजाब | ₹3.5-5 प्रति यूनिट |

**असर समझिए...** एक प्लांट से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से 4 से 5 हजार लोग जुड़े हैं। प्लांटों के बंद होने से बेरोजगारी बढ़ेगी। बिजली उत्पादन घटेगा। मालवा में बिजली संकट बढ़ेगा। पराली खरीद नहीं होगी, जिससे किसानों को मजबूरन यह जलानी पड़ेगी और प्रदूषण बढ़ेगा।

**प्लांट मालिकों ने पावरकॉम अफसरों से कहा- लागत एक सी, फिर दामों में फर्क क्यों, मामले में सीएम से हस्तक्षेप की मांग**

प्लांट मालिक ने पावरकॉम अफसरों से कहा सरकार ने रेट न बढ़ाए तो मजबूरन प्लांट बंद करने होंगे। विभाग के अनुसार मुक्तसर में 2, फाजिल्का में 2, मोगा में 1, मानसा में 1, फिरोजपुर में 1, फरीदकोट में 1, जालंधर में 1 और होशियारपुर में 2 प्लांट हैं। इधर, प्लांट मालिकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 1 साल पहले किसानों से पराली को लेकर एग्रीमेंट करना पड़ता है। पराली को स्टोरेज से प्लांट तक ले जाना, ट्राली से बेलर मशीन तक पहुंचाने का प्रोसेस हर प्लांट में एक सा रहता है। बिजली उत्पादन की लागत भी एक रहती है। फिर सरकार बिजली रेट तय करने में फर्क क्यों कर रही है।

▪ बायोमास पावर प्लांट के रेट अभी अंडर प्रोसेस हैं। इनके ज्यूडीशियल ऑर्डर जारी होंगे। तब तक कुछ नहीं बताया जा सकता।
-**विश्वजीत खन्ना**, चेयरपर्सन, रेगुलेटरी कमीशन चंडीगढ़

## अदाणी एग्री-फ्रेश ने रामपुर में देश का पहला डिजिटल सेब बाजार शुरू किया

भास्कर न्यूज | शिमला

अदाणी एग्री-फ्रेश ने शिमला जिले के रामपुर में देश का पहला डिजिटल सेब बाजार शुरू किया है। इसे बागवानी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। अदाणी एग्री-फ्रेश ने ये डिजिटल सेब बाजार का मॉडल रामपुर के पास बिथल में लांच किया है। हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन की गई यह परियोजना वर्तमान में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कार्यान्वित की जा रही है। बता दें कि पहले अदाणी स्टोर्स पर ग्रेडिंग में कुछ कमियां रहती थीं, लेकिन अब किसान सीधे अपनी फसल बेच सकते हैं और उन्हें भुगतान भी ऑनलाइन हो रहा है। यह प्लेटफार्म किसानों को पारदर्शी नीलामी में डिजिटल रूप से भाग लेने, बिचौलियों से बचने और सुनिश्चित भुगतान में सक्षम है। साथ ही इससे किसानों को सौदेबाजी का भी मौका मिलता है। इसमें यदि दस किसानों के सेब एक बैच में जाते हैं, तो ग्रेडिंग, रंग और आकार एक समान होगा। किसान अब तय कर सकते हैं कि उन्हें अपना माल बेचना है या स्टोर करना है। यह डिजिटल बाजार किसानों को राष्ट्रीय बाज़ार की कीमतों के बारे में भी सूचित रखेगा और अदाणी के सिस्टम के माध्यम से गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित करेगा।

### जालंधर अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई बाधित होने से 3 मौतों का मामला

# सरकार सख्त... एमएस, एसएमओ समेत 3 अधिकारी सस्पेंड, हाउस सर्जन बर्खास्त

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़/जालंधर

**सेहत मंत्री बोले- मैनेजमेंट स्तर पर चूक, जान गंवाने वाले मरीजों के पारिवारिक सदस्यों को आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया**

जालंधर सिविल अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई बाधित होने के मामले में सरकार सख्त है। सरकार ने जांच में कोताही के चलते एमएस, एसएमओ, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ को सस्पेंड, जबकि हाउस सर्जन को बर्खास्त कर दिया है। सेहत मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, 3 मरीजों की जान ऑक्सीजन की समय पर उपलब्धता और सही प्रबंधन से बचाई जा सकती थी, लेकिन मैनेजमेंट स्तर पर चूक हुई है। यह घटना प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुई है, जबकि अस्पताल में पर्याप्त बुनियादी ढांचा, मानव संसाधन और 4 ऑक्सीजन स्रोत उपलब्ध थे। मंत्री ने कहा, अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट में 2 मशीनें और 4 बैकअप सोर्स हैं, जो प्रेशर कम होने पर सप्लाई बनाए रखने के लिए हैं। अस्पताल में दोहरी कंप्रेसर युक्त पीएसए ऑक्सीजन प्लांट, 18-20 सिलेंडरों वाला मैनिफोल्ड सिस्टम और एक तरल मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट मौजूद है, जो 4 स्तरीय बैकअप प्रदान करता है। इसमें ऑक्सीजन प्रेशर में भारी गिरावट आना ड्यूटी स्टाफ की गैर जिम्मेदारी को दर्शाता है। प्राथमिक जांच के दौरान अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है।

सेहत मंत्री ने कहा कि जांच रिपोर्ट की फिलहाल समयसीमा तय नहीं की गई है, लेकिन एक सप्ताह के भीतर घटना के कारणों का खुलासा किया जाएगा। मंत्री ने जान गंवाने वालों के पारिवारिक सदस्यों को आर्थिक मदद का आश्वासन दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राज कुमार, एसएमओ डॉ. सुरजीत सिंह और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. सोनाक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह सभी हेल्थ विभाग के रेगुलर अधिकारी है, जिनकी 20 से 25 साल तक की अधिक की सर्विस हो चुकी है। ऐसे सीनियर अफसरों की लापरवाही की उम्मीद नहीं की जा सकती। फिर भी इन संबंधित अफसरों ने लापरवाही बरती, इनको डिसमिस से लेकर जबरन रिटायर भी किया जा सकता है। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, टेक्निकल टीम और डिप्टी डायरेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर यदि दोष साबित हुआ तो इन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाएगा। तीनों ने अगर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया तो उन्हें अपनी सारी जिंदगी के लिए नौकरी से निकाल दिया जाएगा। मौजूदा हाउस सर्जन डॉ. शमिंदर सिंह को सीधे तौर पर बर्खास्त किया गया है। यदि दोष सिद्ध हुआ तो इन्हें सेवा से स्थायी रूप से बर्खास्त किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में ये किसी भी सेवा लाभ के पात्र नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ मौजूद था। 49 इंटरनल मेडिकल अधिकारी, 46 ट्रेनी डॉक्टर, 14 हाउस सर्जन और 17 मेडिकल अधिकारी हैं। इसके बावजूद यह घटना होना बेहद चिंताजनक है। मंत्री ने कहा, अभी तक जांच में पता चला है कि सिर्फ इन अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण तीनों की जान गई है। इसलिए ये कार्रवाई की गई है। मंत्री ने पिछली सरकारों द्वारा लगाए गए अलग अलग अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांटों की कारगुजारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि गत सरकारों ने आक्सीजन प्लांट केवल सफेद हाथी के तौर पर है, न यह किसी काम के है, न ही इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। उनके रखरखाव में ही सरकार का लाखों रुपए बर्बाद हो रहे है।

**इधर... हाईकोर्ट ने 3 मौतों के मामले में सरकार से जवाब मांगा**

**चंडीगढ़** | जालंधर सिविल अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति में गड़बड़ी के कारण 3 मरीजों की मौत के मामले में हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस शील नागू, जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने पंजाब सरकार के वकील को निर्देश दिया कि वह संबंधित विभागों से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई से पहले अपना जवाब दाखिल करें। मामले पर 15 सितंबर के लिए सुनवाई तय की गई है। जालंधर निवासी सिमरनजीत सिंह की तरफ से याचिका दायर कर कहा गया कि अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में 27 जुलाई को ऑक्सीजन आपूर्ति में आई गड़बड़ी के चलते 3 मरीजों की मौत हो गई थी। याचिका में मीडिया रिपोर्ट हवाला देकर कहा गया कि ऑक्सीजन आपूर्ति की जिम्मेदारी एक क्लास फोर कर्मचारी को दी गई थी, जिसे इस तकनीकी कार्य की कोई विशेषज्ञता हासिल नहीं थी। याचिका में कहा गया कि इस मामले में पुलिस द्वारा जांच में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं।

**भास्कर ब्रेकिंग** | सरकारी और निजी अस्पतालों में मिलेगी सुविधा

# फ्री होगा कैंसर का 18 हजार तक कीमत वाला पेट स्कैन, 2 अक्टूबर के बाद मिलेगी सुविधा

सुखबीर सिंह बाजवा | चंडीगढ़

पंजाब में कैंसर के बढ़ते मामलों ने सरकार को बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। राज्य सरकार पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (पेट) स्कैन को आम जनता के लिए निशुल्क करने जा रही है। इससे कैंसर का जल्द पता लगाने में मददगार साबित होगा। सरकारी अस्पतालों में यह टेस्ट 8000 से 10,000 रुपए में होता है। वहीं, निजी अस्पतालों में कीमत 18,000 तक की है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को यह टेस्ट करवाने में परेशानी होती है। इसी के चलते सरकार ने पेट स्कैन को आम लोगों के लिए मुफ्त करने का निर्णय लिया है। बता दें, एक समय था जब पंजाब में कैंसर को मुख्य रूप से मालवा क्षेत्र की समस्या माना जाता था, लेकिन अब यह जानलेवा बीमारी माझा और दोआबा जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से फैल रही है, जिससे राज्य भर में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

**कब-कैसे मिलेगी सुविधा... पेट स्कैन वाले प्रदेश के बड़े अस्पतालों की लिस्टिंग कर रही है सरकार**

▪ **सुविधा कब से मिल पाएगी** सरकार की योजना इस सुविधा को 2 अक्टूबर 2025 के बाद शुरू करने की है। यदि निजी अस्पतालों के साथ समय पर समझौते पूरे हो जाते हैं, तो यह सुविधा तय तारीख से शुरू हो जाएगी।

▪ **यह टेस्ट इतना अहम क्यों** पेट स्कैन एक अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक है जो शरीर में कैंसर कोशिकाओं का पता लगाने में मदद करती है। यह सिर्फ कैंसर की मौजूदगी ही नहीं बताती, बल्कि यह भी बताती है कि बीमारी किस स्टेज पर है।

▪ **सूबे में कैंसर के कितने रोगी** स्वास्थ्य विभाग के अनुमानों के अनुसार, 2025 के अंत तक सूबे में कैंसर मरीजों की संख्या 43196 तक पहुंचने की आशंका है।

▪ **ज्यादा केस किस कैंसर के** पंजाब में महिलाओं में स्तन और गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर सबसे आम है। पुरुषों में मुख्य रूप से ग्रासनली (एसोफैगस) का कैंसर देखा गया है। यह अकसर शराब व अधिक वसा के सेवन से जुड़ा होता है।

▪ **कैंसर रोगी को अन्य मदद** पंजाब सरकार पहले से ही कैंसर के मरीजों को 1.5 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इसके लिए मरीज या उनके परिजन कैंसर से संबंधित दस्तावेज और पहचान प्रमाण पत्र संबंधित विभाग में जमा करवाते हैं, जिसके बाद सहायता राशि जारी की जाती है।

▪ **सरकार की अगली योजना** यह सुविधा सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों में भी मिलेगी। सरकार प्रदेश के उन बड़े अस्पतालों को सूचीबद्ध कर रही है, जो 'पेट स्कैन' टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं।

**योजना तैयार, सरकार जल्द करेगी घोषणा**

▪ *जनता के लिए पेट स्कैन फ्री करवाने की योजना बनाई जा चुकी है ताकि कैंसर के मरीजों की जांच में आर्थिक तंगी बाधा न बने। जल्द इससे बारे में ऑफिशियली सरकार घोषणा करेगी।*
**डॉ. बलबीर सिंह,** स्वास्थ्य मंत्री, पंजाब

**मोहाली समेत 3 जिलों में 'मिशन उम्मीद' शुरू**

*सरकार ने कैंसर के इलाज के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से 'मिशन उम्मीद' प्रोजेक्ट शुरू किया है। योजना बठिंडा, मोहाली, गुरदासपुर में शुरू की गई है। इसमें 30 वर्ष से ऊपर के लोगों की स्क्रीनिंग, क्लिनिकल स्टाफ को प्रशिक्षण, डिजिटल निगरानी और जागरूकता अभियान शामिल हैं।*

**नई व्यवस्था** • किसानों की खाद की मांग और डिटेल सीधे मुख्यालय पहुंचेगी

# हरियाणा में 5 अगस्त तक ऑनलाइन शुरू होगी खाद की बिक्री, पंजीकरण जरूरी

सुशील भार्गव | चंडीगढ़

प्रदेश में खाद की बिक्री ऑनलाइन होगी। कृषि विभाग की ओर से सीएम नायब सिंह सैनी को इस संदर्भ में प्रपोजल बनाकर भेजा गया था, जिसे सीएम ने मंजूरी प्रदान कर दी है। अब 5 अगस्त तक खाद की बिक्री ऑनलाइन शुरू होने की संभावना है। किसानों को इस संदर्भ में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। जिन किसानों ने पहले से ही पंजीकरण कराया हुआ है, उनको पंजीकरण की जरूरत नहीं पड़ेगी। जब भी किसान किसी खाद विक्रेता से खाद लेने जाएगा, उसे अपनी डिटेल देनी है। किसान को पहले की तरह ही खाद मिलती रहेगी। खाद की बिक्री रोजाना कितनी हुई, कितना खाद आया, कितना बचा हुआ है, कितने खाद की जरूरत है। यह कृषि विभाग को पहले से पता चल जाएगा।

**खाद की कालाबाजरी पर लगेगी रोक**



खाद विक्रेताओं के पास स्टॉक पहुंचेगा तो अधिकारियों को पता होगा कि किस शहर, कस्बे या गांव में कितना खाद पहुंचा है। कितने किसानों ने खाद के लिए पंजीकरण कराया है। रोजाना की रिपोर्ट तैयार होगी, यह जिलों से सीधे राज्य मुख्यालय तक जाएगी। इससे आला अफसरों को पूरी जानकारी होगी। यदि कोई भी खाद विक्रेता अवैध रूप से बिक्री करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### अभी यूरिया का स्टॉक 84 हजार टन

प्रदेश में यूरिया स्टॉक 84 हजार टन है। वहीं, डीएपी 35 हजार टन, सिंगल सुपर फास्फेट का 55 हजार टन से ज्यादा और एनपीके 35 हजार टन से ज्यादा है। कुल मिलाकर 2.10 लाख टन खाद स्टॉक है। खरीफ 2025 के लिए केंद्र सरकार की ओर से 13.90 लाख टन खाद की एलोकेशन हुई थी। 1 अप्रैल को हरियाणा में 3.71 लाख टन खाद उपलब्ध था। 9.26 लाख टन से ज्यादा खाद की बिक्री हुई है। 12.98 लाख टन आ चुका है। खाद की खपत 10.87 लाख टन हो चुकी है।

### कृषि विभाग में एडीओ के 785 पदों पर होगी भर्ती

कृषि विभाग में 785 एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर(एडीओ)-एडमिनिस्ट्रेटिव कैडर की भर्ती होगी। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से इसका विज्ञापन जारी कर दिया है। आवेदन 5 से 25 अगस्त तक जमा होंगे। इस पद के लिए शैक्षणिक योग्यता बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स की डिग्री तय की गई है। इसके साथ 12वीं या स्नातक या स्नातकोत्तर में हिंदी या संस्कृत में एक विषय होना जरूरी है। कुल 785 पदों में 448 पद अनारक्षित रखे गए हैं, जबकि 83 पद ओएससी व 45 डीएससी, 57 पद बीसी-ए व 24 पद बीसी-ए के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनके अलावा 89 पद ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित किए हैं।

### पटियाला समेत 6 जिलों की सीमाओं से जुड़ेंगे ब्लॉक, कामकाज में राहत

**चंडीगढ़** | ग्रामीण क्षेत्रों में प्रबंधकीय व्यवस्था और सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए बड़े प्रशासनिक सुधार लाने के उद्देश्य से बुधवार को कैबिनेट ने ग्रामीण विकास ब्लॉकों के पुनर्गठन को हरी झंडी दे दी है। अब इन ब्लॉकों को जिलों की सीमाओं के साथ जोड़ा जा सकेगा। इस फैसले से प्रशासनिक दक्षता में सुधार होगा। यह फैसला मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया है। कैबिनेट में विकास ब्लॉकों के अधिकार क्षेत्र को संबंधित जिलों की सीमाओं के अनुसार लाने के लिए पुनर्गठन किया गया है।

### प्रियांशु से माओवादी से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज मिले

**हिसार** | हिसार पुलिस की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने मंगलवार को शक के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था। आरोपी की पहचान ग्राम मांझीगुड़ा, छत्तीसगढ़ हाल ग्राम लाखन माजरा, रोहतक निवासी प्रियांशु कश्यप के तौर पर हुई। पुलिस को उसके पास से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए, जिनसे खुलासा हुआ कि प्रियांशु माओवादी संगठन से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक प्रियांशु ने बताया कि वह माओवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की साजिश में शामिल था। उसके खिलाफ लखनऊ में एनआईए द्वारा 2023 में दर्ज कराए गए मामले में गिरफ्तारी से बच रहा था। एनआईए की टीम उसे लखनऊ ले गई।

## नेता प्रतिपक्ष ने प्रभावितों को वितरित किए आपदा राहत राशि के चेक

**मंडी** | प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग और जंजैहली क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थुनाग में लंगर चला रहे शिवशरण श्री राम लंगर सेवा घुमारवीं के सेवादारों को सम्मानित किया। आपदा प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर गए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने 11 ग्राम पंचायतों के आपदा प्रभावितों को चेक द्वारा सहायता राशि भी वितरित की। उन्होंने सभी प्रभावितों से कहा कि हमें हौसला नहीं हारना है, अपनी मेहनत और काबिलियत से हम फिर से सब कुछ कर दिखाएंगे। कभी हिम्मत न हारना ही हमारी पहचान है। साथ ही उन्होंने सभी दानी सज्जनों का भी आभार जताया जिनके सहयोग से आपदा प्रभावितों की मदद हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कांढ़ा, थरजून (केलोधार), परवाड़ा, सरोआ, अणाह, बाड़ा, मुसरानी, बस्सी, धार जरोल, तुंगाधार, शरन पंचायतों में 53 लोगों को चेक के माध्यम से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी की। इन सभी के घर त्रासदी में पूरी तरीके से नष्ट हो गए हैं और उनके पास



रहने के लिए कोई जगह नहीं बची है। यह सभी लोग या तो अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लिए हैं या फिर किसी न किसी अस्थाई राहत शिविर में रह रहे हैं। हमारी सबसे बड़ी चिंता यह है कि ज्यादातर लोगों के घर और जमीनें सब कुछ बह गए हैं। भविष्य में भी उनके पास घर बनाने का कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा आपदा राहत के कार्य में बहुत शिथिलता बरती जा रही है। सरकार जितना जुबानी जमा खर्च कर रही है वैसा कुछ जमीन पर नजर नहीं आ रहा है। हमनें बार-बार कहा है कि सड़कें बंद होने की वजह से लोग आपदा से बच गए कृषि और बागवानी उत्पाद को भी मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिसके कारण उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

## वन विभाग के 942 कमियों को तोहफा, सीएम ने जॉइनिंग लेटर दिए

**चंडीगढ़** | वन विभाग में ठेके पर कार्यरत 942 कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक दशक से अधिक समय से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायी करने के लिए नियुक्ति पत्र सौंपकर आज बड़ा तोहफा दिया। इन कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायी करने और आवास निर्माण तथा शहरी विकास विभाग के उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र देने के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए राज्य सरकार ने सभी कानूनी और प्रशासनिक बाधाओं को दूर करते हुए इन कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायी कर दिया है और इनके साथ जुड़ा 'ठेका' शब्द हमेशा के लिए हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अपनी जिंदगी के कीमती साल सरकारी सेवा में देने वाले इन कर्मचारियों के नाम के साथ 'ठेका' शब्द को हमेशा के लिए हटाया जाएगा। सीएम ने कहा कि जो लोग पंजाब के वारिस होने का दावा करते थे, वे पंजाबी भाषा में एक भी शब्द नहीं लिख सकते क्योंकि कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़े ये नेता राज्य और इसके लोगों से पूरी तरह कटे हुए हैं।

**भास्कर खास** | सीआईआई ने उद्योग मंत्री से संवाद किया, अनुकूल वातावरण सृजित करने पर फोकस

# उद्योगपतियों ने पंजाब में एयर कार्गो सुविधा की डिमांड रखी, मंत्री बोले-आप निवेश कीजिए, हम मिलकर चलेंगे

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

**मोहाली, लुधियाना और अमृतसर में कन्वेंशन सेंटर बनाने की प्रक्रिया शुरू**

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) पंजाब ने पंजाब उद्योग एवं एनआरआई मामलों के मंत्री संजीव अरोड़ा से सीआईआई उत्तर क्षेत्रीय मुख्यालय चंडीगढ़ में उच्च स्तरीय संवाद किया। सत्र में प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों और वरिष्ठ सरकारी अफसरों ने हिस्सा लिया। मंत्री ने पंजाब में प्रगतिशील औद्योगिक माहौल को प्रोत्साहित करने और नीतियों कार्यान्वयन को मजबूत बनाने के लिए उद्योगजगत से फीडबैक और सहयोग मांगा। मंत्री ने कहा कि हम पंजाब को अग्रणी निवेश स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए उद्योगजगत के साथ मिलकर चलेंगे।

उद्योगपतियों ने पंजाब सरकार की औद्योगिक नीति में सुधार करने और व्यापार को सरल बनाने के लिए सेक्टोरल समिति, वन टाइम सेटलमेंट स्कीम और लीज होल्ड से फ्री होल्ड इंडस्ट्रियल प्लॉट्स पॉलिसी की प्रशंसा की। उद्योगपतियों ने मंत्री के सामने पंजाब में एयर कार्गो सुविधा की डिमांड रखी। अरोड़ा ने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि वह राज्य में एयर कार्गो सुविधा के लिए आवश्यक प्रयास करेंगे। उद्योग मंत्री ने पंजाब में कारोबार के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने पर ध्यान दिया, जिस




पर निवेशक दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर विश्वास जता रहे हैं। एक सवाल के जवाब में अरोड़ा ने कहा, निगम की सीमा के बाहर स्थित इमारतों के लिए पृथक सक्षम प्राधिकरण की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि फैक्टरी विभाग द्वारा पूर्ण संरचनात्मक जांच के बाद जारी किया गया 'स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी सर्टिफिकेट' इस उद्देश्य की पूर्ति करता है और इसे वैध माना जाना चाहिए। सरकार इस विषय पर विचार करने के लिए सहमत है। उन्होंने कहा कि सरकार मोहाली, लुधियाना और अमृतसर में कन्वेंशन सेंटर विकसित करने की प्रक्रिया जारी है। एक ऑनलाइन सीआरओ प्रणाली शुरू है, जो 15 दिन में सेवा प्रदान करेगी।

### अमृतसर में लेनदेन के लिए भिड़े तस्कर, चली गोलियां

**मजीठा/अमृतसर** | गांव दबुर्जी में नशे के लेन-देन को लेकर तस्करों के 2 गुट आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। झगड़े के दौरान एक गुट ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। खेत से आ रहे एक व्यक्ति को 3 गोलियां लगी जो घायल हो गया। गांव के लोगों ने घायल को मजीठा के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सिटी में जीएनडीएच में रेफर कर दिया। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें दोनों गुटों की ओर से पत्थरबाजी की जा रही है। यहां तक एक तस्करों के ग्रुप के पास तेजधार हथियार भी थे। सूचना मिलने के बाद मजीठा डीएसपी और पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों ने बताया कि गांव में नशा धड़ल्ले से बिकता है।

# प्रदेश के जिलों में बनाए गए 399 केंद्रों पर 1,20,945 अभ्यर्थियों ने दी लेवल-3 परीक्षा

### बोर्ड मुख्यालय पर बनाए कंट्रोल सेंटर से की गई परीक्षा केद्रों की निगरानी

भास्कर न्यूज | भिवानी

प्रदेशभर में बुधवार को एचटेट की लेवल-3 की परीक्षा 399 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई, जिसमें 1,20,945 अभ्यर्थी शामिल हुए। बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल सेंटर से प्रदेशभर के सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की गई। प्रदेशभर में गठित 220 उड़नदस्तों ने परीक्षा के दौरान निरीक्षण किया। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार ने बताया कि फतेहाबाद में भारी बारिश के बीच परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराई गई। बोर्ड सचिव डॉ. नागपाल ने बताया कि पुलिस व प्रशासन का सहयोग रहा। सभी परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्तों ने कड़ी निगरानी रखी।



**पानीपत** | आर्य स्कूल के बाहर चेकिंग के लिए लाइन में खडे अभ्यर्थी।

### बोर्ड सचिव के हस्तक्षेप के बाद छात्रा को मिली एंट्री

भिवानी में देवसर में लिटिल हार्टर्स स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर बोर्ड सचिव की तत्परता से एक छात्रा परीक्षा दे पाई। शाम के सत्र में एचटेट पीजीटी की परीक्षा था। गांव गुजरानी की छात्रा नेहा ने डेढ़ बजे केंद्र में एंट्री की थी। करीब ढाई बजे एक कर्मचारी ने यह कहकर बाहर निकाल दिया कि उसका परीक्षा केंद्र यहां नहीं है। इस बारे में बोर्ड सचिव एवं एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल को अवगत करवाया गया। उन्होंने ने छात्रा का एडमिट कार्ड देखकर उसकी परीक्षा केंद्र में एंट्री करवाई।

**भास्कर स्टिंग** राघोपुर प्रखंड में सामने आया मामला, फिंगलास पंचायत के बूथ संख्या 228 में दिखी बीएलओ की करतूत

# मतदाता सूची पुनरीक्षण दस्तावेज के नाम पर वसूली, बीएलओ ने माना रुपये लिए

भास्कर न्यूज | राघोपुर (सुपौल)

राघोपुर प्रखंड में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। फिंगलास पंचायत के बूथ संख्या 228 पर नियुक्त बीएलओ अशोक कुमार मंडल पर मतदाताओं से अवैध रूप से पैसे लेने का आरोप लगा है। बुधवार को वार्ड 10 के महादलित टोला में दुर्गा मंदिर परिसर के पास बीएलओ मतदाताओं से दस्तावेज जमा कराने के नाम पर नगद रुपये वसूलते पाया गया। दैनिक भास्कर की टीम ने इस पूरे घटनाक्रम को वीडियो कैमरे में रिकॉर्ड किया है। वीडियो में बीएलओ मतदाताओं से साफ तौर पर रुपये लेते दिख रहा है।

वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि बीएलओ ने कहा था कि जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं हैं, वे रुपये देकर नाम जुड़वा सकते हैं। वहीं जिनके पास दस्तावेज थे उनसे सीधे कागजात लिए जा रहे थे। बीएलओ ने यह भी कहा कि जो लोग आज रुपये या दस्तावेज नहीं दे रहे हैं, उन्हें टेढ़ी टोला हुसैनवाद स्थित प्राइमरी स्कूल आना होगा। वह वर्तमान में वहीं पर प्रधानाध्यापक हैं। वीडियो में भी बीएलओ यह कहते दिख रहे कि जो आज जमा नहीं करेगा, उसे रामबिशनपुर पंचायत के टेढ़ी स्थित उनके मूल विद्यालय आना होगा। यह भी बताया कि बूथ संख्या 228 पर कुल 1058 मतदाता पंजीकृत हैं। इस घटना के बाद स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया है। मतदाता सूची जैसी पारदर्शी प्रक्रिया में इस तरह की अनियमितता से निर्वाचन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।



### बीएलओ ने माना- गलती हुई

दैनिक भास्कर से बातचीत में बीएलओ अशोक कुमार मंडल ने स्वीकार किया कि उन्होंने महिलाओं से कागजात के बदले रुपये लिए। उन्होंने कहा कि वह उन रुपयों से फोटो कॉपी करवा कर दस्तावेज लगवा रहे थे। जब पूछा गया कि क्या नगद राशि लेने का कोई विभागीय निर्देश है, तो उन्होंने इसे अपनी गलती बताया और कहा कि भविष्य में ऐसी शिकायत नहीं मिलेगी।







**मोतिहारी की घटना** • ज्ञानबाबू चौक के पास आरोपी ने चाकू से गोदा

# युवक की हत्या पर फूटा आक्रोश आरोपी के घर धावा, गाड़ी फूंकी

भास्कर न्यूज | मोतिहारी

**रुपए के लेनदेन का मामला, 11 हिरासत में लिए गए**

नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मसमाज रोड स्थित मनभरी कुंवर विवाह भवन के समीप बदमाशों ने मंगलवार की रात 11 बजे के आसपास युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। बनियापट्टी के अरुण प्रसाद के 27 वर्षीय पुत्र राजन कुमार कुछ युवकों ने बीच रास्ते हत्या की और फरार हो गए। वह शादी व अन्य समारोह में लाइट, जेनरेटर आदि का कारोबार करता था। बताया जाता है कि युवक रात में महावीरी झंडा जुलूस की समाप्ति के बाद ज्ञानबाबू चौक की ओर से लौट रहा था। इस बीच हिंदी बाजार निवासी राजा सिंह वहां पहुंचा। उसके साथ आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लोग भी थे। जैसे ही राजन विवाह भवन के पास पहुंचा राजा सिंह ने उसपर चाकू से हमला कर दिया। राजन ने राजा के सीने में चाकू से हमला कर हत्या कर दी और फरार हो गए। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बुधवार को जन आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशितों ने आरोपी के घर पर धावा बोल तोड़फोड़ की। राजा सिंह की थार गाड़ी व स्कूटी को आग के हवाले कर दिया गया।



हत्या के विरोध में जाम लगाते स्थानीय लोग व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

बुधवार को गांधी चौक पर शव लेकर आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दिया और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर आगजनी कर नारेबाजी की। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशितों को समझाकर जाम समाप्त कराया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि राजा सिंह की गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी का गठन कर दिया गया। उसका आपराधिक इतिहास रहा है। रुपए लेन-देन के विवाद की बात सामने आ रही है। 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। राजा पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

**महागठबंधन नौ प्रमंडलों में रैली करेगा**

# तेजस्वी बोले- सरकार हमारी योजनाओं की नकल कर रही



भास्कर न्यूज | पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर तेजस्वी यादव के आवास पर महागठबंधन की बैठक हुई। इसमें विधानसभा चुनाव की तैयारी, महागठबंधन की रणनीति, सीट बंटवारे सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। मीडिया से मुखातिब तेजस्वी ने कहा कि रक्षाबंधन के बाद वोटर लिस्ट पुनरीक्षण, अपराध, 80 हजार करोड़ रुपए के घोटाले सहित अन्य मुद्दे को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। सभी 9 प्रमंडलों में रैली होगी। कई जगहों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी रहेंगे। उनके अनुसार, बिहार सरकार हमारी योजनाओं की नकल कर रही है। 17 महीने स्वास्थ्य मंत्री रहते हमने आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन सरकार बदल गई। योजना लटक गई। सरकार अब आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़ा रही है। इसी तरह, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और रसोइया के मानदेय में बढ़ोतरी की बातों को यह सरकार मजबूरन पूरा कर रही है। हमने 17 महीनों के दौरान विकास मित्र, शिक्षा मित्र, टोला सेवक, तालीमी मरकज और पंचायती राज जनप्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाया था। यह सब काम अब जाकर मौजूदा सरकार ने की है। समन्वय समिति की बैठक में कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, वीआईपी के प्रदेश अध्यक्ष बाल गोविंद बिंद, भाकपा माले के धीरेंद्र झा सहित महागठबंधन के वरीय नेता मौजूद थे।

## गुमलाः बेटे ने कुल्हाड़ी से की पिता की हत्या, मां पर भी किया हमला

चैनपुर (गुमला) | गुमला के जारी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव में मंगलवार रात 11.30 बजे मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने टांगी से अपने ही पिता की हत्या कर दी। मां पर भी हमला करने की कोशिश की।



मृतक गुरुवा

मृतक की पहचान गुरुवा मुंडा (62) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पुत्र सुमन मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ग्रामीणों के अनुसार, सुमन मुंडा का अपने पिता के साथ अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह माता-पिता के साथ अक्सर मारपीट भी करता था। मंगलवार रात गुरुवा मुंडा घर से बाहर शौच के लिए निकले, तभी सुमन ने अचानक उन पर टांगी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पत्नी सिरमैत मुंडाइन बाहर आई तो देखा कि सुमन अपने पिता पर हमला कर रहा है। उसने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन सुमन ने उस पर भी हमला करने का प्रयास किया।

### बदायूं में बेटे की जगह नौकरी करने गए पिता की हत्या

बदायूं | भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता (55) की मंगलवार रात हत्या कर दी गई। वह बेटे की जगह नाइट ड्यूटी करने गए थे। सोते समय धारदार हथियार से उनकी हत्या की गई। बुधवार सुबह जब वह घर नहीं पहुंचे तो पत्नी तलाश करती हुई पहुंची तो वहां खून से लथपथ उनका शव पड़ा था। सिर फटा हुआ था। चेहरे पर भी धारदार हथियार के कई घाव थे। पुलिस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची।

### युवक की हत्या, पत्नी की शिकायत पर एफआईआर

कांडी (गढ़वा) | कांडी के मंडरा गांव में बुधवार सुबह 7.30 बजे हमलावरों ने सुनील पासवान (35) की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद करीब एक हजार ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। उन्होंने शव उठाने से रोक दिया। वे हत्यारों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। घटना की सूचना मिलते ही कांडी थाना प्रभारी पहुंचे। ग्रामीणों को समझाने-बुझाने के बाद करीब 7.30 घंटे बाद दोपहर 3 बजे शव पुलिस को सौंपा गया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पत्नी सविता देवी ने कांडी थाना में सात नामजद और चार अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**एक जिला एक उत्पाद** • इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित युवा कॉन्क्लेव में सीएम बोले

# युवा उद्यमी योजना अब युवाओं के लिए जॉब लेने नहीं, देने का माध्यमः योगी

भास्कर न्यूज | लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले यूपी का बाजार त्योहारों पर चीन के सामान से पटा हुआ था। आज चीन के उत्पाद से ज्यादा ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) का सामान बिक रहा है। 2017 के पहले भी प्रदेश में ओडीओपी बड़े पैमाने पर थे लेकिन तब उस समय की सरकारें नहीं समझ पाईं क्योंकि उनके लिए परिवारवाद ही सर्वोपरि था। वो लोग लगातार प्रदेश के एमएसएमई उद्योगों को बंद करने की साजिश का हिस्सा बन गए थे पर अब सरकार युवाओं को उद्यमी बनने के लिए मदद कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित युवा कॉन्क्लेव में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अब युवाओं के लिए जॉब लेने नहीं बल्कि देने का माध्यम बन गई है। सक्सेस स्टोरी सुनकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। एक ऐसी स्कीम जिसका ब्याज और गारंटी सरकार दे रही है। दस फीसदी मार्जिन मनी का लाभ भी सरकार दे रही है। इसी का परिणाम है कि 2751 करोड़ रुपए 68000 युवाओं को दिए गए। ये यूपी का पोटेंशियल है। ऐसे लाखों युवा यूपी में हैं, जो अलग अलग सेक्टर में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय टापू जैसे बन गए। उन्हें स्टेट और सेंट्रल की योजनाओ की जानकारी नहीं होती। वहां से निकला युवा चौराहे पर खड़ा होकर असमंजस में होता है फिर बिना जानकारी के लोन लेता है लेकिन ज्ञान न होने के कारण कर्ज के बोझ तले दब जाता है जिनके पास ज्ञान होता है, उनके पास पैसा नहीं होता। ऐसी सभी समस्याओं का समाधान सीएम युवा योजना है।

### मेरठ के कारोबारियों के शव बदले, आनन-फानन में वापस मंगाए, जांच शुरू

मेरठ | हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से 2 कारोबारियों के शव बदल गए। इसका खुलासा तब हुआ, जब परिवार के लोगों ने अंतिम दर्शनों के लिए चेहरे से कपड़ा हटाया। गनीमत ये रही कि दोनों परिवार एक-दूसरे को जानते थे, इस वजह से उन्होंने एक-दूसरे को फोन कर अपने रिश्तेदार की लाश वापस मंगवाई। इसके बाद मंगलवार को दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिसके बाद इस मामले की जानकारी पलवल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तक पहुंची। इसको लेकर पहले अधिकारियों ने कर्मचारियों से पूछताछ की तो उन्होंने दावा किया कि परिवार को दिखाकर शव दिए गए थे। हालांकि अब पूरे मामले की जांच के लिए टीम बना दी गई है।

## वाणावर गुफाएं भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, इनका संरक्षण जरूरीः सीएम नीतीश

भास्कर न्यूज | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वाणावर (बराबर) गुफाएं भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को उजागर करती हैं। इनका विकास बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से यह क्षेत्र संरक्षित रहे। पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। वे बुधवार को वाणावर (मखदुमपुर, जहानाबाद) क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद लोगों से मुखातिब थे। उन्होंने अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने वाणावर श्रावणी मेला में आए श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। वाणावर पहाड़ पर बाबा सिद्धेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सावन महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते हैं। मुख्यमंत्री ने मेला की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। डीएम को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न हो। इस बात का खास ख्याल रहे कि जलाभिषेक करने में लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद लोगों की समस्याएं सुनीं। डीएम को इसका समाधान करने को कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, ओएसडी गोपाल सिंह, मगध प्रक्षेत्र के आईजी क्षत्रनील सिंह, जहानाबाद की डीएम अलंकृता पांडेय, एसपी विनीत आदि मौजूद थे।


**तिरुमला तिरुपति देवस्थानाम्स, तिरुपति**
**विपणन विभाग**

**ई-खरीद निविदा सूचना**

विपणन विभाग, टी.टी. देवस्थानम को 88,00,000 (1) पेपर प्लेट्स की खरीद और आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सूचना और निविदा विवरण के लिए वेबसाइट http://www.tirumala.org और https://tender.apeprocurement.gov.in पर लॉग ऑन करें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: फ़ोन नंबर: 0877-2264079, 2264555, फ़ैक्स नंबर: 0877-2264554

कार्यकारी अधिकारी

TTD-40021/10/2025-PRO SEC (Adv. No. 149) Date :30-07-2025

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**

**PWD TENDER NOTICE**

SE & PD/PIU-I, P.W.(Roads) Directorate invites online e-tender for the work **"Construction of proposed bridge over river Muriganga including approaches to connect Kachuberia Sagar Island with Kakdwip in the district of South 24 Parganas, West Bengal (2nd Call)."** e-NIB No. **03 of 2025-2026,** Tender ID : **2025_WBPWD_884977_1.** Pre-BID Conference : 21.08.2025 at 1.00 PM. Bid Submission/Upload Start Date : 03.09.2025 from 3.00 PM. Bid Submission/Upload End Date / BID Due Date : 17.09.2025 upto 3.00 PM. Corrigendum if any will be published in website only. Details of N.I.B. and Tender documents may be downloaded from : https://wbtenders.gov.in/nicgep/app Sd/- SE & PD, PIU-I, PWRD, GOVT. OF W.B.


## प्रयागराजः मां गंगा ने तीसरी बार श्री बड़े हनुमान जी को कराया अमृत स्नान



प्रयागराज | नाग पंचमी को मां गंगा ने तीसरी बार श्री बड़े हनुमान जी को अमृत स्नान कराया। ऐसा पहली बार हुआ है जब एक महीने के भीतर तीसरी बार तीन बार गंगा हनुमान जी को स्नान कराया है। इसी के साथ संगमनगरी में बाढ़ का खतरा फिर मंडराने लगा है। हालांकि गंगा और यमुना का जलस्तर अभी खतरे के निशान से तीन मीटर नीचे है।

### पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, एक माह बाद मिली कामयाबी

बरेली | वन विभाग की टीम ने आखिरकार तेंदुआ पकड़ लिया है। पिछले एक महीने से गांव में तेंदुए का आतंक था। हालत ये थी कि ग्रामीण झुंड में ही गांव में हाथों में लाठी, डंडे और भाला लेकर निकलते थे। लेकिन अब जब तेंदुआ पकड़ लिया गया है, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।


**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) : U40109PB2010SGC033813
वैबसाइट : www.pspcl.in (संपर्क: 96461-18754)

निविदा पूछताछ संख्या 339/HPs/EDII/RSD-149 दिनांक : 28.07.2025

उप मुख्य अभियंता/जल विद्युत परियोजनाएँ, पीएसपीसीएल, शेड ए-3, शक्ति विहार, पीएसपीसीएल, पटियाला, आरएसडी, शाहपुरकंडी में 5 एचपी कंप्रेसर (बेयर हेड) के डिज़ाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा विनिर्देशों के लिए कृपया 06.08.2025 से https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोट : शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएँगे।

1079/12/2025-26/1776 C-540/25

**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2025 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges and Private Medical / Dental Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2025/02 Dated 29.07.2025**

**NOTICE for Online Application & Choice Filling**

Online Applications are invited from qualified, eligible & interested NEET(UG)-2025 candidates for appearing in the Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2025 in order to select candidates for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges of Bihar state and B.V.Sc. & A.H. courses in Govt. Veterinary Colleges of Bihar based on the Merit-List / Rank of UGMAC-2025 prepared on the basis of merit list of NEET (UG)-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA).

2. DQ candidates must note that they have to submit DQ certificate issued by only authorised Centres / Institutes on prescribed proforma as per para-3.6.3 (Annexure-5, 6, 7) of the prospectus of UGMAC-2025 at the time of counselling / document verification. For this, after filling and downloading the hard copy of online application form, candidates must consult any concerned authorised Medical College / Centre / Institute with the downloaded online application form for disability test for obtaining disability certificate.

Certificate issued from any other Institutes / Centres except above will not be entertained, for which the candidate will himself be responsible.

3. For Eligibility Criteria and required Documents for admission on NRI Quota, candidates are advised to see 'Notice to Candidates Admission Procedure under NRI Quota issued by MCC' which can be seen on Board's Website / Prospectus.

4. The online Registration & submission of Application Form-cum-Choice Filling (1st & 2nd) will start from **30.07.2025** and close on **04.08.2025 (10.00 p.m.).**

5. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the prespectus of UGMAC-2025 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2025/01 dated 29.07.2025, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

**Controller of Examination**


## बड़ा हादसा टलाः लखनऊ मेल का चक्का जाम होने से निकली चिंगारी

लखनऊ | लखनऊ-दिल्ली के बीच चलने वाली 12230 लखनऊ मेल के डी-4 कोच में मंगलवार रात हादसा होते-होते बचा। ट्रेन के कोच का चक्का जाम होने के कारण चिंगारी निकली। कोच में बैठे यात्रियों ने चिंगारी देखी। इसके बाद कोच में धुआं भरने लगा। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। बरेली जंक्शन पर ट्रेन को रोककर खराबी को दूर किया गया। सभी कोचों की जांच के लिए प्रारंभिक रखरखाव डिपो को लिखा गया है। लखनऊ मेल दिल्ली से रात 10 बजे चलने के बाद 2:37 बजे बरेली जंक्शन आती है। मंगलवा-बुधवार की दरम्यानी रात 2:15 बजे यह गाड़ी रामपुर-बरेली के बीच थी। डी-4 कोच में सवार यात्री विष्णु गिरधर ने बताया कि इस दौरान यात्रियों ने देखा कि ट्रेन के चक्के से चिंगारी निकल रही हैं, जो कोच के अंदर तक आ रही हैं। कुछ ही देर में कोच में धुआं आने लगा। इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। ट्रेन एक घंटे की देरी से 3:35 बजे जंक्शन पहुंची। यहां ट्रेन परीक्षक की टीम पहले से तैयार थी। प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन को ठहराव देकर चक्के में आई खराबी को दूर किया गया।


**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
**Employees' State Insurance Corporation**
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. E.S.I.C.

मुख्यालय
HEADQUARTERS
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110002
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI-110 002
Email :jd-rectt@esic.nic.in Website :www.esic.gov.in

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान और कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालयों में सीधी भर्ती के आधार पर शिक्षण संकाय (सहायक प्रोफेसर) की भर्ती**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम संसद के एक अधिनियम (कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948) के अधीन गठित एक सांविधिक निकाय है और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। क.रा.बी. निगम, कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान और कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर शिक्षण संकाय पद – सहायक प्रोफेसर के पदों को भरने का प्रस्ताव करता है।

| क्र. सं. | विशेषज्ञता | रिक्तियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनारक्षित | कुल |
| 1) | शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी) | 3 | 2 | 5 | 2 | 8 | 20 |
| 2) | संज्ञाहरण विज्ञान (एनेस्थिसियोलॉजी) | 3 | 1 | 6 | 1 | 6 | 17 |
| 3) | जीवरसायन (बायोकैमिस्ट्री) | 2 | 0 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 4) | सामुदायिक चिकित्सा (कम्यूनिटी मेडिसिन) | 7 | 5 | 9 | 5 | 16 | 42 |
| 5) | दंत चिकित्सा (डेंटिस्ट्री) | 2 | 1 | 2 | 1 | 4 | 10 |
| 6) | त्वचा विज्ञान (डर्माटोलॉजी) | 1 | 1 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 7) | फोरेंसिक चिकित्सा और विष विज्ञान (एफएमटी) | 2 | 1 | 2 | 1 | 4 | 10 |
| 8) | सामान्य कायचिकित्सा (जनरल मेडिसिन) | 2 | 0 | 4 | 1 | 5 | 12 |
| 9) | सामान्य शल्य चिकित्सा (जनरल सर्जरी) | 2 | 0 | 5 | 1 | 5 | 13 |
| 10) | सूक्ष्मजीव विज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी) | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 | 7 |
| 11) | प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ (ओबीजीवाई) | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 4 |
| 12) | नेत्रविज्ञान (नेत्र) (ऑपथैल्मोलॉजी) | 1 | 1 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 13) | अस्थिरोग विज्ञान (आर्थोपेडिक्स) | 2 | 0 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 14) | कर्णनासा कंठ विज्ञानी (ओटोरहिनोलैरिंगोलॉजी) (ईएनटी) | 2 | 1 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 15) | बालचिकित्सा विज्ञान (पेडियाट्रिक्स) | 1 | 0 | 2 | 1 | 2 | 6 |
| 16) | विकृति विज्ञान (पैथोलॉजी) | 1 | 1 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 17) | भेषजगुण विज्ञान (फार्माकॉलॉजी) | 2 | 1 | 3 | 1 | 5 | 12 |
| 18) | शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियोलॉजी) | 2 | 1 | 3 | 1 | 5 | 12 |
| 19) | मनोविकार चिकित्सा (साइकेट्री) | 1 | 1 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 20) | रेडियोडायग्नोसिस (रेडियोलॉजी) | 1 | 0 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 21) | सांख्यिकीयक (स्टेटीसियन) | 1 | 0 | 4 | 1 | 4 | 10 |
| | कुल | 40 | 18 | 63 | 25 | 97 | 243@ |

@ श्रेणी ए–3, बी–3, सी–2, डी तथा ई–2 के अंतर्गत बेंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए 10 रिक्तियां आरक्षित हैं।

नोटः– वास्तविक आवश्यकता के आधार पर रिक्तियों की संख्या बढ़ या घट सकती है।

वेतन संरचना, आयु, पात्रता मानदंड – शैक्षिक अर्हता, अनुभव, शोध प्रकाशन आदि और अन्य निबंधनों एवं शर्तों के विवरणों का विस्तृत विज्ञापन कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेबसाइट **www.esic.gov.in/recruitments** पर उपलब्ध है। उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को विस्तृत विज्ञापन देखने की सलाह दी जाती है। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.09.2025 है।**

दिनांक : 24.07.2025 संयुक्त निदेशक (भर्ती)

**भास्कर इन्वेस्टिगेशन** डब्ल्यूएचओ की सूचना पर हुई थी कार्रवाई, कफ सिरप में पाया गया था 28.6% डाईइथाइल ग्लायकोल

# कैमरून में 12 बच्चों की मौत के बाद सील फैक्ट्री की दो साल बाद भी जांच अधूरी, उसी लाइसेंस पर इंदौर में फैक्ट्री खुली

## चिट्ठियों के भरोसे जांच...

दीपेश शर्मा | इंदौर

जून 2023 में मध्य अफ्रीकी देश कैमरून में हुई 12 बच्चों की मौत के बाद WHO की सूचना पर इंदौर की रीमैन लैब को सेंट्रल ड्रग अथॉरिटी ने सील कर दिया था। स्टेट व सेंट्रल लैब कोलकाता से सैंपल फेल होने के बावजूद दो साल बाद भी कंपनी पर कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि उसी लाइसेंस पर दूसरी जगह फैक्ट्री जरूर खुल गई है।

अफ्रीकी देश कैमरून में जून 2023 में 12 बच्चों की मौत नेचरकोल्ड कफ सिरप से हो गई थी। सिरप में 28.6% डाईइथाइल ग्लायकोल पाया गया था, जबकि यह 0.10% से ज्यादा नहीं होना चाहिए। द सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने रीमैन लैब की सांवेर रोड स्थित फैक्ट्री सील कर ड्रग लाइसेंस निलंबित कर दिया था। बावजूद इसके उसी लाइसेंस नंबर 28/8/91 से कंपेल में नई फैक्ट्री शुरू कर कर दी गई है।

### ऐसे चल रही जांच : दो साल में ये ही नहीं ढूंढ पाए, कहां से आया था कच्चा माल

- भास्कर ने 10 जून को जांच अधिकारी ड्रग इंस्पेक्टर राजेश जीनवाल से पहली बार बात की तो उन्होंने कहा मैं 27 जून तक छुट्टी पर हूं।
- बाद में उन्होंने कहा रीमैन लैब ने मुंबई की स्नेहा मेडिकेयर से कच्चा माल लिया था। हम उन्हें सालभर से चिट्ठी लिख रहे हैं, लेकिन जवाब ही नहीं आ रहा है। अधूरी जांच के बिना हम कैसे प्रकरण कोर्ट में पेश करें।
- भास्कर ने मुंबई के स्नेहा मेडिकेयर को ढूंढ निकाला। संचालक कीर्तिभाई शाह से पूछा तो जवाब मिला इंदौर के ड्रग विभाग ने अब तक हमसे कोई जानकारी ही नहीं मांगी है।
- 24 जुलाई को भास्कर ने ड्रग इंस्पेक्टर से अपडेट पूछा तो बोले स्नेहा मेडिकेयर से जवाब आ गया है, लेकिन उसे देखने का समय नहीं मिल पाया।
- भास्कर ने ड्रग इंस्पेक्टर से फिर पूछा कि अब आगे क्या होगा तो बोले, ऐसा पता चला है कि स्नेहा मेडिकेयर ने भी किसी और कंपनी से कच्चा माल खरीदा था, अब उसे भी चिट्ठी लिखेंगे।

### फार्मा कंपनी को उसी लाइसेंस नंबर पर मिली फैक्ट्री संचालन की अनुमति

सीडीएससीओ की टीम ने रीमैन लैब के सांवेर रोड 69, सेक्टर ई इंडस्ट्रियल एरिया को सील करने के साथ लाइसेंस नंबर 28/8/91 को निलंबित कर दिया। फैक्ट्री के संचालकों ने इसी नाम से 175/2/3, मुंडला दोस्दार, कंपेल रोड पर दूसरी फैक्ट्री शुरू कर दी। इसका लाइसेंस नंबर वही 28/8/91 है, जो पहले निलंबित कर दिया गया था।



वह सिरप, जिससे कैमरून में 12 बच्चों की मौत का अंदेशा है

**फैक्टरी अपग्रेड की है, अब नेचर कोल्ड नहीं बना रहे**



*हमने फैक्ट्री को अपग्रेड किया है। लाइसेंस नंबर वही है, लेकिन फैक्ट्री दूसरे स्थान पर शिफ्ट की है। नेचर कोल्ड सिरप बंद कर दिया है।* - राजेश भाटिया, डायरेक्टर, रीमैन लैब्स

**भास्कर एक्सपर्ट**

दिलीप चिंचोलिकर, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर F&D, भोपाल

### इन्वेस्टिगेशन में जितनी देर होगी, उतना केस कमजोर बनेगा



- ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक रूल्स के अनुसार, मिलावटी, नकली दवाई या नार्म्स से अलग दवा बनाने वाली कंपनी पर अभियोजन की कार्रवाई ड्रग विभाग को करना है।
- जांच और कार्रवाई यानी कोर्ट में केस लगाने में जितनी देर करेंगे उतना ही केस कमजोर होगा।
- अगर मुंबई का सप्लायर जानकारी नहीं दे रहा है तो बार-बार रिमाइंडर के बजाय ऑफिसर वहां जा सकते थे। मुंबई के ड्रग कंट्रोलर से मिलकर सप्लायर से जानकारी ले सकते हैं।

## 35 फीट नीचे दबे मिले माता-पिता के शव

भास्कर न्यूज | कोरबा

कोरबा जिले में कुआं धंसने के बाद से लापता माता-पिता व बेटे की लाश 26 घंटे की रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद 35 फीट नीचे मलबे में मिली। पुलिस व प्रशासन की टीम घटना की जांच कर रही है। कटघोरा थाना क्षेत्र के बनवार गांव में तेज बारिश से छेदू राम श्रीवास के घर के बाड़ी में बना कुआं धंस गया था। सुबह श्रीवास परिवार के तीनों सदस्य छेदू राम (65), उसकी पत्नी कंचन बाई (53) व बेटा गोविंद (30) घर से लापता मिले थे। रात में वे कुआं की ओर मोअर पंप निकालने गए थे। इसलिए उनके मलबे में दबने की आशंका पर पुलिस व प्रशासन की टीम ने मंगलवार की दोपहर में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लगातार बारिश, दलदली मिट्टी के कारण बाधा आने के बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार 26 घंटे चला और बुधवार की दोपहर में तीनों लापता लोगों की लाश 40 फीट गहरा कुआं के अंदर 35 फीट में मलबे के बीच मिला। पुलिस व प्रशासन की टीम ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

**छत्तीसगढ़ के आदर्श ग्राम का हाल** • सांसदों ने ऐसे गांव चुने जो अन्य गांवों से कुछ ठीक थे, पर उसकी भी सूरत नहीं बदल सके

# स्कूलों में न स्मार्ट क्लास रूम, न घरों में पीने का पानी, खुली नालियां, गलियों की सड़कें उधड़ी हुईं... ऐसे हैं आदर्श ग्राम

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट**

राकेश पाण्डेय | रायपुर

सांसदों ने आदर्श ग्राम का चयन तो किया लेकिन उनकी देखभाल करना भूल गए। गांवों में न स्मार्ट क्लास रूम बने, न घरों तक पीने का पानी पहुंचा, कवर्ड नाली और सभी गलियों में पक्की सड़कें भी नहीं बनीं। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के सांसद फंड का इंतजार करते रहे और पांच साल बीत गए। गांवों को आदर्श बनाने के लिए जो प्लान बना, उसमें बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही सामाजिक और आर्थिक गतिविधियां भी शुरू की जानी थीं, ताकि गांव का संपूर्ण विकास हो सके। लेकिन सांसदों ने गोद लेने के बाद गांवों की तरफ मुड़कर देखा ही नहीं। तत्कालीन सांसदों का कहना है कि जब तक अलग से फंड नहीं जारी होगा, गांवों को आदर्श विकसित करना संभव नहीं है। भाजपा सांसदों ने पांच साल राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिलने और फंड की कमी का हवाला दिया, जबकि कांग्रेस के तत्कालीन सांसदों ने फंड की कमी को कारण बताया। भास्कर टीम ने 5 साल में गोद लिए गांवों में से कुछ गांवों को रैंडमली सलेक्ट कर जमीनी हकीकत की पड़ताल की। इसमें पता लगा कि कई सांसदों ने ऐसे गांवों का चयन किया जिन्हें या तो पहले ही किसी ने गोद ले रखा था, या जिनकी स्थिति अन्य गांवों से कुछ बेहतर थी।

**विलेज डेवलपमेंट प्लान भी खानापूर्ति:** गोद लिए गांवों का बाकायदा विलेज डेवलपमेंट प्लान (वीडीपी) बना। गांव की जरूरतों को जानने के लिए बेस लाइन सर्वे हुआ। हालांकि, गाइडलाइन के अनुसार गांवों को आदर्श बनाने की न तो कार्ययोजना बनी और न विकास हुआ। फंड की व्यवस्था न होने से सांसदों ने भी गांवों की तरफ ध्यान देना बंद कर दिया।

### चुन्नीलाल साहू, ग्राम- पोटियाडीह
#### सड़क पर पक्की नाली, गंदा पानी घरों में



**धमतरी का पोटियाडीहः** यहां आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और पक्की सड़कें पहले से हैं। कुछ लोगों ने बताया कि इसे महासमुंद के तत्कालीन सांसद चुन्नीलाल साहू ने 2019 में गोद लिया था। गोद लेने के बाद वे कभी गांव आए ही नहीं। गांववालों ने बताया कि कैसे सड़क के ऊपर पक्की नाली बना दी गई। विमला बाई का कहना है कि नाली का पानी उनके घरों में आ जाता है। गांव में 3 टंकी हैं। पर 50 घरों में आज भी पानी नहीं पहुंच रहा है।

**क्या हुआः** वीडीपी में 13 काम में 12 काम पूरे करने का दावा किया गया है। इसमें से कुछ काम पूरे हुए हैं लेकिन अधिकांश अधूरे हैं।



*प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। पांच साल में विकास के लिए पैसा ही नहीं मिला। अधूरे कामों को पूरा कराने के लिए हम पहल करेंगे।* - चुन्नीलाल साहू, तत्कालीन सांसद, महासमुंद

### सुनील सोनी, ग्राम- चंपारण
#### जमीन नहीं मिली तो बस स्टैंड नहीं बना



**अभनपुर ब्लॉक का चंपारणः** वहां कुछ बुजुर्गों ने बताया कि सांसद सुनील सोनी ने इसे गोद लिया। सांसद से ज्यादा गांव के सरपंच से नाराजगी है। उनका कहना है कि सांसद ने बस स्टैंड, हॉस्पिटल, शौचालय, तालाब सौंदर्यीकरण, सड़क जैसे कामों की पहल की, पर गांव ने जमीन ही नहीं दी। पुरानी बाजार चौक की सड़क 10 साल से जर्जर है। टंकी बनाने के बाद पानी की तलाश शुरू की गई। 2024 में दो किमी दूर नाला पार में बोर किया गया। पाइपलाइन अभी नहीं पहुंची है।

**क्या हुआः** वीडीपी में गांव के लिए 38 कामों की सूची बनी। इसमें से 10 शुरू नहीं हुए या अधूरे हैं। इसमें लिंक रोड, बस स्टैंड, स्कूल बिल्डिंग जैसे काम हैं।



*गांव के विकास के लिए प्लान बना था लेकिन स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने सहयोग नहीं किया। प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी, उसने भी अपेक्षित सहयोग नहीं किया।* -सुनील सोनी, तत्कालीन सांसद, रायपुर

### रेणुका सिंह, ग्राम- झुमरपारा
#### टूटी सड़कें, प्रदूषण से ग्रामीण नाराज



**सरगुजा का झुमरपाराः** इसे तत्कालीन केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने गोद लिया था। सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर गांव वालों में नाराजगी है। मंदिर चौक से रेलवे साइडिंग तक 3 किमी लंबी सड़क सालों से जर्जर है। कोयला डस्ट प्रदूषण बड़ा मुद्दा है। कोयला परिवहन से सड़क क्षतिग्रस्त है। नाराज ग्रामीणों ने भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। गांव में जल जीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा है। लोगों के घरों में आज तक नल से जल नहीं पहुंच रहा है।

**क्या हुआः** वीडीपी में गांव के लिए 19 काम तय किए गए। चुनिंदा लोगों के घरों के पास सड़क, हैंड पंप लगे। **हकीकत- सड़क, पानी जैसी सुविधाओं के लिए कुछ नहीं किया।**



*राज्य सरकार प्रस्ताव ही नहीं भेजती थी। राज्य सरकार से सपोर्ट नहीं मिला। कल्पना के अनुरूप आदर्श गांव का विकास नहीं हुआ।* - रेणुका सिंह, तत्कालीन सांसद, सरगुजा।



### अरुण साव, ग्राम- वेद परसदा
#### नाली नहीं बनी, अक्सर विवाद भी इसी कारण

वेद परसदा तत्कालीन सांसद अरुण साव का गोद ग्राम है। गांव में बहता हुआ गंदा पानी दिखा। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कें बनीं पर नाली नहीं। गंदा पानी सड़क पर बहता है। इससे लोगों में विवाद होता है। सालों से स्कूल और आरोग्य केंद्र चल रहे हैं। आंगनबाड़ी बेहतर है। सांसद एक-दो बार ही गांव आए हैं। घरों में 4 साल पहले नल का कनेक्शन हुआ। आदिवासी मुक्तिधाम के पास टंकी बनी, लेकिन कनेक्शन आज तक नहीं हुआ।

**क्या हुआः** गांव में वीडीपी में 51 काम चिह्नित किए गए। 35 काम पूरे करने का दावा किया गया है। इसमें अधिकांश बीज वितरण जैसे काम हैं। सीसी रोड, नए आंगनबाड़ी भवन के निर्माण जैसे काम अधूरे पड़े हैं।

*1 साल में गांवों को आदर्श बनाना आसान नहीं है। जरूरी फंड नहीं मिला। तत्कालीन राज्य सरकार से सहयोग भी नहीं मिला।*



अरुण साव, तत्कालीन सांसद

**प्रस्ताव** • 2016 के बाद अब शुरू हुई कवायद

## विधायकों का वेतन 65, पेंशन 40 हजार बढ़ाने की सिफारिश

**अभी सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में वेतन**

| राज्य | वेतन | राज्य | वेतन | राज्य | वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 1.92 लाख | तेलंगाना | 2.75 लाख | झारखंड | 2 लाख |
| महाराष्ट्र | 3.10 लाख | कर्नाटक | 1.92 लाख | छग | 1.75 लाख |

पॉलिटिकल रिपोर्टर | भोपाल

मप्र में आठ साल बाद विधायकों का वेतन और पूर्व विधायकों की पेंशन बढ़ाने की तैयारी है। विधायकों के वेतन में करीब 63% की बढ़ोतरी होगी, जबकि पेंशन भी दो गुना से ज्यादा होगी। विधानसभा की सदस्य सुविधा समिति ने मंगलवार को यह प्रस्ताव स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर को दिया है। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहे। विधानसभा इसे अब राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजेगी। राज्य सरकार विधायकों को घर और वाहन के लिए ऋण की राशि को पहले ही दो गुना कर चुकी है। लंबे समय से विधायकों व पूर्व विधायकों की पेंशन बढ़ाने का मामला सुविधा समिति में चल रहा है। कई दौर की बैठकों के बाद सभापति व वरिष्ठ विधायक नागेंद्र सिंह गुढ़ ने सदस्यों से चर्चा के बाद इसे अंतिम रूप दे दिया। जल्द ही प्रस्ताव मुख्यमंत्री को दिया जाएगा।

## सुकमाः 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**जगदलपुर** | सुकमा जिले में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में मारा गया नक्सली 5 लाख का इनामी एसीएम निकला। डीआरजी, एसटीएफ व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी ने ऑपरेशन लॉन्च किया था। बुधवार को मारे गए नक्सली की शिनाख्त 5 लाख के इनामी एसीएम कोटला गंगा उर्फ मुचाकी गंगा के रूप में की गई। वहीं मौके से बीजीएल लॉन्चर, बीजीएल शेल सहित अन्य विस्फोटक व सामान बरामद किया गया। वहीं बीजापुर जिले के ही बासागुड़ा इलाके में 6 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक व गोला-बारूद भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों में से 2 पर 1-1 लाख रुपए का इनाम घोषित है।

### सड़कों पर मवेशी छोड़े तो होगी एकपक्षीय कार्रवाई, जुर्माना भी

भास्कर न्यूज | बिलासपुर

सड़क पर मवेशियों के कारण हो रहे हादसे को लेकर हाई कोर्ट में सुनवाई जारी है। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद अब प्रशासन भी सख्त रवैया अपनाते हुए कहा है कि सड़कों पर पशुओं को खुला छोड़ने पर पशु मालिकों को सजा भी होगी और जुर्माना भी देना होगा। इतना ही नहीं उन्हें सुनवाई और साक्ष्य देने का मौका भी नहीं मिलेगा और उन पर एकपक्षीय कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को यह निर्देश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले के सभी एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 प्रभावशील कर दिया है। इसके अनुसार कोई भी मालिक अपने पशुओं को सड़क पर नहीं छोड़ सकेगा। अधिनियम का उल्लंघन करने पर उन्हें कठोर सजा या जुर्माना दोनों देना होगा।

**रेलवे में अव्यवस्था** • देश में बढ़ रही रेल यात्रियों की वर्चुअल भीड़

## 3 साल में 9 करोड़ यात्रियों ने टिकट ली, पर बर्थ नहीं मिलने से सफर नहीं

डॉ. संजय पाण्डेय | रतलाम

ट्रेनों की भीड़ तो आपने खूब देखी-सुनी है। आईए अब आपको एक ऐसी 'वर्चुअल भीड़' के बारे में बताते हैं जो दिखती तो नहीं है लेकिन इससे हर शख्स परेशान होता है। हम, वेटिंग क्लियर न होने पर होने वाले टिकट कैंसिल की समस्या के बारे में बात कर रहे हैं। इसका डाटा चौंकाने वाला है। देश में पिछले तीन साल में करीब 9 करोड़ लोगों की टिकट सीट न मिलने के कारण ऐन वक्त पर 'ऑटो कैंसिल' हो गई। यानी हर साल औसतन 3 करोड़ लोगों को ट्रेन छूटने से ठीक कुछ घंटे पहले अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। खास बात ये है कि इस तरह के यात्रियों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। टिकट बुकिंग के समय कंफर्म सीट न मिलने पर लोग वेटिंग टिकट ले लेते हैं।

**जानिए क्या होता है ऑटो कैंसिल**

आईआरसीटीसी से टिकट बुक करते समय यदि आपको वेटिंग टिकट मिलती है और यह चार्ट बनने तक कंफर्म नहीं होती तो रेलवे का सिस्टम उस टिकट को अपने आप कैंसिल कर देता है। यह ऑनलाइन बुकिंग यानी वेटिंग ई-टिकट पर लागू होता है।

**पांच साल में कितने यात्री परेशान**

| वर्ष | ऑटो कैंसिल | यात्री पीएनआर |
|---|---|---|
| 2021-22 | 1.06 करोड़ | 1.65 करोड़ |
| 2022-23 | 2.72 करोड़ | 1.76 करोड़ |
| 2023-24 | 2.96 करोड़ | 1.92 करोड़ |
| 2024-25 | 3.27 करोड़ | 2.14 करोड़ |

(आरटीआई में रेलवे द्वारा दी गई जानकारी)

## तहसीलदार-नायब तहसीलदार हड़ताल पर, कामकाज बाधित

### छत्तीसगढ़ में 17 मांगों को लेकर की हड़ताल

भास्कर न्यूज | रायपुर

प्रदेश में कार्यों के निर्वहन के लिए पर्याप्त संसाधन, पदोन्नति अनुपात 50:50 सहित 17 मांगों को लेकर तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं। इस कारण रायपुर समेत प्रदेशभर में तहसीलों में कामकाज पर असर पड़ रहा है। हड़ताल अनिश्चितकालीन है, ऐसे में आगे भी इस पर असर होने की आशंका है। बता दें कि छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले सोमवार 28 जुलाई को जिला, 29 जुलाई को संभाग और 30 जुलाई को प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया। प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन में ही संघ ने आगे भी हड़ताल जारी रखने की बात कही है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने कहा कि बिना संसाधन के तहसीलदार और नायब तहसीलदार काम करने को मजबूर हैं। पदोन्नति के नियम में पिछले शासन में बदलाव हुआ, जिससे पात्र तहसीलदार पदोन्नति से वंचित रह गए। ऐसे में जायज मांगों की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए गुरुवार से ही संभाग मुख्यालय में तहसीलदार व नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

**गोलू शुक्ला के बेटे ने महाकाल व चामुंडा मंदिर में किया था दुर्व्यवहार**

## विधायक को फटकार, भाजपा अध्यक्ष बोले- बेटे ने अब गलती की तो जिम्मेदारी आपकी

भास्कर न्यूज | भोपाल

इंदौर-3 से विधायक गोलू शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष की गुंडागर्दी को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन ने गंभीरता से लिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मंगलवार को गोलू शुक्ला को पार्टी कार्यालय तलब किया और बेटे पर नकेल कसने की नसीहत दी। भाजपा अध्यक्ष ने गोलू शुक्ला से कहा कि बेटे को समझाओ कि दोबारा ऐसी घटनाएं सामने न आएं जैसी उज्जैन के महाकाल मंदिर और देवास के चामुंडा माता टेकरी पर हुई हैं। खंडेलवाल और हितानंद ने कहा कि दोबारा ऐसी घटना हुई तो पार्टी अब सख्त एक्शन लेगी। दोबारा बेटे ने गलती की तो आपकी जिम्मेदारी होगी।



भाजपा अध्यक्ष और संगठन महामंत्री के साथ गोलू शुक्ला (बाएं)।

### 4 महीने में दो घटनाएं, इसी से नाराज था संगठन

गौरतलब है कि 21 जुलाई को शुक्ला के बेटे रुद्राक्ष ने महाकाल मंदिर के पुजारी से विवाद कर जबरन गर्भगृह में प्रवेश किया था। इससे अप्रैल महीने में देवास की चामुंडा माता टेकरी पर आधी रात को हंगामा कर पुजारी के साथ मारपीट की थी।

**भास्कर खास** ट्रांसलेशनल रिसर्च फैलोशिप स्कीम के तहत आईआईटी इंदौर में चल रही रिसर्च, बिजली भी बचाएगा

# खिड़कियों के परदों की जगह अब स्मार्ट ग्लास; रंग बदलेंगे, रूम ठंडा रखेंगे

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), इंदौर की लैब में घरों और दफ्तरों की खिड़की के लिए एक ऐसा स्मार्ट ग्लास तैयार किया है, जो खुद ब खुद अपना रंग बदल लेगा। ये ग्लास तापमान के साथ रोशनी को भी नियंत्रित करेगा, जिससे बिजली की भी बचत होगी। इससे कर्टन (परदे) की जरूरत पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। संस्थान में ये रिसर्च ट्रांसलेशनल रिसर्च फैलोशिप (टीआरएफ) स्कीम के तहत की जा रही है।

स्मार्ट इलेक्ट्रोक्रोमिक ग्लास का ये प्रोजेक्ट आईआईटी के रसायन विज्ञान विभाग की प्रो. सुमन मुखोपाध्याय और भौतिकी विभाग के प्रो. राजेश कुमार के मार्गदर्शन में डॉ. सायंतन सरकार कर रहे हैं। शोधकर्ताओं ने इसका सफलतापूर्वक परीक्षण किया है और इसके प्रारंभिक नतीजे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल एसीएस अप्लाइड मटेरियल्स एंड इंटरफेसेस में प्रकाशित हुए हैं। अगले चरण में शोधकर्ता अब छोटे-छोटे कांच के नमूनों पर यह देख रहे हैं कि ये कितनी तेजी से रंग बदलते हैं। कितने साफ दिखते हैं और गर्मी व रोशनी के बीच कैसे काम करते हैं। इन ग्लासेस का इस्तेमाल ग्रीन बिल्डिंग्स, स्मार्ट होम्स में बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। प्रो. मुखोपाध्याय और राजेश कुमार ने भी इसे भविष्य की जरूरतों के लिए एक मजबूत कदम बताया। पारंपरिक परदों और खिड़की की फिल्मों की तुलना में यह एक आधुनिक, टिकाऊ और स्मार्ट विकल्प बनकर उभरेगा।



आईआईटी में तैयार हुआ स्मार्ट ग्लास।

### सूर्य की तेज रोशनी में गहरा हो जाएगा रंग

यह ग्लास एक खास किस्म की कोटिंग से तैयार किया है, जो हल्के विद्युत प्रवाह के जरिये पारदर्शिता और रंग बदल सकता है। जब सूरज की रोशनी तेज हो तो यह ग्लास खुद-ब-खुद गहरा हो जाता है, ताकि कम रोशनी और गर्मी अंदर आए। वहीं, जब बाहर ठंड या कम रोशनी होने से यह ग्लास फिर से साफ हो जाता है। इस स्मार्ट ग्लास को वायलोजन-बेस्ड पारस आर्गेनिक पॉलिमर (पीओपी) की मदद से तैयार किया गया है। यह नया पदार्थ न सिर्फ टिकाऊ है, बल्कि बहुत जल्दी प्रतिक्रिया भी करता है। इसे कांच की सतह पर स्प्रे कोटिंग या डीप कोटिंग तकनीक से लगाया जाता है। इससे यह अच्छी तरह चिपकता है और लंबे समय तक चलता है। इसके बाद इसे दो पारदर्शी इलेक्ट्रोड के बीच रखा जाता है, जो हल्के से विद्युत संकेत पर रंग बदलने लगते हैं।

### इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च का उत्कृष्ट उदाहरण है

*स्मार्ट ग्लास प्रोजेक्ट इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह प्रोजेक्ट दिखाता है कि शोधकर्ता समाज के लिए कैसे उपयोगी तकनीक विकसित कर रहे हैं।*

- प्रो. सुहास एस. जोशी, डायरेक्टर, आईआईटी इंदौर

**रूम पर ले जाकर किया था दुष्कर्म, वीडियो बनाया**

## शाहवर मछली पर दुष्कर्म का केस, यासीन ने पीड़िता को धमकाया था

**भोपाल** | एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में गिरफ्तार शाहवर मछली और यासीन मछली की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शाहवर पर महिला थाने में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं, यासीन के खिलाफ पीड़िता को धमकाने का मामला दर्ज हुआ है। आरोपियों ने दुष्कर्म करने के बाद पीड़िता का वीडियो बनाया था। दुष्कर्म का विरोध करने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देते थे और शाहवर उसके साथ दुष्कर्म करता था। 25 वर्षीय युवती ने महिला थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि घटना 2018 की है। उस समय उनकी उम्र 17 साल थी। भोपाल के एक हुक्का लाउंज में शाहवर से मिली थी। शाहवर ने उसकी दोस्त की मदद की थी। इसके बाद 2018 में मुझे पंजाबी बाग में एक रूम पर लेकर गया था। यहां दुष्कर्म किया था।

### विधानसभा का फर्जी पास लगाकर घूमता था यासीन

यासीन मछली के खिलाफ अरेरा हिल्स थाने में भी मामला दर्ज किया गया है। यासीन विधानसभा का पास रद्द होने के बाद भी उसे अपनी कार पर लगाकर घूम रहा था। इस मामले में फरियादी गौरव शर्मा ने थाने में शिकायत की है। उनका कहना है कि 2024 में उन्होंने पास रद्द करवा दिया था। इसके बाद भी यासीन उस पास का इस्तेमाल कर रहा था।

# मानसून की चार ताल
## आमेर मावठा, जलमहल, छोटा और बड़ा सागर छलकने लगे




**जयपुर |** शहर में मानसून की बम्पर बारिश से बांध व तालाब लबालब हो गए है। जुलाई में ही कानोता, छापरवाड़ा बांध छलक गए है। वहीं शहर के सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल आमेर-जयगढ़ के बगल में स्थित छोटा-बड़ा सागर फुल हो गए। आमेर महल की तलहटी में बना मावठा सरोवर भी लबालब हो गया है।

**शहर में अब तक** औसत से ज्यादा बारिश होने से लगातार इन छोटे बांधों में आवक जारी है। मौसम विभाग ने अगले तीन-चार दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। ऐसे में पानी की आवक जारी रहने से आमेर मावठा, जलमहल, छोटा बड़ा सागर जल्द ही छलक उठेंगे और चादर चलेगी।

**कानोता बांध लगातार दूसरी बार छलकेगा:** लगातार दूसरे साल मानसून अच्छा रहने से जलमहल से कानोता में पानी की आवक जारी है। पिछले साल कानोता बांध छलका था और ढूंड नदी में पानी आया था। इस बार भी कानोता बांध पूरा लबालब हो चुका है अगले एक दो दिन की बारिश में बांध छलक जाएगा। -फोटो स्टोरी : **महेंद्र शर्मा**

### राज. पुलिस की ग्राम रक्षक भर्ती; 8वीं पास, उम्र 40 से 55 वर्ष हो

**जयपुर |** राजस्थान पुलिस ने ग्राम रक्षक बनाने के लिए स्वयंसेवकों की भर्ती शुरू कर दी है। इसके तहत आप दो साल तक बिना वेतन के ग्राम रक्षक बन सकते है। कम्यूनिटी पुलिसिंग के एसपी पंकज चौधरी ने बताया कि यह भर्ती राजस्थान पुलिस अधिनियम, 2007 और राजस्थान पुलिस (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के तहत की जा रही है। इसमें उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास होनी चाहिए। उम्र 40 से 55 वर्ष के बीच हो और आवेदक उसी ग्राम में निवासरत होना चाहिए। आवेदक स्थानीय थाने से आवेदन पत्र लेकर 15 अगस्त तक जमा करवा सकते है। अधिक जानकारी के लिए राजस्थान पुलिस की वेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in पर देख सकते है।

### सरकारी अस्पतालों में अन्य राज्यों के मरीजों का भी निशुल्क इलाज

**जयपुर |** एसएमएस अस्पताल सहित प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में अन्य राज्यों के भी मरीजों का निशुल्क इलाज हो सकेगा। इसके लिए इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी शुरू की गई है। इसके तहत लोगों को केन्द्र की आयुष्मान भारत योजना से जुड़ा होना जरूरी है। ऐसे में वह कहीं भी किसी भी जगह सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज ले सकेगा। मालूम हो कि एसएमएस में प्रदेश के बाहर के मरीजों को पैसा खर्च करना पड़ता था। हालांकि, निजी अस्पतालों की तुलना में यह बहुत ही कम रकम थी।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि एसएमएस में यूपी, एमपी, गुजरात सहित अन्य राज्यों के मरीज इलाज के लिए आ रहे थे, लेकिन उन्हें पैसा खर्च करना पड़ता था। कई बार इस बारे में बैठक हुई लेकिन हल नहीं निकल पा रहा था। अन्ततः चिकित्सा मंत्री और सरकार स्तर पर निर्णय होने के बाद तय किया गया है कि प्रदेश के अन्य लोगों का भी एसएमएस में निशुल्क इलाज हो सकेगा।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** SMS के मैच भी अन्य जगह करा सकती है RCA

# एमओयू में 50 लाख दे 3 करोड़ कमाता था RCA, अब 3.5 करोड़ का नुकसान

संजीव गर्ग | जयपुर

क्रिकेट की पिच पर राजस्थान राज्य स्पोर्ट्स काउंसिल से आरसीए हार गया है। 2019 में जब स्पोर्ट्स काउंसिल से 'MOU' हुआ था, उस समय सिर्फ 50 लाख देकर आरसीए को पूरे साल के लिए 'मालिकाना' हक मिल गया था। यहां तक कि SMS स्टेडियम के मेन ग्राउंड और एकेडमी ग्राउंड को सबलेट करने तक का अधिकार भी आरसीए के पास था। अब आरसीए किराएदार है। ऑफिस ही नहीं मैच खेलने, फिटनेस शिविर, कैम्प तक का किराया आरसीए को अब स्पोर्ट्स काउंसिल को देना होगा। अब अगर आरसीए को पैसा बचाना है तो राजस्थान के क्रिकेटर्स को एसएमएस स्टेडियम में मौजूद इंटरनेशनल लेवल की सुविधाओं से वंचित रहना पड़ेगा।

आरसीए को स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ एमओयू नहीं होने से लगभग 2.5-3 करोड़ रुपए सालाना का नुकसान होता है। इसमें आईपीएल और इंटरनेशनल मैचों से ही लगभग 2 करोड़ का नुकसान शामिल है। इसके अलावा प्राइवेट मैचों के लिए सबलेट करने से भी आरसीए को कमाई होती थी वो अलग। एकेडमी में चल रहे होटल-रेस्टोरेंट से 30 साख रुपए सालाना मिलते थे। अब आरसीए को इसमें से कुछ भी नहीं मिलेगा। खास बात तो यह है कि लेजेन-जी लीग और अन्य किसी भी लीग या प्राइवेट टूर्नामेंट के लिए ग्राउंड को तैयार करने का काम भी आरसीए के ग्राउंड स्टाफ को ही करना होगा। इसके एवज में आरसीए को स्पोर्ट्स काउंसिल कुछ पैसा मिलेगा या नहीं, यह भी तय नहीं है।

#### काउंसिल लेजेन-जी से कमाएगा ₹40-50 लाख

अब किसी को भी एसएमएस स्टेडियम व एकेडमी ग्राउंड व नॉर्थ-साउथ ब्लॉक को किराए पर देने का अधिकार स्पोर्ट्स काउंसिल के पास है। एसएमएस में अगले महीने लेजेन-जी लीग होनी है। इसमें पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर भी खेलते नजर आएंगे। 8 दिन की इस लीग से करीब 40-50 लाख स्पोर्ट्स काउंसिल कमाएगा। ये सब एमओयू होने की स्थिति में आरसीए के खाते में आता।

#### एमओयू से आरसीए को ये होते थे फायदे

- 50 लाख देकर 'मालिकाना' हक मिल जाता था आरसीए को
- 30 लाख हर इंटरनेशनल-आईपीएल मैच के बचते थे।
- 30 लाख के करीब थर्ड पार्टी से कमाता था आरसीए।
- 30 लाख साल के आरसीए एकेडमी होटल-रेस्टोरेंट से मिलते थे
- 40% छूट थी खिलाड़ियों और स्टाफ को होटल-रेस्टोरेंट से

*अब आरसीए में जरूरी मैचों का ही आयोजन करेंगे। जयपुर में अन्य ग्राउंड हमें सस्ते में मिल जाएंगे।*
**-दीनदयाल कुमावत,** कन्वीनर, एडहॉक आरसीए

*एमओयू से सरकार (स्पो. काउंसिल) को ही नुकसान है। अब राजस्थान क्रिकेट संघ से एमओयू नहीं करेंगे। हर ग्राउंड का प्रतिदिन के हिसाब से किराया लेंगे।*
**-नीरज के. पवन,** अध्यक्ष, स्पोर्ट्स काउंसिल

### राजकोट: 2 हत्यारोपियों को आजीवन कैद, ₹5.20 लाख मुआवजा देने का भी आदेश

**राजकोट |** राजकोट के बरकतीनगर में वर्ष 2018 में यूपी के मेशर अली याकूब अली पिंजारा (28 वर्ष) की हत्या की गई। इस मामले में राजकोट सत्र न्यायालय ने आरोपी सागर प्रवीण बगथारिया और किशन मोहन वाजा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और ₹5.20 लाख जुर्माना मृतक के 4 बच्चों व पत्नी को मुआवजा देने का आदेश दिया है। विदित हो कि शमसाद अली उर्फ केशर अली याकूब अली पिंजारा ने राजकोट तालुका पुलिस थाने में अपने भाई की हत्या का मामला दर्ज कराया था। वह मूलतः यूपी का है और वर्षों से राजकोट में मजदूरी कर रहा था। उसका भाई मेशर अली भी राजकोट में किराये पर रिक्शा चलाता था और 4 बच्चों व पत्नी के साथ रहता था। शमसाद अली को उसके भाई मैशर अली ने बताया था कि, 'मेरा सागर बगथरिया, किशन वांजा और विपुल से पुराना झगड़ा है, जो मुझसे रंजिश रखते हैं और मुझे मारने के लिए ढूंढ रहे हैं।' इस पर शमशाद ने मैशर अली को किसी से झगड़ा सावधान रहने को कहा था। इसके बाद 17 अक्टूबर 2018 की रात 11:30 बजे गली में रहने वाले फरीदुल्लाह हसन अंसारी ने बताया कि मशर अली बरकती नगर गली नं.4 के कोने में लहूलुहान पड़ा है।

### भास्कर रिपोर्ट के 4 दिन बाद सेवा शुरू: जसदण के 7 गांवों को 30 साल बाद ST बसें मिलीं, विद्यार्थियों-ग्रामीणों की समस्याएं दूर हुईं



**राजकोट |** गुजरात राज्य कैबिनेट मंत्री कुंवरजी बावलिया के निर्वाचन क्षेत्र राजकोट के जसदण तालुका के 7 गांवों में 30 सालों से बस सेवा उपलब्ध नहीं थी। भास्कर में यह रिपोर्ट प्रकाशित होने के 4 दिन में ही ST विभाग ने इन गांवों में बस सेवा शुरू कर दी है। बुधवार को जब इन गांवों में बस पहुंची, तो ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जसदण तालुका के वीरपार, रानींगपार, रणजीतगढ़, बोघरवरदार, अधिया और राजावदला गांव के लोग लंबे समय से बसें न आने के कारण परेशानी उठा रहे थे। अब यह सेवा शुरू होने से छात्रों और ग्रामीणों की समस्याएं दूर होंगी।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरु करवाने के लिए 9292 91 9292 पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

### दानह में पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार, सूरत सरकारी अस्पताल से भागा था

आरोपी 4 माह पहले न्यायिक हिरासत से भागा था

भास्कर न्यूज़ | सिलवासा



दानह पुलिस की स्पेशल टीम ने सूरत की सरकारी अस्पताल से फरार अंडर ट्रायल कैदी फिरोज काशीराम तुंबड़ा (सिलधा, रानपाडा, कपराडा) को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पॉक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत कपराड़ा पुलिस थाने में केस दर्ज था। वह न्यायिक हिरासत में था और सूरत के लाजपोर सेंट्रल जेल से सरकारी अस्पताल में भर्ती किया जा रहा था तभी भाग गया था और पिछले 4 महीनों से फरार था। दानह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दानह जिले और महाराष्ट्र राज्य के बीच सीमा पर जंगल में छिपा है। पुलिस ने दानह जिले में आरोपी के संभावित ठहरने के जगह की जानकारी जुटाई और बारवडपाडा, वांसदा गांव से हिरासत में लिया।

### वडोदरा: कॉलेज छात्रा ने 7वीं मंजिल से कूदकर जान दी



**वडोदरा |** लक्ष्मीपुरा के सहयोग स्पेस कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट में एक कॉलेज छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई। क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीमें मौके पर पहुंची और मृतका के परिजन स्थल पर पहुंचे। छात्रा 7 मिनट में ही घर से 500 मीटर दूर बिल्डिंग की 7वीं मंजिल पर पहुंची और कूद कर जान दे दी। पुलिस इसकी जांच कर रही है कि लड़की ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है।

### विधानसभा : युवा संसद कार्यक्रम 2 अगस्त को

**जयपुर |** छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं लेकिन युवाओं को राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा और समाधान से जोड़ने के लिए विधानसभा की तरफ से 2 अगस्त को विधानसभा में प्रातः 10 बजे से युवा संसद होगी। युवा संसद में जयपुर शहर के विद्यालयों के विद्यार्थी, लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाते हुए सदन में संसदीय प्रक्रियाओं पर वाद-विवाद करेंगे।

### पूर्व नाइजीरियाई विदेश मंत्री ने गुजरात यूनिवर्सिटी का दौरा किया

'भारत शिक्षा में आगे, छात्रों को मौका देने को आभारी हूं'



भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

पूर्व नाइजीरियाई विदेश मंत्री गेओफ्री ओन्येमा और उनकी पत्नी सुलोला गेओफ्री ओन्येमा ने बुधवार को गुजरात का दौरा किया। वे गांधी आश्रम से गुजरात यूनिवर्सिटी पहुंचे और शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे है और अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। मैं कुलपति, संकाय सदस्यों और कुछ छात्रों से मिलकर और चर्चा करके प्रभावित हुआ हूं। यह यूनिवर्सिटी बहुत प्रसिद्ध है और दुनिया भर में इसकी प्रतिष्ठा है। यहां आना मेरे लिए बहुत खुशी और सम्मान की बात थी। शिक्षा प्रणाली में कई समानताएं हैं। नाइजीरियाई छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भारतीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देने के लिए हम बहुत आभारी हैं। यह दोनों देशों के संबंधों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है।

### अमरेली: 5 गांवों में ₹1.59 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत बिल्डिंग बनेंगी

**अमरेली |** राज्य सरकार ने अमरेली जिले के सावरकुंडला, लिलिया तालुका के 5 गांवों में आधुनिक ग्राम पंचायत कार्यालयों के निर्माण के लिए ₹1.59 करोड़ की मंजूरी दी है। ये कार्यालय सावरकुंडला तालुका के गढ़कड़ा, पियावा, विजपड़ी और लिलिया तालुका के मोटा लिलिया और आंबा गांवों में बनाए जाएंगे। इस परियोजना से ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीणों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पंचायत भवनों का लाभ मिलेगा। सावरकुंडला-लिलिया विधायक महेश कासवाला के प्रयासों से इन कार्यों को मंजूरी मिली है। इससे पहले, सावरकुंडला-लिलिया के 21 गांवों में 5.25 करोड़ की लागत से आधुनिक ग्राम सचिवालयों को मंजूरी दी गई थी।

### जुए में हारे सस्पेंड प्रिंसिपल ने 3 जिलों की 26 आंगनबाड़ी से सिलेंडर चुराए

LCB ने पकड़ा, 18 बॉटल समेत हजारों का माल जब्त



भास्कर न्यूज़ | जामनगर

जामनगर, देवभूमि द्वारका और पोरबंदर जिलों की आंगनबाड़ियों से गैस सिलेंडर चुराने वाले जुए में हारे सस्पेंड स्कूल प्रिंसिपल को LCB ने गिरफ्तार कर बोतलें, बाइक व मोबाइल समेत ₹70,050 का माल जब्त किया है।

विदित हो कि सस्पेंड प्रिंसिपल कांतिलाल डायालाल नकुम (45 वर्ष) ने 3 जिलों की 26 आंगनबाड़ी से 18 गैस सिलेंडर चुराए थे। LCB टीम ने दरेड़ गांव में सीएनजी पंप के पास एक खाली कमरे में छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उससे ₹30 हजार 18 गैस सिलेंडर, ₹35 हजार की बाइक, ₹5000 का मोबाइल और चोरी में इस्तेमाल सरिया जब्त किया है। ऑनलाइन जुए में पैसे हारने के बाद उसने चोरियां करना शुरू कर दी थीं।

**बारिश की कमी** • राजकोट मेयर ने पानी कटौती नहीं करने का भरोसा दिलाया

### 7 अगस्त तक बारिश नहीं हुई तो नर्मदा के पानी से डैम भरेंगे, आजी-न्यारी में सिर्फ 16 दिन का पानी

भास्कर न्यूज़ | राजकोट



राज्य में अब तक मानसून अच्छा रहा है लेकिन राजकोट शहर में टुकड़ों में केवल 26 इंच बारिश हुई है, इसलिए शहर को पेयजल उपलब्ध कराने वाले डैम में सिर्फ 16 दिनों का पानी बचा है, जिससे पानी कटौती का डर मंडरा रहा है। हालांकि, राजकोट की मेयर नयना पेढडिया ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि किसी भी हालत में पानी कटौती नहीं होगी। 7 अगस्त तक बारिश नहीं हुई तो डैम को नर्मदा के पानी से भरा जाएगा। राजकोट मनपा ने सौनी योजना के तहत बांधों को भरा था, जिसमें से अधिकांश पानी पहले ही वितरित किया जा चुका है, इसलिए आजी और न्यारी डैम में वर्तमान में औसतन 16 दिनों के लिए ही पर्याप्त पानी उपलब्ध है।

### दाहोद: बाढ़ के हालात, 9 गांवों में अलर्ट, अदलवाड़ा डैम ओवरफ्लो की कगार पर




**दाहोद |** धानपुर तालुका का अदलवाड़ा डैम भारी बारिश के कारण ओवरफ्लो होने वाला है। जलस्तर 236.90 मीटर तक पहुंचा है, जो 237.30 मीटर के खतरनाक स्तर से 40 सेमी दूर है। इससे देवगढ़ बारिया और धानपुर तालुका के 9 निचले गांवों में अलर्ट जारी कर सुरक्षित जगह जाने के निर्देश प्रशासन ने दिए हैं।

**नवसारी को वंदे भारत स्टॉपेज की सौगात**

### सूरत में रेल सुविधाओं को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री को सौंपी गई मांगों की सूची

**सूरत |** केंद्जरीय लशक्ति मंत्री सीआर पाटिल के नेतृत्व में स्थानीय भाजपा नेताओं ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सूरत सहित दक्षिण गुजरात के रेल सुविधाओं के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस पर केंद्रीय रले मंत्री ने नवसारी स्टेशन पर मुंबई-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की घोषणा की है। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से उत्तर भारतीयों के लिए उधना-बनारस और बिहारी समाज के लिए उधना-पटना के अलावा ओडिशा वासियों के लिए सूरत से पुरी के लिए नई ट्रेन शुरू करने की मांग की। साथ ही दो नई मेमू ट्रेनों के संचालन और इंदौर, हिसार तथा हापा जाने वाली दूरंतो ट्रेनों को सूरत स्टेशन पर ठहराव देने की भी मांग की गई। इसके अलावा, सूरत से गुजरने वाली 57 ट्रेनों में आपातकालीन कोटा की सुविधा नहीं है, जिसे लागू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही सूरत-भुसावल वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत, नवसारी और बिलीमोरा के लिए नई ट्रेनों की मांग, नवसारी स्टेशन के विकास और उधना प्लेटफॉर्म पर फुटओवर ब्रिज को यार्ड तक बढ़ाने तथा सूरत से नंदुरबार-धुले होकर नासिक के लिए ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग भी रखी गई।

# पायलट प्रोजेक्ट में 1378 घरों पर QR कोड लगाए, इसे स्कैन कर आप अपने वेरा बिल की जानकारी के साथ भुगतान कर सकेंगे, इसमें हर व्यक्ति की मेडिकल हिस्ट्री भी रहेगी

सिटी रिपोर्टर | सूरत

इंदौर की तरह सूरत महानगर पालिका ने भी शहर के हर घर पर QR लगाने का निर्णय लिया है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शह में 1378 घरों पर QR कोड लगाए गए हैं। QR कोड लगाने का काम मनपा का स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इस सुविधा से संपत्ति कर (वेरा) वसूली के साथ लोगों का स्वास्थ्य सर्वे कर डेटा इकट्ठा किया जाएगा। मुख्य रूप से इससे मनपा इस सिस्टम से वेरा भुगतान को अधिक पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाना चाहती है। QR कोड के माध्यम से वेरा भुगतान और डेटा संग्रह करने की योजना पर काम चल रहा है। QR कोड से लोग आसानी से अपने प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित जानकारी प्राप्त कर भुगतान भी कर सकें। हालांकि कुछ घरों से इन QR कोड को उखाड़ने की खबरें भी आई हैं। अधिकारी इस पर विचार कर रहे हैं कि इस प्रक्रिया को और कैसे सुगम बनाया जाए।

**तकनीकी पहल** • सभी घरों के कोड सिस्टम को ICCC से कनेक्ट करेंगे



- **क्यूआर कोड से वेरिफिकेशन टैक्स संग्रह और पारदर्शिता बढ़ेगी |** अधिकारियों की हाल ही में हुई मीटिंग में विभिन्न विभागों को एकीकृत करने, संपत्ति कर को जोड़ने तथा नया मोबाइल एप बनाने या पुराने में ही सभी सुविधाएं जोड़ने पर विचार हुआ। डिजिटल सर्वे और ट्रैकिंग की प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर भी चर्चा हुई। इस पर आयुक्त जल्द निर्णय लेंगी।
- **वेरा ही नहीं, लोगों की मेडिकल हिस्ट्री का भी डेटा जमा करेंगे |** QR कोड लगाने का काम मनपा का स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इससे वेरा भुगतान ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य सर्वे भी किया जाएगा। एप में कर्मचारी को सभी विवरण भरने होंगे। घर में कितने लोग रहते हैं, उनकी उम्र, मेडिकल हिस्ट्री आदि का विवरण भी दर्ज करना होगा। साथ ही बुखार, सर्दी, खांसी का भी डेटा एप पर डालना होगा।
- **QR सिस्टम को ICCC से जोड़ा जाएगा |** क्यूआर कोड सिस्टम को इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) से जोड़ा जाएगा। इस प्रणाली से हर घर के QR कोड से संबंधित जानकारी सूरत मनपा के मुख्य सिस्टम से जुड़ जाएगी। इससे अधिकारियों को यह ट्रैक करने में मदद मिलेगी कि किसी घर के प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान हुआ है या नहीं। इससे पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। साथ ही बकायेदारों का भी पता चलेगा।

#### मनपा अधिकारियों ने इंदौर जाकर सिस्टम को समझा, अब सूरत में लागू कर रहे

इंदौर नगर निगम ने भी हाल ही में अपने शहर में घरों के बाहर QR कोड लगाने की शुरुआत की है। वहां यह योजना काफी सफल रही और टैक्स संग्रहण में भी वृद्धि देखने को मिली। सूरत नगर निगम के अधिकारियों ने इंदौर के इस मॉडल का अध्ययन किया और अब सूरत में भी इसे लागू करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का मानना है कि यह कदम से शहर में संपत्ति कर संग्रह को और अधिक पारदर्शी बनाने में मदद करेगा। इससे प्रशासन को स्मार्ट बनाने में भी मदद मिलेगी।

## प्रेरणा

खुश रहना और संतुष्ट रहना युवा बने रहने के सर्वश्रेष्ठ तरीके हैं। - चार्ल्स डिकेंस

## संपादकीय

# अमेरिका से ट्रेड डील के दीर्घकालिक असर भी देखें

1 अगस्त से शुरू होने वाली डेडलाइन के कुछ घंटों पहले ट्रम्प का 20-25 फीसदी टैरिफ वाले देशों में भारत का नाम जोड़ना गंभीर है। हमें तथ्यों को नए तरीके से देखना होगा। अपनी जरूरत का माल सस्ते में आयात करना और उसी शिद्दत से अपने माल को अन्य देशों को बेचना तीव्र विकास की अनिवार्य शर्त है। यूके से डील हो चुकी है, ईयू और यूएस से वार्ता जारी है। चूंकि अमेरिका हमारा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है, लिहाजा ट्रम्प की शर्तों पर राजनीतिक हानि-लाभ भूल कर यह सोचना होगा कि डील न होने या अधिक टैरिफ होने से भारत को दीर्घकालिक हानि क्या होगी। फिर यूएस की मुख्य शर्तें क्या हैं- सोयाबीन, मक्का, डेयरी उत्पाद अमेरिका से शून्य आयात शुल्क पर खरीदना? आंकड़े गवाह हैं कि भारत यूएस को 6.2 अरब डॉलर का कृषि उत्पाद बेचता है और मात्र 2.4 अरब डॉलर का खरीदता है। तो डील न होने से घाटा किसका? भारत अधिकांश डेयरी उत्पाद ईयू और न्यूजीलैंड से लेता है। भारत के सोयाबीन तेल के 5 अरब डॉलर के आयात में यूएस का शेयर मात्र 1.5 प्रतिशत है, जबकि आधे से ज्यादा आपूर्ति अर्जेंटीना और ब्राजील करते हैं। फिर अगर अमेरिका मक्का दे भी रहा है तो हमारे जानवरों को बेहद सस्ता फीड मिलेगा। दरअसल भारतीय हुक्मरानों की समस्या ट्रम्प की शर्तें नहीं आंतरिक राजनीति है। विपक्ष इस पर किसानों की बर्बादी की डील बताकर हंगामा करेगा। जबकि यूएस से ट्रेड डील का मतलब होगा कई मोर्चों- आयुध और न्यूक्लियर प्लांट्स से लेकर टेक-ट्रांसफर तक बड़ी जीत।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

# तुलसीदास जी का मानवता के लिए बड़ा योगदान है

इस कालखंड में मानव-मन आहत और व्यथित दोनों है। लगातार ऐसी खबरें जीवन में उतर रही हैं कि पढ़कर-सुनकर भय भी लगता है, चिंता भी होती है। टीवी-मोबाइल जब आए, अपना काम दिखा गए। मानव-मन उनसे भी आहत हुआ, पर हमारे पास तब समझ नहीं थी कि हम संभल जाएं। लेकिन एआई के वक्त हम थोड़ा जागरूक हो जाएं। पढ़ना-लिखना तो लोगों ने बंद ही कर दिया। लेकिन आज तुलसीदास जी की जयंती है तो दो साहित्य हमारे बच्चे पढ़ें, यह प्रयास करना है- रामचरितमानस और गीता। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस लिख कर मानव-मन पर बहुत ही सुंदर कार्य किया है। उन्होंने अनेक प्रसंगों में आदर्श की यथार्थ पर विजय दिलाई। रामचरितमानस की भाषा की सबसे बड़ी ताकत यह है कि लोकोक्तियां और मुहावरे बड़ी आसानी से प्रस्तुत किए गए हैं। कुछ दोहे-चौपाई तो भारतीय मन में ऐसे बस गए, जैसे रगों में रक्त। मनुष्य के मन की जितनी भी भावभूमियां हैं, वह सब रामचरितमानस में एक ही जगह मिल जाती हैं। इस ग्रंथ को पढ़ा जाए। जीवन के हर पक्ष में इससे संदेश लिए जाएं।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## पाठकों के पत्र

### गांवों में बनें आधुनिक भंडारगृह

हमारे देश में अब भी हर वर्ष लगभग 15% खाद्यान्न खराब हो जाता है, जो एक राष्ट्रीय त्रासदी है। हम खेल स्टेडियमों और फिल्मों पर करोड़ों रुपए खर्च करते हैं, लेकिन खाद्यान्न भंडारण हेतु पर्याप्त गोदाम नहीं बनाते। सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसंस्करण प्लांट, कोल्ड स्टोरेज और आधुनिक भंडारगृहों का निर्माण प्राथमिकता से कराना चाहिए। इससे फसलें बर्बाद होने से बचेंगी। किसानों की आय बढ़ेगी।
-मधु बुड़ावनवाला, रतलाम, मध्यप्रदेश

### ऑनलाइन गेम्स बंद करे सरकार

सरकार को ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म बंद कर देने चाहिए। आजकल युवा इन्हीं गेम्स में उलझ कर अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं। युवा सोचते हैं कि ऑनलाइन गेम में वह रुपए जीत जाएंगे, लेकिन अपना भविष्य खराब कर लेते हैं। घरवाले सोचते हैं कि हमारा बेटा पढ़-लिख कर नाम रोशन करेगा। लेकिन वह गलत संगत में आकर ऐसे ऑनलाइन गेम के चक्कर में फंस जाता है।
-जितेंद्र कुमार कुलदीप, सीकर, राजस्थान

### पासपोर्ट इंडेक्स में हमारी रैंकिंग सुधरी

हेनली पासपोर्ट इंडेक्स-2025 में भारत 77वें स्थान पर पहुंच गया है। यह गौरव की बात है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया के सभी पासपोर्टों को ऐसे गंतव्यों की संख्या के आधार पर रैंक करता है, जहां उनके धारक बिना पूर्व वीजा प्रवेश कर सकते हैं। भारत रैंकिंग में आठ पायदान ऊपर चढ़ा है। भारतीय पासपोर्ट धारक अब 59 देशों में बिना वीजा या वीजा ऑन अराइवल पर यात्रा कर सकते हैं।
-सुनील कुमार महला, पिथौरागढ़, उत्तराखंड

### एसआईआर मुद्दे पर विपक्ष कमजोर

चुनाव आयोग के एसआईआर सर्वे को देखें तो बिहार के करीब 70 लाख मतदाताओं के नाम नई मतदाता सूची में प्रकाशित नहीं होंगे। इसका मतलब हुआ कि लाखों मतदाताओं को अब बिहार के चुनाव में मतदान नहीं करने दिया जाएगा। इस निरंकुश कार्रवाई का जिस तरह से मुखर विरोध, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री कर रहे हैं, वैसा विरोध अन्य विपक्षी दल के नेता नहीं कर पा रहे हैं।
-जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर, झारखंड

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## क्या आप जानते हैं

# करीब छह लाख लोगों की जान हर साल लेता है मच्छर

दुनिया का सबसे घातक जीव कौन है? इसका जवाब है मच्छर। मच्छरों के कारण विश्व में हर साल करीब 6 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जीका जैसी बीमारियां फैला कर मच्छर किसी भी अन्य जीव के मुकाबले सबसे ज्यादा इंसानों की जान लेता है। 2023 में दुनियाभर में 83 देशों के 26.3 करोड़ से अधिक लोग मलेरिया से संक्रमित हुए थे।

**5.97 लाख लोगों की मौत 2023 में हुई थी अकेले मलेरिया से। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में यह बताया गया है।**

## सुर्खियों से आगे • अगर फर्जी वोटरों, रोहिंग्याओं, बांग्लादेशियों के नाम काटे जा रहे तो गलत क्या है?

# अपने ही सवालों में घिरा हुआ विपक्ष

## देशकाल



नवनीत गुर्जर

navneet@dbcorp.in

लगभग तीन महीने से हवा में तैर रहे सवालों के जवाब मिल गए। पहलगाम के। ऑपरेशन सिंदूर के और इन दोनों से जुड़े अन्य मामलों के भी।

हालांकि भारत को कितना और क्या नुकसान हुआ, जैसे कुछ सवाल अनुत्तरित ही रहे और दलगत राजनीति से ऊपर उठें और केवल देश के लिए सोचा जाए तो ऐसे सवाल अनुत्तरित ही रहने चाहिए। सरकारों के पास कुछ तो गोपनीय रहना ही चाहिए।

जैसा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो लोग, जो दल सरकार में रह चुके हैं, उन्हें व्यवस्थाओं के बारे में सब पता है। इसके बावजूद जो और जिस तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं, वे कुछ हद तक बचकाने ही कहे जाएंगे।

बहरहाल, विपक्ष के पास अब बिहार की मतदाता सूची के अलावा कोई प्रश्न नहीं बचा है।

हालांकि पिछले ग्यारह सालों में विपक्ष के पास कई मुद्दे आए, कई ऐसे विवाद आए, जिन पर वह सरकार को घेर सकता था। बाकायदा सबूत देकर सरकार के खिलाफ डंका बजा सकता था लेकिन उसने कुछ नहीं किया। कह सकते हैं कि सत्ता पक्ष इतना मजबूत है या उसकी राजनीति इतनी पक्की है कि विपक्ष की इतने वर्षों में एक नहीं चली।

सही है, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष होना चाहिए, लेकिन उसमें उतनी ही मजबूत समझदारी, परिपक्वता भी होनी चाहिए ताकि वह देशहित के मामलों में सत्ता पक्ष या सरकार का सकारात्मक सहयोग कर सके और दिशा भटकने पर सरकार के खिलाफ खड़ा होकर सही दिशा भी बता सके। ग्यारह वर्षों में तमाम विपक्षी पार्टियों ने शायद ही ऐसा कुछ किया हो!

चुनाव चाहे हरियाणा का हो, या महाराष्ट्र का, वोटिंग मशीनों के खिलाफ विपक्ष सिर्फ चिल्लाता रहा है। कोई सबूत आज तक पेश नहीं कर सका। न जनता के सामने। न सुप्रीम कोर्ट के सामने। कभी कहा हरियाणा में कुछ वोटिंग मशीनों में बैटरी का परसेंटेज कम, कुछ में नब्बे से भी ज्यादा कैसे? तो कभी कहा महाराष्ट्र में एक प्रत्याशी को अपना ही वोट नहीं मिला, यह कैसे संभव है? लेकिन इन सब बातों का कोई पुख्ता सबूत विपक्ष कभी नहीं दे पाया। महाराष्ट्र के मामले में तो चुनाव आयोग सिद्ध भी कर चुका कि उस प्रत्याशी को वोट मिले थे और यह वोटिंग मशीन से भी साबित हो चुका।

इस तरह के आरोपों पर जब सत्ता पक्ष सवाल करता है कि विपक्ष जीतता है तब वोटिंग मशीनें शुद्ध और अच्छी कैसे हो जाती हैं? तो विपक्ष के पास कोई जवाब नहीं होता। ऐसे में उसके अपने सवाल भी लोगों को हास्यास्पद लगने लगते हैं।

जहां तक बिहार का मामला है, यहां मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। चुनाव आयोग कह रहा है कि उसकी पद्धति शुद्ध और निष्पक्ष है। हो सकता है



**राजनीतिक विपक्ष मजबूत भी हो और जिम्मेदार भी...**

**स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष होना चाहिए, पर उसमें उतनी ही परिपक्वता भी हो कि वह देशहित के मामलों में सरकार का सकारात्मक सहयोग कर सके और दिशा भटकने पर सरकार के खिलाफ खड़ा हो सके।**

व्यवस्था की खामियां यहां भी हों! जिन लोगों को मतदाता के डिटेल्स कलेक्ट करने का जिम्मा सौंपा गया है वे इसमें तरह-तरह की कोताही बरत रहे हों। लेकिन चुनाव आयोग का कहना है कि इस सूची में कोई भी खामी रहती है तो सभी दलों को यह सौंपी जाती है।

यहां तक कि आम आदमी से भी आपत्ति मंगाई जाती है। कोई भी व्यक्ति पुख्ता सबूत देकर इस सूची में सही नाम जुड़वा सकता है और गलत नाम हटवा भी सकता है। फिर दिक्कत क्या है? कोई तो बताए?

दरअसल एक पक्ष यानी जो पार्टियां सत्ता में नहीं हैं, उनका कहना है कि बहुत से नाम काटे जा रहे हैं। बहुत लोगों को वोट देने के अधिकार से वंचित करने की साजिश की जा रही है। दूसरी तरफ सत्ता पक्ष का कहना है कि अगर फर्जी वोटरों, रोहिंग्याओं, बांग्लादेशियों के नाम काटे जा रहे हैं तो इसमें गलत क्या है?

आखिर देश या किसी राज्य की सरकार चुनने के लिए वोटर तो उस राज्य या देश का ही होना चाहिए! जो देश के नागरिक ही नहीं हों, उन्हें वोट देने का अधिकार क्यों मिलना चाहिए?

मामला जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो उसने कह दिया कि अगर बड़ी संख्या में वोटरों के नाम काटे जाते हैं, तो हम हस्तक्षेप करेंगे। बात यह भी समझ में नहीं आई। वोट अगर कटे और सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया भी तो फिर होगा क्या? क्योंकि इतना समय ही नहीं बचेगा कि पूरी प्रक्रिया दोहराई जा सके या इतने ज्यादा या इतनी बड़ी मात्रा में करेक्शंस किए जा सकें।

बहरहाल, सवाल-दर-सवाल जारी हैं और समाधान की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। देखना यह है कि चुनाव आयोग अपनी शुद्धता या निष्पक्षता कैसे साबित करता है और इन सवालों के जाल से किस परिपक्वता के साथ बाहर निकल पाता है।

## एडवांटेज इंडिया • चीन की कथनी-करनी में भेद

# चीन से रिश्ते बदल जरूर रहे हैं पर हमें सावधान रहना होगा

## आस-पड़ोस



पलकी शर्मा

मैनेजिंग एडिटर FirstPost

X@palkisu

भारत और चीन के रिश्ते 'री-सेट' हो रहे हैं। बीते दिनों भारत ने फिर से चीन के नागरिकों को टूरिस्ट वीजा देना शुरू कर दिया और एक भारतीय मैन्युफैक्चरर और चीन की एक बड़ी टेक फर्म के बीच संयुक्त उपक्रम को मंजूरी भी दे दी। 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद दोनों देशों के लोगों और कारोबारियों के आपसी रिश्ते फिर से सक्रिय होने लगे हैं। सुर बदल रहे हैं। दिखता तो यही है कि चीजें धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। लेकिन जल्दबाजी में बढ़ रहे इन संबंधों के पीछे एक जटिल सवाल है, जिसे भारत नजरअंदाज नहीं कर सकता। क्या यह रणनीतिक व्यावहारिकता है या जोखिम से भरा आशावाद?

आइए, देखते हैं कि बदला क्या है? सबसे पहले टूरिस्ट वीजा की बात। पांच साल पहले भारत ने चीनी पर्यटकों के लिए दरवाजे बंद कर दिए थे। पहले कोविड के कारण और फिर गलवान घाटी संघर्ष के बाद। यह प्रतिबंध अब समाप्त किया जा रहा है। 2019 में 3.40 लाख से ज्यादा चीनी पर्यटक भारत आए थे। हम दुबारा ऐसी ही उम्मीद कर सकते हैं। सांकेतिक तौर पर यह बड़ा कदम है, लेकिन कूटनीतिक तौर पर उससे भी बड़ा। भारत चीन से कह रहा है कि हम संबंधों को फिर से पहले जैसा बनाने के लिए तैयार हैं।

और फिर भारत की डिक्सन टेक्नोलॉजीज और चीन की लॉन्गचीयर टेक्नोलॉजी के बीच एक नए संयुक्त उद्यम की स्थापना जैसा बड़ा कदम सामने आया। डिक्सन भारत के प्रमुख अनुबंध आधारित मैन्युफैक्चरर्स में से है, जो सैमसंग और शाओमी जैसी वैश्विक कंपनियों को आपूर्ति करता है। लॉन्गचीयर चीन की एक फर्म है, जो स्मार्टफोन, टैबलेट और स्मार्ट डिवाइस को डिजाइन करती है।

दोनों का यह नया उद्यम भारत में फोन से लेकर स्मार्ट कार कंसोल तक सब कुछ बनाएगा। संयुक्त उपक्रम में डिक्सन की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत और लॉन्गचीयर की मात्र 26 प्रतिशत होगी। संदेश साफ है कि साझेदारी भारत की शर्तों पर हो रही है। सकारात्मक पहलू यह है कि इससे भारत को तकनीकी, नौकरियों और सम्भावित लाभ की स्थिति में होने का फायदा होगा। लेकिन गौर से देखें तो जोखिम भी उतना ही है।

ऊपर से भले ही सबकुछ सकारात्मक दिखता हो, लेकिन चीन का व्यवहार उन जगहों पर नहीं बदला है, जहां यह मायने रखता है। सीमा विवाद अभी भी अनसुलझा है। भारत की आपत्ति के बावजूद चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर बड़ा बांध बना रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त जब भारतीय सेना सीमा पार आतंकवादी ठिकानों पर हमले कर रही थी तो चीन पाकिस्तान को सैटेलाइट सपोर्ट, खुफिया जानकारियां, हथियार और रणनीतिक सहायता दे रहा था।

भारत को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का भी चीन का एक रिकॉर्ड रहा है। उसने रेयर अर्थ खनिज तत्वों का निर्यात रोक दिया है, जो भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के लिए महत्वपूर्ण हैं। जब ताइवान की फॉक्सकॉन कंपनी ने भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग का विस्तार किया, तब भी चीन ने अनौपचारिक रूप से दखल देकर इंजीनियरों को वापस बुला लिया। उपकरणों और कच्चे माल की सप्लाई भी बाधित की।

तो फिर भारत क्यों संबंध बढ़ा रहा है? इसके तीन संभावित कारण हैं। पहला, ये सरल उपाय हैं। धार्मिक यात्राएं, पर्यटन, व्यापार- इनमें से कुछ भी राजनीतिक तौर पर विवादित नहीं होता। ये प्रतीकात्मक कदम होते हैं। इनमें लागत कम है, और ये समय लेते हैं। दूसरा, ट्रम्प फैक्टर। चूंकि ट्रम्प पुरानी तमाम समझ को बदल रहे हैं, ऐसे में भारत भू-राजनीतिक तौर किसी एक देश के भरोसे नहीं रह सकता। उसे विभिन्न रास्तों से अपनी ताकत बढ़ानी होगी। इसमें चीन के साथ व्यावहारिक संबंध बनाना भी शामिल है।

**जब तक चीन पाकिस्तान को हथियार देना बंद नहीं करता, जरूरी चीजों के निर्यात से प्रतिबंध नहीं हटाता और सीमा विवाद हल नहीं करता, तब तक उसके साथ कोई भी री-सेट शांति संधि नहीं, शत्रुता में महज एक ठहराव जैसा ही है।**

तीसरा, ब्रिक्स के समीकरण। भारत 2026 में ब्रिक्स समिट की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री मोदी के पास इस समूह में सुधार की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। लेकिन ब्रिक्स में कोई भी रद्दोबदल चीन की मदद के बिना नहीं हो सकता। शी जिनपिंग को साथ में लिए बिना इस प्लेटफॉर्म के अप्रासंगिक हो जाने का खतरा है- जैसा कि हाल में ब्राजील में देखा गया, जहां शी और पुतिन दोनों ने समिट में हिस्सा नहीं लिया।

फिर भी इस री-सेट का ज्यादा महिमा-मंडन नहीं किया जा सकता। भारत को सावधान रहना होगा। व्यापार को भू-राजनीतिक तकाजों से अलग नहीं रखा जा सकता। तब तो बिलकुल नहीं, जब दूसरा पक्ष आमतौर पर दोनों को साथ रखता हो।

चीन की कथनी-करनी में भेद का एक लंबा इतिहास रहा है। और भारत ने सैन्य, आर्थिक और कूटनीतिक रूप से इसकी कीमत चुकाई है।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

## विश्लेषण • गेमचेंजर हो सकती है यह रणनीति

# ओबीसी वोटों को कांग्रेस की तरफ लाना चाहते हैं राहुल

## राजनीति



अभय कुमार दुबे

लेखक सीएसडीएस और अम्बेडकर विवि दिल्ली में प्रोफेसर रह चुके हैं

चुनावी राजनीति में हर पार्टी के पास बुनियादी जनाधार के रूप में एक शुरुआती पूंजी होती है। भाजपा को वैसे तो समाज के सभी तबकों के कुछ न कुछ वोट मिलते हैं, लेकिन ऊंची जातियों के वोटर उसका बुनियादी जनाधार हैं। सपा और राजद को यादव और मुसलमान वोटरों पर टिकी पार्टियों के तौर पर देखा जाता है। बसपा जाटव समाज के समर्थन पर टिकी है। जगनमोहन रेड्डी की पार्टी मुख्य तौर पर रेड्डियों, चंद्रबाबू नायडू की पार्टी कम्माओं और देवगौड़ा की पार्टी वोक्कलिगाओं की मानी जाती है। चुनावी प्रतियोगिता की प्रकृति कुछ ऐसी है कि वह किसी पार्टी को अपना बुनियादी जनाधार बदलने की गुंजाइश नहीं देती। इसलिए यह देखकर आश्चर्य होता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपने बुनियादी जनाधार में बड़ा संशोधन करने की कोशिश करते दिख रही है।

राहुल कांग्रेस को ओबीसी मतदाताओं के लिए आकर्षक बनाना चाहते हैं। प्रश्न यह है कि क्या हमें इसमें कांग्रेस की एक राजनीतिक विडम्बना देखनी चाहिए? या क्या इसे एक दूरगामी परिप्रेक्ष्य वाली रणनीति के तौर पर देखा जा सकता है? यहीं इस रणनीति के एक और पक्ष से जुड़ा सवाल पूछना जरूरी है। क्या कांग्रेस ओबीसी वोट खुद अपने लिए चाहती है, या वह भाजपा को ओबीसी वोट मिलने से रोकने के लिए सामाजिक न्याय का नारा बुलंद कर रही है?

भारतीय राजनीति पर अपने वर्चस्व के लंबे दौर में कांग्रेस ने उत्तर और मध्य भारत में ओबीसी वोटों की कोई खास परवाह कभी नहीं की। एक तरह से वह समाज के इस बहुसंख्यक तबके को गैर-कांग्रेसी पार्टियों की गोलबंदी के लिए साठ के दशक से ही छोड़ती रही है। हम जानते हैं कि इस दशक में जब राममनोहर लोहिया यूपी और बिहार में यादव समाज को अपनी ओर खींच रहे थे और दूसरी तरफ दीनदयाल उपाध्याय लोदी और काछी समाज के लिए जनसंघ को आकर्षक बनाने के प्रयास कर रहे थे, उस समय भी कांग्रेस विपक्ष की इस योजना को नाकाम करने की कोई कोशिश करती हुई नहीं दिखाई दे रही थी।

कांग्रेस का काम दलित (हरिजन), मुसलमान और ऊंची जातियों के वोटरों से बखूबी चल रहा था। चुनाव-दर-चुनाव वह इस आधार पर खड़े होकर 40% से ज्यादा वोटों की गोलबंदी करने में कामयाब थी। जैसे-जैसे राजनीति का कारवां आगे बढ़ा, जनता दल के गर्भ से कई ओबीसी-प्रधान दलों ने जन्म लिया और विभिन्न प्रदेशों की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने लगे। लंबे अरसे तक सत्ता में रहने के बाद जब इन दलों के ग्राफ में गिरावट आई तो इसका लाभ भाजपा को मिला, जो ओबीसी वोटों को ऊंची जातियों के अपने जनाधार से जोड़ने के विचारधारात्मक परिप्रेक्ष्य के साथ राजनीति कर रही थी।

2014 में जब भाजपा को पहली बार स्पष्ट बहुमत मिला, तो उसमें ओबीसी-प्रधान पार्टियों की गिरावट और भाजपा की तरफ गए ओबीसी वोटों की निर्णायक भूमिका रही। लगता है कि कांग्रेस ने राहुल के नेतृत्व में पहली बार भाजपा के उत्थान से जुड़े इस पहलू को समझने की कोशिश की है। जातिगत जनगणना और ओबीसी पर फोकस इसी का परिणाम है।

राहुल जानते हैं उत्तर और मध्य भारत में ओबीसी वोटों की मुख्य दावेदार पार्टियां इंडिया गठबंधन में उनकी पार्टनर हैं। वे इन पार्टियों से न तो ओबीसी वोट छीन सकते हैं, और न ही छीनना चाहते हैं। जहां ये पार्टियां नहीं हैं, वहां कांग्रेस स्वयं ओबीसी वोटरों की दावेदार है और आगे भी बन सकती है। कर्नाटक ऐसा ही प्रांत है। वहां कांग्रेस अहिंदा रणनीति पर चलती है जो ओबीसी-प्रधान है। गुजरात में कांग्रेस माधवसिंह सोलंकी के जमाने से ही क्षत्रिय कहे जाने वाले ओबीसी वोटरों की गोलबंदी करती रही है। लेकिन राहुल जानते हैं कि अगर वे उत्तर और मध्य भारत में भाजपा की झोली से ओबीसी वोटरों को पूरी तरह या आंशिक रूप से अलग करने में कामयाब हो जाएं, तो सपा और राजद जैसे उनके पार्टनर भाजपा को हरा सकते हैं। इससे कांग्रेस को भी लाभ हो सकता है।

**भाजपा के प्रभुत्व में ओबीसी-प्रधान पार्टियों की गिरावट और भाजपा की तरफ गए ओबीसी वोटों की बड़ी भूमिका रही है। राहुल ने भाजपा के उत्थान से जुड़े इस पहलू को समझकर रणनीति बनाने की कोशिश की है।**

लोकसभा चुनाव में यूपी के मतदाता इस तरह के परिणाम की एक बानगी दिखा चुके हैं। दरअसल, कांग्रेस भाजपा के मुख्य प्रभाव-क्षेत्र में दिखाना चाहती है कि भाजपा ओबीसी वोट तो लेती है, लेकिन बदले में इन समुदायों को दिया गया उसका आश्वासन पूरा नहीं किया जाता। भाजपा को सत्ता में 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं, इसलिए कांग्रेस को लगता है कि ओबीसी समुदाय हिंदुत्व के तहत सत्ता और सशक्तीकरण में अपनी साझेदारी के प्रति संदेहों से दो-चार हो रहे होंगे। अगर राहुल का यह आकलन सही है तो उनकी रणनीति अगले तीन-चार साल में राजनीति का खेल पलट सकती है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## सरोकार • सत्ता से असहमति को गद्दारी करार देना भारतीय गणतंत्र की नींव को ही गलत समझना है

# एकजुटता आवाजों को दबाने नहीं लोगों को जोड़ने से आती है

## जनमत



प्रो. मनोज कुमार झा

राजद से राज्यसभा सांसद

किसी त्रासदी का एकजुट होकर जवाब देना और निष्पक्ष आवाज में बोलना न केवल राष्ट्रीय पहचान बल्कि करुणा, सहानुभूति और न्याय जैसे साझा मूल्यों को भी मजबूत करता है। यह हम नागरिकों को याद दिलाता है कि राजनीतिक या सांस्कृतिक मतभेदों से परे, उन्हें क्या कुछ एक साथ जोड़ता है। एकजुट रहने से हम उन लोगों से अपने समाज को बचा सकते हैं, जो त्रासदी का फायदा उठाकर भेदभाव फैलाते हैं या गलत जानकारी देते हैं, जैसा कि पहलगाम में आतंकवादियों का साफ मकसद था। जब लोग शोक मनाने और याद करने के लिए साथ आते हैं तो यह साझा दुःख हमारी इंसानियत और देश की ताकत का आधार बन जाता है।

राष्ट्र के साथ एकजुटता का मतलब है अपने साथी नागरिकों के संघर्षों, उनके अधिकारों और उनकी गरिमा की सुरक्षा करते हुए उनके साथ खड़ा होना। मुझे अपने उन सभी साथी नागरिकों पर गर्व है, जिन्होंने इस परंपरा को कायम किया और इसका पालन किया। इस मौके का इस्तेमाल घरेलू राजनीति के फायदे के रूप में देखना एक ऐसे नेतृत्व को दिखाता है, जिसने राष्ट्रीय शक्ति की प्रकृति को बुनियादी तौर पर गलत समझा है।

हमारा दुःख और गुस्सा सस्ता नहीं है, और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। हालांकि ऐसे मौकों को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल होते देखना अब आम है। नेतागण नागरिकों से राष्ट्र के साथ खड़े होने का आग्रह करते हैं। लेकिन अक्सर इस नारे का इस्तेमाल सरकार के कामों के लिए बिना सवाल के समर्थन मांगने के लिए किया जाता है। देशभक्ति या एकजुटता को सत्ता में बैठे लोगों के समर्थन के साथ जोड़ना उस लोकतांत्रिक भावना के साथ धोखा है, जो देश को असली ताकत देती है। सच्ची एकजुटता आवाजों को दबाने से नहीं, राजनीति से ऊपर उठकर मेलजोल और एकता बढ़ाने से आती है।

हमें सचेत रहना होगा। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है, जहां सरकारों ने एक तरफ राष्ट्र के लिए बोलने का दावा किया, और दूसरी तरफ व्यवस्थित तरीके से अपनी ही जनता के बड़े हिस्से को चुप करा दिया। शांति और अहिंसक विरोध की बात करने के लिए दंडित दिए जाने नागरिकों की एक लंबी सूची है। कितने ही छात्र, शोधकर्ता प्रोफेसर, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्षी नेता आज बिना जमानत जेल में हैं। क्यों?

मुख्यतः नागरिक समाज को डराने के लिए। दूसरी ओर, सत्ता से जुड़े लोग लगभग कुछ भी कर सकते हैं, चाहे वह ऑनलाइन गुंडागर्दी हो, गंदी भाषा हो, हिंसा भड़काना हो, और यहां तक कि हमारे सुरक्षा बलों के वीरों का अपमान करना भी हो। जब सरकारें गलत काम करती हैं, असहमति को दबाती हैं, या नागरिक अधिकारों को कुचलती हैं, तो सच्ची एकजुटता चुप्पी या सत्तापक्ष के साथ साझेदारी में नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने में है। आमतौर पर, लोकतांत्रिक बातचीत सार्वजनिक जगहों और मीडिया में होती है। अफसोस कि इन जगहों पर निगरानी और नियंत्रण का चरित्र आज ऐसा हो गया है।

भारत एक विविधतापूर्ण लोकतंत्र है, जहां 1.4 अरब से ज्यादा लोग रहते हैं, सैकड़ों भाषाएं बोलते हैं, अनेक धर्मों को मानते हैं और अलग-अलग राजनीतिक सोच रखते हैं। सरकार कई राष्ट्रीय संस्थाओं में से एक संस्था मात्र है और यह अपने आप में राष्ट्र की सामूहिक इच्छा और आकांक्षा का प्रतीक नहीं है। इसलिए असहमति को गद्दारी बताना भारतीय गणतंत्र की नींव को ही गलत समझना है। आजादी का संघर्ष औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ असहमति पर आधारित था। भारत शीत युद्ध का भी मोहरा नहीं बना- उसने अपना रास्ता खुद बनाया।

महिला आंदोलन, पर्यावरण आंदोलन, जाति-विरोधी आंदोलन, सांप्रदायिक सद्भावना के लिए आंदोलन- इन सभी ने व्यवस्था को चुनौती दी और देश को सहानुभूतिशील और मजबूत बनाया। आलोचकों को चुप कराकर या पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विपक्ष के सदस्यों को राष्ट्र-विरोधी करार देना इस विरासत पर चोट है। इसने सार्वजनिक बातचीत को दूषित किया है और उन संस्थाओं को भी संक्रमित किया है, जिनका मकसद तानाशाही के खिलाफ सुरक्षा कवच के रूप में काम करना था। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## एनडीएमसी अफसरों के खिलाफ याचिका खारिज करने का मामला

# सरकारी अफसरों को बेबुनियाद केसों से बचाना जरूरीः कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने न्यू दिल्ली म्यूनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) के चार अधिकारियों के खिलाफ जांच और समन जारी करने की मांग को खारिज करने वाले मजिस्ट्रेट के फैसले को सही ठहराया है। कोर्ट ने ठेकेदार विशाल पराशर की अपील को खारिज करते हुए कहा कि सरकारी परिसर में काम कर रहे अफसरों के खिलाफ आरोपों की जांच में अदालतों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए, ताकि उन्हें बेवजह कानूनी परेशानियों से बचाया जा सके। कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट का आदेश पूरी तरह से तथ्यों और कानून के आधार पर था और इसमें कोई गलती नहीं है।

**यह लगाया था आरोपः** पराशर ने आरोप लगाया था कि 10 मार्च 2023 को पालिका केंद्र स्थित एनडीएमसी दफ्तर में एक चीफ इंजीनियर, एक एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और दो सुरक्षा अधिकारियों ने उनके साथ मारपीट की, धमकाया और गलत तरीके से रोका। इसके बाद उन्होंने मजिस्ट्रेट कोर्ट में इन अफसरों के खिलाफ समन और जांच की मांग करते हुए याचिका दायर की थी, जिसे मार्च 2024 में यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि शिकायत बिना ठोस आधार के है और संभवतः एनडीएमसी से चल रहे सिविल विवादों से प्रेरित है।

### यह कहा कोर्ट ने

- कोर्ट ने 23 जुलाई को दिए अपने आदेश में कहा कि पराशर ने एनडीएमसी दफ्तर में प्रवेश का कोई वैध प्रमाण नहीं दिया और न ही चीफ इंजीनियर से मिलने की अनुमति ली थी।
- पराशर का यह दावा भी खारिज किया गया कि 2017 से वह बिना पास के दफ्तर में आते रहे हैं।
- कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट का यह निष्कर्ष सही था कि शिकायतकर्ता की नाराजगी लंबित भुगतान, आरटीआई अपील और अन्य सिविल विवादों से जुड़ी है।
- कोर्ट ने यह भी कहा कि यह घटना एक अनचाही मुलाकात के दौरान हुई, जिससे यह संकेत मिलता है कि पराशर ने करीब 15 लाख रुपए की बकाया राशि वसूलने के लिए आपराधिक प्रक्रिया का सहारा लेने की कोशिश की।

### सबूतों की कमी व गवाहों का अभाव

- कोर्ट ने यह भी नोट किया कि शिकायत में कोई स्वतंत्र सार्वजनिक गवाह नहीं था और आरोपों की पुष्टि करने वाला कोई ठोस सबूत भी नहीं था।
- मजिस्ट्रेट ने सही कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 204 के तहत समन जारी करने के लिए न्यायिक संतुष्टि जरूरी है, यह कोई औपचारिक प्रक्रिया नहीं है।

## बैंक से लिए कर्ज के दबाव में आकर दिव्यांग युवक ने फांसी लगाकर दी जान

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

सेक्टर-तीन की हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मंगलवार रात एक दिव्यांग युवक ने फांसी लगा ली। उसका शव घर में पंखे से लटका मिला। आशंका है बैंकों से लिए कर्ज के दबाव में उसने आत्महत्या की है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सेक्टर-आठ थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार दिव्यांग का नाम भूपेश है। वह हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मां गीता और छोटे भाई के साथ रहता था। वह ऐप आधारित टैक्सी सेवा से जुड़ी एक कंपनी में बाइक चलाता था। उसका छोटा भाई भी दिव्यांग है। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। परिवार में भूपेश अकेला कमाने वाला था। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि उसने करीब आठ लाख रुपए का ऋण ले रखा था। उसे वह चुका नहीं पा रहा था। इससे वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। मंगलवार रात करीब आठ बजे मां और भाई दवाई लेने बाजार गए थे। इस दौरान वह घर पर अकेला था।

## युवक को उल्टा लटकाकर बेरहमी से पीटने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम की एक सोसाइटी के बेसमेंट में युवक को उल्टा लटकाकर बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दिल दहलाने वाला वीडियो वायरल होने पर सेक्टर-10 पुलिस ने केस दर्ज कर चार युवकों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था।

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक युवक को रस्सी से उल्टा बांधा गया है और उसकी पिटाई की जा रही है। ये घटना सेक्टर 37 की एक सोसाइटी के पार्किंग एरिया की है। हालांकि यह वीडियो जून माह की बताई जा रही है, लेकिन पुलिस के हाथ जब यह वीडियो लगी तो सेक्टर 10 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर चार लोगों को बसई एंक्लेव से गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान एमपी के भिंड निवासी पुष्पेंद्र, हरियाणा के भिवानी निवासी अजीत सिंह, रेवाड़ी-बावल के कृष्ण कुमार और पंजाब के अमृतसर निवासी अमित के रूप में हुई है। ये सभी गुड़गांव के बसई में रहते हैं और निर्माणाधीन सोसाइटी में सुरक्षाकर्मी का काम करते है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि पीड़ित युवक राजस्थान मूल का है और उसी निर्माणाधीन साइट पर जेसीबी चालक/ऑपरेटर का काम करता था। पीड़ित द्वारा 10/11 जून की रात को कंस्ट्रक्शन साइट से बिजली के तार चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसके चलते आरोपियों ने अपने अन्य साथियों ले साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था।

इस मामले में सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच व सेक्टर-10 थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए आज मुख्य आरोपी को सेक्टर-10, गुरुग्राम से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान योगेंद्र भाटी (उम्र 49 वर्ष) निवासी ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर-प्रदेश) के रूप में हुई। योगेंद्र ही कंस्ट्रक्शन साइट का ठेकेदार है। इसके कहने पर ही वारदात को अंजाम दिया गया था।

## एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने वाले दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद** | एटीएम कार्ड बदलकर खाते से रुपए निकालने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एटीएम कार्ड व 11 हजार रुपए बरामद हुए हैं। एक आरोपी फरीदाबाद व दूसरा पलवल का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सेक्टर-31 थाने में सेक्टर-31 निवासी तुलसी ने दी शिकायत में कहाकि वह तीन जुलाई को एटीएम से पैसे निकालने सेक्टर-31 गई थीं। इसी दौरान वहां दो लड़के आए और पैसे निकालते समय उनके कार्ड का पिन नंबर देख लिया। फिर उन्होंने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया।


**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**In the Court of Sh. Mahendra Singh Additional Civil Judge Senior Division Panipat**
Ravinder Kumar
Vs.
Sanyogwanti
CNR No: HRPP02-001514-2023
Next Date: 19-08-2025
CS/1155/2023
Publication issued to:
**1)** Sapna @ Tripata Rani D/o Late Sh. Har Krishan Lal, now wife of Raj Kumar son of Sardari Lal, resident of Raju Electronics, Harbanspura Gaushala Road, Near Mata Rani Chowk & Old Post Office, Ludhiana, Punjab
**2)** Manju Sindhra @ Rajwant D/o Late Sh. Har Krishan Lal now wife of Ashok Kumar son of Darshan Lal, resident of Khureji Ganda Nala,Gali No. 4, Near Khureji, Jagatpuri, P.S Jagat Puri, Delhi
IN above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 19-08-2025 at 10 am
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Panipat
**Sd/-Additional Civil Judge Senior Division Panipat**
Dated, this day of 29-07-2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Sundeep Singh **Additional District and Sessions Judge, Panipat**
**Ketan Bansal**
**Vs.**
**Smt. Sangeeta Bansal etc**
**CNR No. HRPP01-002494-2023**
**Next Date:- 13-08-2025**
**CIS No. CMA/23/2023**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
**Anu w/o Sachain Gupta R/o Flat No. SF-01, Khasra No 505/1, M-Wing, Lake New Apartment Shakti Enclave, Burari, Delhi-84**
**M: 9654207928**
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **13-08-2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panipat.**
**Additional District and Sessions Judge, Panipat**
Dated, this day of 28-07-2025


## फरीदाबाद में डेंगू के पांच व मलेरिया के 7 मामले आए

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जिले में डेंगू के पांच व मलेरिया के सात मामले आए हैं। इसकी पुष्टि करते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट ने अस्पताल में आने वाले बुखार के मरीजों के रक्त जांच के सैंपल लेने के आदेश दिए हैं। सीएमओ डा. जयंत आहूजा के अनुसार लगातार हो रही बारिश के चलते डेंगू व मलेरिया के मामले आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभी तक पांच सौ से ज्यादा बुखार के मरीजों के रक्त के सैंपल लेकर जांच की गई। जिनमें डेंगू के पांच मामलों की पुष्टि हुई। जबकि मलेरिया के भी सात मामले आए हैं। सभी मामले शहरी क्षेत्र से आए हैं। सीएमओ के अनुसार डेंगू व मलेरिया के मामलों को लेकर बुखार के मरीजों के रक्त की जांच के आदेश दिए गए हैं। पानी में पनप रहे लार्वा के कारण आने वाले दिनों में इन बीमारियों के बढ़ने की आशंका है।

## प्रशासन जनता के द्वारः दौलताबाद (कुणी) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में एडीसी वत्सल वशिष्ठ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**गुरुग्राम** | हरियाणा सरकार द्वारा अंत्योदय उत्थान के लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को पटौदी उपमंडल के ग्राम दौलताबाद (कुणी) में एडीसी वत्सल वशिष्ठ की अध्यक्षता में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव दौलताबाद के सरपंच एवं सरपंच एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष अजित सिंह तथा अन्य गणमान्य ने एडीसी वत्सल वशिष्ठ, डीसीपी मानेसर दीपक, एसडीएम दिनेश लुहाच सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का गांव में आगमन पर पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। एडीसी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए आश्वस्त किया कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

## बैंक कर्मी बनकर क्रेडिट कार्ड के नाम पर 1.04 लाख ठगे

**गुरुग्राम** | साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज द्वारा बैंक कर्मी बनकर क्रेडिट कार्ड के नाम पर युवक से 1,04,452 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मानेसर गांव के 23 वर्षीय कपिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास एक कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को बैंक का कर्मचारी फुरकान बताया।


**उत्तर रेलवे**
निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थानः एसएसई/सिग्नल/एचएनजेडएम (SSE/Signal/HNZM) सेक्शन में यमुना ब्रिजों पर केबल रिप्लेसमेंट वर्क से संबंधित एस एंड टी (S&T) वर्क। | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 12,31,451.43/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 24,600.00/- |
| कार्यालय का पताः वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 29.07.2025 / निविदा खुलने के दिनांक 20.08.2025 15.00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1457 दिनांकः 29.07.2025 2318/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) : U40109PB2010SGC033813
वेबसाइट : www.pspcl.in (संपर्क: 96461-86374)
निविदा पूछताछ संख्या 04/2025-26/पीडब्लूएमडीआई दिनांक : 29.07.2025
अधीक्षण अभियंता/पीडब्लू एवं एमडीआई सर्कल, पीएसपीसीएल, शेड ई-4, शक्ति विहार, पटियाला, पायलट वर्कशॉप सरना (पठानकोट) से पंजाब के विभिन्न स्थानों तक लोडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग सहित 45,600 न 9 मीटर लंबे पीसीसी पोल (प्रत्येक 490 किलोग्राम), 2560 न 11 मीटर लंबे पीसीसी पोल (प्रत्येक 1185 किलोग्राम) और 30,000 500 मिमी व्यास वाले एंकर ब्लॉक (लगभग 37 किलोग्राम प्रत्येक) के परिवहन कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा विनिर्देशों के लिए, कृपया 31.07.2025 को दोपहर 2:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोट : शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएँगे।
1079/12/2025-26/1750 C535/25

**IN THE COURT OF SH. HARVINDER SINGH JOHAL, DJ-02, NEW DELHI DISTRICT, PATIALA HOUSE COURT, NEW DELHI**
Case No. PC/20/2025
Title RAGHAVAN VARADARAJAN VS STATE & ORS.
NDOH 19.08.2025
1. Raghavan Varadarajan S/o Late Srinivasan Varadarajan R/o 4A, Girdhar Apartments, 28 Firozeshah Road, New Delhi-110001 ........Petitioner/s
Vs
1. State (Through Department of Revenue)
2. Madhavan Varadarajan S/o Late Srinivasan Varadarajan #6D, Sahjeevan Apartments, 15th Main, Opp SBI, Sadashivanagar, RMV Extension, Bangalore North, Bangalore, Sadashivanagar, Karnataka-560080
3. Bank of India Parliament Street Branch, PTI Building, 4, Parliament Street, New Delhi-110001 ........Respondent/s
Whereas a petition under section 278 of the Indian Succession Act, 1925 for the grant of Probate/Letters of Administration to the petitioner in respect of the movable and immovable property of the estate of Late Dr. Lotika Varadarajan and Late Srinivasan Varadarajan.
Notice is hereby given to the general public that any person having objection to the Grant of Letter of Administration/Probate in his favour in respect of the estate of the deceased particularly, "Locker bearing no 169 with Respondent no. 3 (Bank of India) "may file the same in the court personally or through counsel on or before the next date of hearing 19.08.2025.
Given under my hand and the seal of the court on the 10th day of July 2025.
**DJ-02 & Wakf Tribunal (NDD) Patiala House Court, New Delhi**

**महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया**
Maharshi Devraha Baba Autonomous State Medical College, Deoria
Website : mdbmc.ac.in • Tel: 0556-8297433 • E-mail: mdbmc2021@gmail.com
पत्रांकः मे०का०दे०/विज्ञापन/2025-26/ दिनांकः 30.07.2025
**जेम बिड सूचना**
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में Penta Head Microsocpe के क्रय हेतु जेम पोर्टल पर बिड के माध्यम से निविदायें (तकनीकी/वित्तीय बिड अलग-अलग) आमंत्रित किया जाना है। उक्त बिड में अधिक से अधिक संख्या में आपूर्ति-प्रतिष्ठान प्रतिभाग कर सके, इस हेतु जेम निविदा सूचना प्रकाशित किये जाने का प्रस्ताव निम्नवत् है :-

| क्र०सं० | विवरण | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| 1. | Penta Head Microscope के क्रय हेतु बिड सं० GEM/2025/B/6509536 Dated 30.07.2025 | Rs. 15,500/- |

नोटः-(1) उक्त के लिए टू-बिड्स (Two bids) सिस्टम के अंतर्गत बिड दिनांक 20.08.2025 को सायं 4 बजे तक बिड प्रपत्र जेम पोर्टल www.gem.gov.in पर अपलोड किये जा सकते हैं। (2) बिड प्रपत्र में अंकित विवरण निविदा सूचना का अंश माना जायेगा एवं बिना किसी कारण बताये बिड निरस्त/संशोधन करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
प्रधानाचार्य, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया

**Office of the Additional Deputy Commissioner, Gurugram**
Ground Floor, Vikas Sadan, Opposite Mini Secretariat, Gurugram-122001
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि: सचिन तवर पुत्र श्री नरेश कुमार तवर निवासी मकान नम्बर 2, नजदीक अनाज मंडी, गुरुग्राम और वैशाली पुत्री ओम प्रकाश निवासी मकान नम्बर 2143/5, माता रोड, नजदीक शिव मंदिर, राजीव नगर गुरुग्राम, हरियाणा अपनी मर्जी और सहमति से एडीसी-सह-विवाह अधिकारी, गुरुग्राम की अदालत में विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत एक दूसरे के साथ विवाह करना चाहते है यदि किसी व्यक्ति को इस विवाह के बारे में कोई आपत्ती हो तो अखबार में प्रकाशित होने के 30 दिन के अंदर अतिरिक्त उपायुक्त कम विवाह अधिकारी गुरुग्राम को लिखित में आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा नियम अनुसार विवाह संपन्न करवा दिया जाएगा

**उत्तर रेलवे**
**E-TENDER NOTICE**
वरि. मं. वि. इंजी/ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | RT232-Elt-EMU-WC-12-24-25 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | 03 वर्ष की अवधि के लिए ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में विभिन्न गतिविधियों सहित एमईएमयू कोचों में शौचालय प्रणाली की मरम्मत और रखरखाव। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 30,60,468.00 Inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 61,200.00 (online payment mode available on IREPS website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 Days |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) | 30.07.2025, 15:00 Hrs. |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) | 08.08.2025 to 22.08.2025, 11:00 Hrs. |
| 10 | निविदा समापन की तिथि एवं समय | 22.08.2025, 11:00 Hrs. |
| 11 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 22.08.2025, 11:00 Hrs. |
| 12 | निविदा छपाई की लागत (allocation) | 06041132 |

**Note 1:** All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void". **Note 2:** Duplicate documents should not be enclosed/uploaded.
निविदा सूचना website **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**No.: RT232-Elt-EMU-WC-12-24-25 Date: 30.07.2025** **2326/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**
**महत्वपूर्ण सूचना**
**रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-**

| रेलगाड़ी सं. 04090/04089 आनंद विहार ट.-पटना जं.-आनंद विहार ट. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस | | | 184 फेरे | |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी सं. 04090 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04089 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:25 | आनंद विहार टं. | 14:50 | -- |
| 21:30 | 21:35 | कानपुर सेंट्रल | 07:50 | 07:55 |
| 00:20 | 00:25 | प्रयागराज जं. | 04:35 | 04:45 |
| 03:10 | 03:20 | वाराणसी जं. | 01:45 | 01:55 |
| 04:55 | 05:00 | गाजीपुर सिटी | 23:35 | 23:40 |
| 05:55 | 06:00 | बलिया | 22:35 | 22:40 |
| 06:20 | 06:22 | सहतवातर | 22:11 | 22:13 |
| 06:45 | 06:50 | सुरेमनपुर | 21:45 | 21:50 |
| 08:05 | 08:15 | छपरा जं. | 21:05 | 21:10 |
| 10:10 | 10:20 | पाटलिपुत्र जं. | 18:50 | 18:55 |
| 11:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 18:20 |

**चलने के दिन : 04090 आनंद विहार टं.** से दिनांक 08.08.2025 से 07.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04089 पटना जं.** से दिनांक 09.08.2025 से 08.11.2025 तक (प्रतिदिन)।
**स्थानः** द्वितीय-सह-तृतीय वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**
पर हमें फॉलो करें
**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2323/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
The Executive Engineer HP.PWD., Division Nadaun District Hamirpur H.P on behalf of Governor of H.P invites the item rate bids, in electronic tendering system from the eligible class for the works as detailed below on the table below:-
**Sr.No1. Name of Work :**Construction of Construction of additional block-C for Government ITI Nadaun at Rail, District-Hamirpur (HP). (SH:- Building portion including Water Supply & Sanitary Installation, Septic Tank, Rainwater Harvesting Tank, etc.) (Deposit Work) Time Limit:- 12 Months Cost of tender form:-10000/- **Estimated cost (Rs.)** :6,89,36,707/- **Starting Date for downloding Bid** :04-08-2025 from 10:30 AM **EMD (Rs.)** :5,30,000/- **Deadline for Submission of Bid :** 11-08-2025 upto 10:30 AM
The bidders are advised to note other details of tenders from the department website.
**Executive Engineer, Nadaun Division, HPPWD, Nadaun. Pin Code 177033 Telephone No. 01972-298570 e-mail: ee-pwdndn-hp@hp.gov.in On behalf of Governor of Himachal Pradesh.**
Him Suchna Avam Jan Sampark 2143/2025-26

**SECTION 1**
**Superintending Engineer 14th Circle HPPWD Rohru**
**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**
**Sr. No.1 District :** Shimla **RIDF :** XXX **Name of work :** Up gradation of Rohru Chirgaon Dodra Kawar road km 0/0 to 15/0 (SH:-Formation Cutting, Passing Places, R/wall, Cross Drainage work, GSB, WBM-II, WBM-III, MT Interlocking Paver, Side drain and Parapets km 0/0 to 15/0) under NABARD RIDF-XXX **Estimated Including GST Const. : Cost (in lacs)** 1589.13 **Maint. Cost (in lacs)**: 117.35 **Total cost (in lacs)** : 1706.48 **Period of completion on (in lacs)** :18 month **Bid Security (in lacs) :** 34.13
1. Date of release of invitation for bids through e-procurement 30.07.2025
2.Cost of bid from Rs.20,000/-per job (Non-refundable)
**3.Availability of Bid Document and mode of submission: -** The bid document is available online and bid should be submitted online on website http://www. hppwdtenders.gov.in .The bidder would be required to register in the website which is free of cost.
4. Last date/ Time for receipt of bid through e-tendering last date/ time for receipt of bids through e-tendering on dated 06.08.2025 up to 6:00PM
5. The technical qualification part of the bids will be opened online at 11:00 A.M. on 07 August. 2025.
6. Other details can be seen in the bidding documents. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received ay the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.
**(Pramod Kumar Upreti) Superintending Engineer 14th circle HPPWD Rohru**
Him Suchna Avam Jan Sampark 2136/2025-26

**AFD**
**Pre-Qualification Notice**
**CE-PMU-JSV-AFD-PQL-2025/-2757**
IPC No. HP/JSV/CE(PMU)/2025-01 Chief Engineer (PMU), Jal Shakti Vibhag, Mandi HP invites online Pre-qualification bids from eligible bidders for the works of "Construction of Water Supply Network at Manali adjoining areas, Sewerage Network at Palampur zone 1&3, KarsogandNahan zone 1,2 & 3". The Documents shall be available online on portal https://hptenders.gov.inand http://afd.dgmarket.com- from 28/07/2025 (from 06:00 PM) onwards, till 25/08/2025, (up to 02:00 PM).
Him Suchna Avam Jan Sampark 2154/2025-26

**हरियाणा बीज विकास निगम लिमिटेड**
**(हरियाणा सरकार का संस्थान)**
**नरहेड़ा रोड, पटौदी (गुरुग्राम)**
**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**
सभी माल ढुलाई से संबन्धित ठेकेदारों के सूचनार्थ है, कि हरियाणा बीज विकास निगम के पटौदी व अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों से हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर बीज ढुलाई कार्य वर्ष **2025-26 (01.09.2025 से 31.08.2026)** के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। जिसका पूर्ण विवरण हरियाणा सरकार की वेबसाइट **www.etenders.hry.nic.in** पर दिनांक **11.08.2024** को ID No. : 2025_HBC_460904_1 के अंतर्गत दिया गया है। अतः इच्छुक पार्टियां निविदा भरने के लिए उपरलिखित वेबसाइट से पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।
**प्रबन्धक**

**स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़**
**शुद्धिपत्र**
संदर्भः वैश्विक निविदा पूछताछ सूचना संख्या PI(EP)/24-25/G/09 निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं:-

| क्र. सं. | उपकरण/वस्तु का नाम | मूल बोली प्रस्तुत करने की तिथि | संशोधित बोली प्रस्तुत करने की तिथि | मूल बोली खोलने की तिथि | संशोधित बोली खोलने की तिथि | विभाग का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पॉलीमरेज चेन रिएक्शन मशीन(मल्टी-लॉक/ग्रेडिएंट/ड्रॉपलेट डिजिटल/रियल टाइम | 29.07.2025 | 13.09.2025 | 30.07.2025 | 15.09.2025 | इम्युनोपैथोलोजी |

अन्य सभी विवरण यथावत रहेंगे। प्रोफेसर इन-चार्ज (ईपी)

**Govt. Polytechnic for Women, Sector-8, Faridabad**
**Admission Notice (Session 2025-26)**
**Diploma Engg. and Diploma Engg. (Lateral Entry)**
Few seats are vacant in various branches in Govt. Polytechnic for Women, Sector - 8, Faridabad in Diploma Engg. & Diploma Engg. (Lateral Entry). As per the instruction of HSTES, Panchkula the institute-level manual counseling is scheduled as given below:
**Seats will be allotted on the basis of fresh Inter-se Merit of Qualifying examination prepared by the Institute.**
**Eligibility for**
1. Diploma Engineering : 10th Pass
2. 2.Diploma Engineering (Lateral Entry) : 12th Pass / ITI of at least two years (after 10th) /NSQF level 4

**Schedule of Institute Level manual Counseling(s):**

| Date | Event |
|---|---|
| 06.08.2025 | Declaration of Inter-se-Merit/Rank for Institute-wise manual Counseling |
| 07.08.2025 | Institute-wise manual Counseling for all categories |
| 08.08.2025 | Institute-wise manual Counseling without any reservation (by merging all reserved categories) |
| After Institute Level Manual Counseling as per above schedule, further rounds of Institute Level Manual Counseling(s) will be conducted for filling up of remaining vacant seats (if any) upto the cut-off date as mentioned in key dates of Diploma Prospectus – 2025. | |

- Admission form can be downloaded from the website **http://www.gpwfaridabad.edu.in/** under important links and latest news.
- All the documents are to be scanned in PDF and emailed along with application form at **gpwfadmission@gmail.com** OR Offline forms can be deposited in admission cell of the institute
- Last date of form filling/ E-MAIL of application form is 05-08-2025 up to 2:00 PM
- Admission forms can be filled offline / online mode in prescribed format only.
- Prospectus can be downloaded from http://www.hstes.org.in

| | |
|---|---|
| Diploma Engg. and Diploma Engg. Lateral (on all working days) | If seats still remain vacant, the admission will be done on daily basis by making the merit list of students who applied on the institute mail-id (gpwfadmission@gmail.com) or manual before 10:00 AM and seats will be allotted on the same day. Seats will be counted as confirmed only if candidate submits the required documents and fees on the same day (upto 04.00PM). |

- Final cut-off date of all admissions 14.08.2025

**Principal, Govt. Polytechnic for Women, Faridabad**

**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**E-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
The Executive Engineer HP PWD Division Nalagarh Distt. Solan HP on behalf of Governor of HP invites the online bids on percentage rate, in electronic/ nic tendering system,in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors.Firms registered with HPPWD Department.
**Job No1 Name of Work :**C/O Baddi Sheetalpur to Jagatkhana via Dasomajra road from km 0/0 to 23/550 (SH F.C, Filling, R/ wall, B/wall , MT U and V shape Drain, parapets and Kilometer stone etc) UNDER NABARD RIDF-XXX **Period of Completion :**Twenty Four Month **Estimate Cost : Construction :** 4931.30 Lac **Manitenance :**165.62 Lac **Total Cost :**5096.93 Lac **Cost of Form :**5000/- **EMD amount** : 1,01,94,000/-
**Availability of Bid Document and mode of submission:** The Bid document is available online and bid should be submitted online on website www.hptenders.gov.in. The bidder would be requird to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized certifying authorities (CA) "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in HPPWD may obtain the same from the website: www.hptenders.gov.in. The bidders are required to submit the bids alongwith cost of bid document and bid security through online mode only and receipts to this effect shall be uploaded as pdf document.
**2.Key dates.**
1. Date of Online Publication 02-08-2025 10:00 AM
2. Document Download Start Date 02-08-2025 11:00 AM
3. Bid Submission Start and End Date 02-08-2025 at 11:00 AM to 12-08-2025 at 10:00 AM
4. Physical Submission of tender Document and other document 12- 08-2025 at 11:00 AM
5 Date of start Opening of Technical Bid 12-08-2025 at 11:30 AM
The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.
**Executive Engineer Nalagarh Division HPPWD Nalagarh**
Him Suchna Avam Jan Sampark 2155/2025-26

**GOVERNMENT OF ASSAM**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (ROADS), PUBLIC WORKS ROADS DEPARTMENT, ASSAM, GUWAHATI-03**
No. CE/DEV/TB/116/2025-26/01
**PRESS NOTICE INVITING TENDER**
The Chief Engineer (Roads), PWRD, Assam, Chandmari, Guwahati-3 invites Bid on behalf of Governor of Assam for **1 (One) nos. of packages** for Construction of Roads under ASOM MALA 3.0 under SOPD-G for the year 2025-26 in Lakhimpur District of Assam amounting to Rs. 27.46 Crore (approx.) including GST etc. from approved & eligible Contractors registered with PWRD, Assam.
Details may be seen from **08-08-2025** at website **www.assamtenders.gov.in**. Amendment/ Addendum to the SBD, if any, and further notifications shall appear in this website and also at the office of the undersigned during office hours. The contractor/bidder must be registered with the Electronic Tendering System (ETS) of PWRD, Assam website **www.assamtenders.gov.in**.
Schemes are not yet sanctioned by the competent authority. In the event of non sanction of the schemes, the bids may be cancelled and no claim what so ever on this account shall be entertained from the bidders.
**Chief Engineer (Roads), (Roads), PWRD, Assam, Chandmari, Guwahati-3.**
**DIPR/C/DBS/218/31-Jul-25**

## आज का पंचांग



**पंडित प्रो. विनोद शास्त्री**

**तिथि संवत् :** श्रावण, शुक्ल पक्ष सप्तमी, गुरुवार रात्रि 04:59 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सफर, तारीख 5, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 31 जुलाई।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** चित्रा नक्षत्र रात्रि 12:42 तक इसके बाद स्वाति नक्षत्र रहेगा। साध्य योग रात्रि 04:32 तक रहेगा, इसके बाद शुभ योग रहेगा। गर करण दोपहर बाद 03:50 तक रहेगा, इसके बाद वणिज करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-कन्या, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित हैं।

**राहुकाल :** दोपहर 01:30 से 03:00 तक रहेगा।

**दिशाशूल :** दक्षिण दिशा-यदि जरूरी हो तो तुलसी का पत्ता खाकर या साबुत सिंका धनिया साथ लेकर यात्रा कर सकते हैं।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 05:54 से 07:34 तक शुभ का, प्रातः 10:53 से 12:33 तक चर का, दोपहर 12:33 से 03:52 तक लाभ व अमृत का, सायं 05:32 से 07:12 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** भद्रा रात्रि 04:59 से, शुक्र आर्द्रा में रात्रि 03:45, गोस्वामी तुलसीदास जयंती, कल्याण धणी डिग्गीपुरी पद यात्रा प्रारम्भ जयपुर राजस्थान।

**आज विशेष :** आज गुरुवार को पीले वस्त्र, चने की दाल और गुड़ दान करें, तो गुरु जनित दोष दूर होते हैं। साथ ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साध्य योग में चंदन का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:54 | चित्रा | 2 | रजत | कन्या | पो |
| 11:15 | चित्रा | 3 | रजत | तुला | र |
| 17:58 | चित्रा | 4 | रजत | तुला | री |
| 24:42 | स्वाति | 1 | रजत | तुला | रू |

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 9, शुभ रंग नारंगी :** साझेदारी में चल रही योजना लाभदायी हो सकती है। अनुभवी लोगों का साथ मिलेगा। समस्या के समाधान के लिए चल रहे प्रयास सफल रहेंगे। मधुर व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे।

**वृष : शुभ अंक 2, शुभ रंग गुलाबी :** समझदारी से निजी काम करें आगे लाभ मिलेगा। साझेदारी में नए काम की रूपरेखा बनेगी। बुजुर्गों की भावनाओं की अनदेखी से रिश्ते बिगड़ सकते हैं। नई जिम्मेदारी मिलने से व्यस्त रहेंगे।

**मिथुन : शुभ अंक 4, शुभ रंग भूरा :** दिन की शुरुआत परेशानी भरी रहेगी, लेकिन शाम होते-होते शुभ समाचार मिलेंगे। कारोबारी लेनदेन में लाभ की स्थिति बनेगी। नजदीकी लोग ही आपके विरुद्ध कुचक्र कर सकते हैं।

**कर्क : शुभ अंक 6, शुभ रंग बादामी :** महत्व के काम पहले करें, बाद में सुविधा नहीं मिलेगी। आवागमन में सावधानी बरतें। सामाजिक एवं व्यापारिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। अपनों के उपेक्षापूर्ण व्यवहार से खिन्नता बढ़ेगी।

**सिंह : शुभ अंक 5, शुभ रंग भूरा :** थोड़ी सी मेहनत बड़ी सफलता दिलवा सकती है। मित्रों के सहयोग से तनाव दूर होगा। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता कदम चूमेगी। अटका धन मिलने के आसार हैं।

**कन्या : शुभ अंक 6, शुभ रंग जामुनी :** सुखद समाचार के साथ आर्थिक लाभ के अवसर भी मिलेंगे। विरोधी भी मित्रता का प्रस्ताव रख सकते हैं। अधिकारियों से तालमेल बढ़ेगा। भाग्योदय के अवसर हाथ आ सकते हैं।

**तुला : शुभ अंक 8, शुभ रंग पीला :** अनावश्यक खर्चों से निजात मिलेगी। तनाव कुछ कम होगा। युवाओं में कॅरियर को लेकर ऊहापोह बनी रहेगी। काम की धीमी गति परेशान कर सकती है। धार्मिक खर्च संभव है।

**वृश्चिक : शुभ अंक 2, शुभ रंग गुलाबी :** गैरजरूरी खर्चों के चलते आवश्यक काम रोकने पड़ सकते हैं। लाभ कम खर्च अधिक की स्थिति बनी रहेगी। बुजुर्गों का ध्यान रखें। कानूनी मामलों में आपकी जीत सुनिश्चित है।

**धनु : शुभ अंक 7, शुभ रंग बादामी :** राजकीय मामले सुलझने से राहत मिलेगी। अटके काम आसानी से पूरे होंगे। वैवाहिक संबंधों में निकटता का अहसास होगा। परिवार एवं मित्रों की बेरुखी परेशान कर सकती है।

**मकर : शुभ अंक 3, शुभ रंग आसमानी :** भाग्य का साथ मिलेगा और अधिकारियों से निकटता बढ़ेगी। विवाद के चलते मन अशांत रहेगा। विरोधियों के कारण आप सावधानी से आगे बढ़ेंगे। साझेदारी में टकराव हो सकता है।

**कुंभ : शुभ अंक 5, शुभ रंग काला :** राह में आ रही मुश्किलें दूर होंगी। जटिल काम परिजनों के सहयोग से सहज ही पूरा होगा। युवाओं का ध्यान आधुनिक तकनीक एवं मीडिया के उपयोग पर विशेष रहेगा। यात्रा टालें।

**मीन : शुभ अंक 9, शुभ रंग स्लेटी :** कार्यस्थल पर चल रहा टकराव दूर होगा। स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे। कानूनी मामलों में सावधानी से फैसला लें, राहत मिलेगी। युवाओं को कॅरियर में बेहतर विकल्प मिल सकते हैं।

## मैनेजमेंट फंडा



**एन. रघुरामन**
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# क्या है आपके पिया का टाइटल-परफेक्ट, कम्प्लीट या 'होल मैन'?

युगों से पूरी दुनिया में महिलाएं अपने पार्टनर के तौर पर एक 'परफेक्ट मैन' की तलाश में रहती हैं। फिर एक टेक्सटाइल कंपनी आई, जिसने उसके उत्पाद पहनने वाले पुरुषों को 'कम्प्लीट मैन' की श्रेणी में प्रदर्शित करना शुरू किया। लेकिन विश्व में महिलाएं अपनी पसंद को लेकर इससे आगे निकल चुकी हैं। अब वे अपने पार्टनर के रूप में एक 'होल मैन' चाहती हैं। दुनिया भर में कई महिलाओं के लिए यह एक नया ट्रेंड बन गया है कि वे अपनी दोस्तों के बीच गुप्त रूप से अपने पति के बारे में इस नए टाइटल से बात करती हैं। पहला गुण, जो उनमें नहीं होता, वो यह है कि वे इस विचार में विश्वास नहीं करते कि 'यदि आप अपनी श्रेष्ठता नहीं दिखा रहे हैं तो आप लूजर हैं।' उन्हें लगता है कि यह सोच अपने आप में बकवास है और पुरुषत्व को बढ़ावा देने वाले लोग इसे बचपन से ही थोप देते हैं।

तो 'होल मैन' का मतलब क्या है? कुल मिलाकर, वह अधिकांश अच्छे मानवीय गुणों वाला सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति है। वह मजबूत है, लेकिन चोट खाने से नहीं डरता। वह अपने रोजमर्रा के जीवन में स्मार्ट है। कभी-कभी मजाकिया भी और अन्य जीवों के प्रति दयालु है। जरूरत के मुताबिक भावुक और सहायक है, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर मजबूत भी है। समूह में वह मृदु स्वभाव वाले, किंतु सबसे मजबूत हैं। वे दूसरों को रूलाकर खुद को बड़ा दिखाने के बजाय दूसरों को सहज महसूस कराते हैं। यहां 'होल मैन' की ऐसी कुछ चुनिंदा खासियतें पेश हैं, जिन्हें महिलाएं अपने पुरुषों में देखना चाहती हैं।

1. वे लेखकों, गायकों, स्टैंड-अप कॉमेडियनों के कार्यक्रमों, पॉडकास्टरों के टॉक शो में शामिल होते हैं। खासतौर पर उनमें जो महिलाओं द्वारा आयोजित किए जाते हों। वे यह नहीं मानते कि उन्हें यह कार्यक्रम पसंद नहीं आएगा, क्योंकि यह महिलाओं द्वारा बनाया गया है। वे लिफ्ट में महिलाओं को पहले जाने देते हैं। जिस जगह भी हों, महिलाओं के लिए दरवाजा खोलते हैं।

2. 'होल मैन' की कई महिला मित्र होती हैं, और वे उन्हें मजाक का पात्र नहीं बनाते। उन्हें इस बात से भी कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनकी पत्नियों के भी कई पुरुष मित्र हैं। वे दोस्तों के सामने अपने पार्टनर को नीचा नहीं दिखाते।

3. वे किसी विशेष खेल को पसंद करते हैं और उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि इसे पुरुष खेल रहे हैं या महिलाएं। उदाहरण के लिए, वे ऐसी डींगें नहीं मारते कि उन्हें पुरुष क्रिकेट के बारे में छोटे-छोटे आंकड़े भी पता हैं। और इस बात से भी अनजान नहीं रहते कि महिला क्रिकेट टीम की कप्तान कौन है।

4. कामकाज में वो महिला अधिकारी की असहमति से घबराते नहीं हैं। वॉशरूम में महिला बॉस के बारे में शिकायत या अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं करते। अगर गलती हो जाती है तो वे इसे स्वीकार कर माफी मांग लेते हैं, बिना यह देखे कि कौन उन्हें देख रहा है या वह किसके सामने माफी मांग रहे हैं।

5. उन्हें इस बात का कोई पुरस्कार नहीं चाहिए कि वे बच्चों को स्कूल छोड़ते हैं, उनके स्पोर्ट्स-डे पर जाते हैं या बिना सूचना के होने वाली 'डैड्स रेस' में हिस्सा लेते हैं। वे यह सब अपने बच्चों की खुशी के लिए करते हैं।

मेरे लिए ये 'होल मैन' कई जगह हैं, लेकिन उन्हें इस बात का पर्याप्त श्रेय नहीं मिलता कि वे गृहस्थी को सुचारु रुप से चला रहे हैं। काम पर शांत और जानकार बनकर, सड़कों पर सभ्य और सम्मानजनक रहकर, ट्रेनों और बसों में 'मैनस्प्रेडिंग' (पास की सीट पर अतिक्रमण) नहीं करके, और घर पर सभी का सहयोग करके। हां, अधिकतर 'होल मैन' में एक सबसे बड़ी कमी होती है, जो आमतौर पर महिलाओं को खटकती है। वे कपड़े धोना नहीं जानते। हां, वे वॉशिंग मशीन को कपड़े के हिसाब से सेट नहीं कर पाते। सूखे कपड़ों को बिना सिलवटों के स्टैंड पर नहीं टांग सकते, और सूखे कपड़ों की तह भी नहीं कर सकते। ऐसा इसलिए, क्योंकि वे चिकित्सकीय तौर पर ऐसा करने के लिए लगभग अक्षम होते हैं। खासकर, अपने साथी की पसंद के अनुरूप।

**फंडा यह है कि चाहे 'होल मैन' को पार्टनर के रूप में पाना गर्व की बात हो, लेकिन भारतीय संस्कृति में रची-बसी महिलाएं हमेशा से एक 'होल फैमिली' (पूर्ण परिवार) का सपना देखती हैं। इसलिए, इसको ऐसा भी कह सकते हैं- भारतीय महिलाएं केवल 'होल मैन' के बजाय 'होल फैमिली' पसंद करती हैं।' आपकी पसंद क्या है?**

# कवच 4.0 का मथुरा-कोटा रेलवे खंड पर संचालन शुरू

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली-मुंबई मार्ग के मथुरा-कोटा खंड पर स्वदेशी रेलवे सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 का संचालन शुरू हो गया है। इसे देश में रेलवे सुरक्षा प्रणालियों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण से प्रेरणा लेते हुए रेलवे ने कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकास और निर्माण किया है। कवच 4.0 एक प्रौद्योगिकी-प्रधान प्रणाली है। इसे अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा जुलाई 2024 में मंजूर किया गया था। कोटा-मथुरा खंड पर कवच 4.0 का संचालन बहुत ही कम समय में पूरा किया गया है। यह बड़ी उपलब्धि है। कवच, प्रभावी ब्रेक लगाकर लोको पायलटों को ट्रेन की गति बनाए रखने में मदद करेगा। कोहरे जैसी कम दृश्यता की स्थिति में भी लोको पायलटों को सिग्नल के लिए केबिन से बाहर देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पायलट केबिन के अंदर लगे डैशबोर्ड पर जानकारी देख सकते हैं। भारतीय रेलवे अगले 6 वर्षों के भीतर देशभर के विभिन्न रेल मार्गों पर कवच 4.0 को स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। अब तक 30 हजार से अधिक लोगों को कवच प्रणाली पर प्रशिक्षित किया जा चुका है।

**दैनिक भास्कर जीतो सोना चांदी**

आज का इनाम: 10 ग्राम चांदी का सिक्का

**क्विज 86 के 25 विजेताओं के नाम**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शैलेश जुनगड़े | *****46759 | अर्णव | *****42472 |
| अंजू माहेश्वरी | *****02500 | राहुल सैनी | *****12562 |
| चंदन महतो | *****64270 | रिफाकत हुसैन | *****13452 |
| मनोज कुमार | *****90334 | पुष्पेंद्र सिंह | *****06090 |
| हर्षित सल्लूजा | *****72929 | नंद मोहन | *****68239 |
| अमर साहेब | *****35980 | अभिषेक गनेरा | *****57359 |
| रूही ग्रोवर | *****60235 | नेमीचंद जैन | *****74133 |
| रणबीर सिंह | *****00490 | राजकुमार लववंशी | *****47328 |
| आशीष कुमार शर्मा | *****77452 | कामिनी मालवीय | *****33894 |
| शोभा हाडेलवाल | *****07646 | मनीषा अगारी | *****77399 |
| मानवी सोनी | *****20264 | हेमाली शाह | *****45454 |
| प्रवीणा जैन | *****24626 | हरेश कुमार ओडिया | *****83522 |
| | | पिंकी जरीवाला | *****20001 |

नोट: चांदी के सिक्के के लिए 1300/- का गिफ्ट वाउचर दिया जाएगा। यह राशि 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।

# चतरा में सरना एकेडमी के छात्र-छात्राओं से कराई धान रोपाई



## स्कूल के सचिव ने कहा-बौद्धिक विकास के लिए कराया

**टंडवा (चतरा)** | सरना एकेडमी स्कूल में छात्र-छात्राओं से जबरन धान रोपाई कराई गई है। मंगलवार को स्कूल पहुंचे बच्चों को पढ़ाई के बजाय स्कूल सचिव गोपाल सिंह निदेशक के खेत में ले गए। 100 से अधिक बच्चों से धान का बीड़ा ढोवाया गया। रोपाई कराई। कीचड़ में सने बच्चों को समय से पहले छुट्टी देकर बात दबाने की कोशिश की गई। नाराज अभिभावकों ने इसे बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों का उल्लंघन बताया। वहीं सचिव गोपाल ने कहा कि बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए उनसे यह काम कराया गया।

**पार नहीं देने पर कई कॉलेजों में एनसीटीई ने नामांकन रोका था**

# दिल्ली हाईकोर्ट की रोक के बाद असम, बंगाल के कॉलेजों को प्रवेश की छूट, बिहार को नहीं

भास्कर न्यूज | भागलपुर

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) ने पार (परफॉर्मेंस एप्रेजल रिपोर्ट) अपलोड नहीं करने पर जिन टीचर ट्रेनिंग कॉलेजों में नामांकन लेने पर रोक लगाई थी, उनमें से कुछ को राहत मिली है। रोक लगने के बाद असम व प. बंगाल सहित देश के अन्य कई राज्यों के कॉलेजों ने हाईकोर्ट दिल्ली में अपील की थी। कोर्ट ने इन कॉलेजों में नामांकन नहीं लेने के एनसीटीई के निर्देश पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी। जो कॉलेज कोर्ट गए, उनकी सूची जारी करते हुए अब एनसीटीई ने उन्हें सत्र 2025-26 में नामांकन लेने की अनुमति दे दी है। जबकि बिहार, झारखंड सहित अन्य राज्यों के जो कॉलेज कोर्ट नहीं गए उनको लेकर एनसीटीई ने कोई नया निर्देश जारी नहीं किया है। ये सभी एमएड, बीएड और डीएलएड का कोर्स कराने वाले कॉलेज हैं। निजी बीएड कॉलेज संघ अध्यक्ष अमर कुमार साह ने कहा एनसीटीई की सूची और पत्र को देखा है। कुछ कॉलेज कोर्ट गए थे। उन्हें राहत मिली है। जो नहीं गए, उनके बारे में एनसीटीई ने कोई पत्र जारी नहीं किया है। यानी इन पर रोक जारी रहेगी।

### भागलपुर सहित राज्य के आठ कॉलेज प्रभावित

एनसीटीई ने बिहार के जिन कॉलेजों में नामांकन पर रोक लगाई थी उनमें भागलपुर के एक, पटना के तीन, नालंदा के दो, मुजफ्फरपुर और गया के एक-एक कॉलेज शामिल हैं। इन संस्थानों में इससे कुल 750 सीटों पर नामांकन प्रभावित होगा। इनमें एमएड के 50, बीएड के 350 और डीएलएड के 350 सीटें शामिल हैं। हाल ही में बीएड में नामांकन के लिए एलएनएमयू दरभंगा ने सीट क आवंटन किया है। इसमें इस रोक का असर पड़ा है। बीएड के अलग-अलग कॉलेजों की 350 सीटों के लिए छात्रों का चयन नहीं किया गया।

# पत्नी की मौत के 30 मिनट बाद पति की भी सांसें थमीं

**रेवाड़ी** | रेवाड़ी के गांव पीथनवास में बुधवार सुबह आधा घंटे के अंतराल में बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। पत्नी 88 वर्षीय सुरजी देवी की मौत का 90 साल के पति दलीप सिंह सदमा सह नहीं सके और उन्होंने भी प्राण त्याग दिए।



दलीप सिंह



सुरजी देवी

परिजनों के अनुसार, बुधवार सुबह पुत्रवधु चाय लेकर माता-पिता के कमरे में गई थी। मां ने चाय पीने से मना कर दिया। पिता बाहर आ गए। करीब 7 बजे दोबारा चाय देने गई तो सुरजी देवी चारपाई पर मृत मिलीं। खबर सुनकर दलीप सिंह घर के बाहर बैठ गए। करीब आधा घंटा बाद उन्होंने कुर्सी पर बैठे ही प्राण त्याग दिए। मां की मृत्यु का समाचार सुनकर बेटियां मायके पहुंची तो देखा कि पिता भी दुनिया छोड़ चुके थे। परिजनों ने बताया कि दंपती ने चौथी पीढ़ी को भी देखा। इसी वजह से ढोल-बाजों के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई। दोनों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। दंपती के बड़े बेटे राजेंद्र सिंह सेना में थे। कुछ साल पहले उनका निधन हो गया था।

# सरकारी स्कूल के गेट पर बंधी मिलीं बकरियां, शिक्षक से मांगा स्पष्टीकरण, ग्रामीण को फटकार

भास्कर न्यूज | शाहजहांपुर

शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से एडीएम (एफआर) अरविंद कुमार ने बुधवार को ददरौल ब्लॉक के शाहबाजनगर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के मुख्य द्वार पर एक ग्रामीण द्वारा कई बकरियों को बांधा गया पाया गया। एडीएम ने तत्काल विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों से इस पर स्पष्टीकरण मांगा।

### दो साल से गैरहाजिर शिक्षामित्र की सेवा समाप्त

विद्यालय में उपस्थिति पंजिका की जांच के दौरान पाया गया कि शिक्षामित्र मनजीत कौर पिछले दो वर्षों से विद्यालय नहीं आ रही हैं। इस पर एडीएम ने उनकी सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। वहीं दूसरी अनुपस्थित शिक्षामित्र अनुपम वर्मा से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके पश्चात एडीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय निवाड़ी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय घुसगवां और प्राथमिक विद्यालय घुसगवां का भी निरीक्षण किया। जहां पर मिड-डे मील की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी किताबें भी चेक कीं।

शिक्षकों ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को कई बार समझाने के बावजूद वह नहीं मान रहा। एडीएम ने ग्रामीण को मौके पर बुलाकर कड़ी फटकार लगाई और बकरियां हटवाने के साथ दोबारा ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

# गैंगस्टर नोनी राणा के गिरोह का शूटर भीम मुठभेड़ में ढेर; मांगी थी 5 करोड़ रंगदारी

## सीआईए के संयुक्त ऑपरेशन में दोनों इंचार्ज की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी गोली

भास्कर न्यूज | यमुनानगर

यमुनानगर के दो कारोबारियों के घर 15 दिन पहले फायरिंग कर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले कुख्यात नोनी राणा के शूटर भीम को सीआईए की दोनों टीमों ने संयुक्त ऑपरेशन में बुधवार सुबह मार गिराया। गांव रटौली रोड पर हुई मुठभेड़ में सीआईए के दोनों इंचार्ज को भी गोली लगी, बुलेटप्रूफ जैकेट से वह बाल-बाल बच गए। भीम पर 20 हजार रुपये का इनाम था। मूलरूप से यूपी के जिला अयोध्या का रहने वाला भीम लंबे समय से यमुनानगर में सक्रिय था। उस पर विभिन्न अपराधों में 11 मुकदमे दर्ज हैं। पिछले सप्ताह अम्बाला पुलिस ने इसके साथी अमन को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। गत 14 जुलाई को यमुनानगर के कारोबारी गुरदीप सेमी उर्फ बोबी और रवि कुमार के घर पर विदेश में बैठे नोनी राणा ने फायरिंग करवा पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी। पुलिस का कहना है कि इसका प्लान नोनी ने तैयार किया था। भीम ने अपने साथी अमन के साथ फायरिंग की थी। उसका साथी अमन 21 जुलाई को अम्बाला में एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार हुआ था।

### भीम पर दर्ज हैं 11 मुकदमे

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मूलरूप से अयोध्या (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला भीम पुत्र हृदय सिंह फिलहाल यमुनानगर के आजाद नगर और कभी शांति कॉलोनी में छिपकर रह रहा था। वह नोनी गैंग के साथ जुड़ा हुआ था। पुलिस के पास इसके स्थाई पते की जानकारी नहीं है। इसके खिलाफ 11 संगीन मुकदमे दर्ज हैं। सात मुकदमों में वह जेल जा चुका था।

**पेज एक के शेष**

### रूस में भूकंप, अमेरिका तक...

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का अनुमान है कि इससे 30 गुना अधिक भूकंपीय ऊर्जा उत्सर्जित हुई। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र के सुनामी चेतावनी समन्वयक डेव स्नाइडर ने कहा कि सुनामी का प्रभाव कई घंटों या एक दिन से अधिक समय तक रह सकता है।

**किस देश में कैसे हालात**

**रूस :** कामचत्स्की द्वीप के पास बंदरगाहों में पानी भर गया। सेवेरोकुरिल्स्क में मछली पकड़ने वाला बंदरगाह सुनामी की लहरों से भर गया, जिससे नावें समुद्र में बह गईं। पेत्रोपावलोव्स्क इलाके में भी कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ के बाद बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है।

**अमेरिका :** हवाई द्वीप की राजधानी में सड़कों पर कारों का जाम लग गया। सेलीब्रिटी के घर के लिए मशहूर इस इलाके में ओपरा विन्फ्रे ने एक निजी रास्ता खोला, ताकि लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच सकें। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत, वॉशिंगटन राज्य और कैलिफोर्निया तक फैले पश्चिमी तट के अधिकांश भाग में भी सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। कैलिफोर्निया की क्रिसेंट सिटी में सुनामी सायरन बजा।

**जापान :** रूस की पूर्वी सीमा के पास स्थित होक्काइडो प्रांत में पहली सुनामी लहरें दर्ज की गईं। ऊंचाई करीब 2 फीट थी। ऐहतियातन फुकुशिमा दाइची और फुकुशिमा दाइनी न्यूक्लियर प्लांट खाली करा लिए गए हैं। 2011 में क्षतिग्रस्त हुए फुकुशिमा प्लांट में 4000 कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पर भेज दिया गया है। लोगों को समुद्र तट से दूर रहने की सलाह दी गई है। परिवहन, ट्रेन और उड़ानें प्रभावित हुई हैं। प्रशांत तट से लगे क्षेत्र में रहने वाले 20 लाख लोगों पर विस्थापित होने का खतरा।

### पीड़ितों ने कहा था आतंकियों...

शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन में सेना के पास बंदूकें और कारतूस तो छोड़िए... नमक, माचिस और ठंड में पहनने के कपड़े तक नहीं थे। आज मोदी सरकार में आधुनिक हथियारों से लैस सेना पाकिस्तान की पूरी एयर डिफेंस प्रणाली को आधे घंटे में मलबे में बदल देती है। अगर पहलगाम हमला कांग्रेस के समय हुआ होता तो पाकिस्तान को कब की क्लीन चिट मिल चुकी होती।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा। जमात-ए-इस्लामी और हुर्रियत को कांग्रेस ने बढ़ावा दिया, जिसके कारण आतंकवाद ने पूरे कश्मीर को अपने चपेट में ले लिया। पहले आतंकी बाहर से नहीं आते थे, कश्मीरी युवा ही बंदूकें उठाते थे। अब आतंकी संगठनों में एक भी कश्मीरी युवा शामिल नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सुरक्षा बलों के पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने भारत का सम्मान बढ़ाया है। इसके लिए जवानों का अभिनंदन है।

### जस्टिस वर्मा को सुप्रीम कोर्ट...

उसमें जजेस इनक्वायरी एक्ट, 1968 के तहत प्रमाण और गवाहों के समक्ष पूछताछ जैसी सुरक्षा नहीं होती। बेंच ने कहा कि इन हाउस प्रक्रिया के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट के तीन फैसले हैं। यह पूरी तरह कानूनी हैं। जस्टिस दत्ता ने कहा कि जब आप जानते थे कि इस प्रक्रिया से महाभियोग की कार्रवाई हो सकती है, तो तुरंत कोर्ट आना चाहिए था। बेंच ने एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्पारा से पूछा कि क्या उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वे जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग कर रहे हैं। अंत में, कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की याचिका और एफआईआर दर्ज करने की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

### बड़ी कार्रवाई, बिल्डर्स-बैंकों...

साथ ही, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस, इंडिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस और पिरामल फाइनेंस जैसे बैंकों और वित्तीय संस्थानों के नाम भी एफआईआर में शामिल हैं।

### ट्रम्प टैरिफ ब्रिक्स पर...

| | |
|---|---|
| चीनः | 34% |
| दक्षिण अफ्रीकाः | 30% |
| ब्राजील : | 30% |
| **विकसित देशों पर** | |
| यूनाइटेड किंगडमः | 10% |
| जापानः | 15% |
| यूरोपीय संघः | 15% |
| दक्षिण कोरियाः | 25% |
| कनाडाः | 35 % |

ट्रम्प अब तक 18 देशों पर टैरिफ का ऐलान कर चुके

# सहकारिता विभाग ने दफ्तरों में डिजिटल प्रणाली की शुरुआत की

**चंडीगढ़** | पंजाब सरकार ने रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं के कार्यालयों और प्रमुख सहकारी संस्थाओं के सभी कार्यालयों में कर्मचारियों के लिए उपस्थिति दर्ज करने हेतु एमसेवा ऐप के उपयोग की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य स्टाफ की कार्यालय में उपस्थिति के समय की निगरानी करना, अनियमितताओं को दूर करना और अच्छे प्रशासन के लिए संसाधनों के उचित वितरण को सुनिश्चित करना है। यह जानकारी रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं, पंजाब गिरीश दयालन ने साझा की। उन्होंने कहा कि एमसेवा ऐप पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का यह पायलट ट्रायल 1 अगस्त 2025 से एक महीने की अवधि के लिए शुरू होगा। इस परीक्षण चरण के दौरान सुगम ऑन बोर्डिंग प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की भागीदारी आवश्यक होगी। सफल ऑन बोर्डिंग और ट्रायल रन के पश्चात यह उपस्थिति प्रणाली 1 सितंबर 2025 से पूरी तरह लागू कर दी जाएगी।

# 6 साल की बच्ची से अश्लील हरकत, दोषी को 5 साल कैद

**होशियारपुर** | एडिशनल एवं जिला सेशन जज मनप्रीत कौर ने 6 साल की बच्ची को अगवा कर उसके साथ अश्लील हरकत करने के मामले में पवन कुमार निवासी नलोईया चौक को दोषी करार देते हुए 5 साल कैद और 3000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर एक महीना और सजा काटनी होगी। 13 अप्रैल 2014 में बच्ची के पिता ने थाना मॉडल टाउन पुलिस में केस दर्ज करवाया था कि उसकी 6 साल की बच्ची सुबह 6 बजे करियाना दुकान से कॉपी खरीदने के लिए गई थी।


**भास्कर CLASSIFIED**

**एनाउंसमेंट ANNOUNCEMENTS**

**नाम परिवर्तन**

I, Gaurav, S/O Devender Kumar Sharma (who was previously known as Devender Singh), residing at House No. 9, Gali No. 6, Phase-1, Vatika Kunj, Bhondsi (168), Gurgaon, Haryana 122102, hereby declare that I have changed my name and shall henceforth be known as Gaurav Vats.

**आवश्यकता APPOINTMENT**

**डॉक्टर**

Shri Krishan Hospital Dausa (Rajasthan) require Physician (up to 500000) Ophthalmologist, Gynaecologist, Dentist, Physiotherapist, MBBS, MBA, Contact: 9414708697/ 9460563903

**एजुकेशन EDUCATION**




BhaskarAd.com
से मेरे सोलर बिज़नेस को मिली नई दिशा
एक क्लिक पर दैनिक भास्कर क्लासीफाइड में ऐड बुक करें
• घर बैठे ऐड बुकिंग • आसान ऑनलाइन पेमेंट
कॉल: 9772019222
स्कैन करें

**स्टडी अब्रॉड**

यूके स्टडी वीजा 2025! सभी भुगतान वीज़ा के बाद ही। बिना IELTS भी अवसर। सीमित सीटें, आज ही संपर्क करें: mob 95925-26088 | 77079-96088

**ज्योतिष ASTROLOGY**

**ज्योतिष**

सूफीजी खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे समाधान लव मैरिज, मनचाहा प्यार, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 90683-87770

फीस नहीं ईनाम लूंगा। पंडित रविशंकर (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी, गृहक्लेश, पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, प्रेमविवाह। घर बैठे सभी समाधान #7055429792

**टूर्स एंड ट्रैवल्स TOURS & TRAVELS**

**इमीग्रेशन**

कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड यूरोप देश का Study Visa, Visit to work visa apply करें Gov. Reg.Company .Contact 7056655523

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.

**कॉरपोरेट रिजल्ट** • अप्रैल-जून में 3.10 करोड़ यात्रियों को सर्विस, ये 1 साल पहले से 12% ज्यादा

# इंडिगोः रेवेन्यू 4.7% बढ़ा, पर मुनाफा 20% घटा, कारण प्रति किमी आय 5% कम रही

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो चलाने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने अप्रैल-जून तिमाही में 2,176 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। यह अप्रैल-जून 2024 में 2,729 करोड़ रुपए के मुनाफे से 20% कम है। हालांकि इस दौरान कंपनी की आय 4.7% बढ़कर 20,496 करोड़ हो गई, जो एक साल पहले 19,571 करोड़ रुपए थी। फिर भी मुनाफा कम रहा क्योंकि बीती तिमाही कंपनी का एबिटा मार्जिन करीब 1.5% घट गया और प्रति किलोमीटर आय 5% कम होकर 4.98 रुपए रह गई।

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि बीती तिमाही मुनाफा कुछ कम हुआ, लेकिन देश में हवाई यात्रा की मांग मजबूत रही। अप्रैल-जून में इंडिगो ने 3 करोड़ से ज्यादा यात्रियों को सर्विस दी। अप्रैल-जून 2024 की तुलना में यह 12% ज्यादा है। उन्होंने कहा, 'हमें इंडस्ट्री की ग्रोथ बढ़ने की पूरी उम्मीद है। इसीलिए फ्लीट और नेटवर्क बढ़ा रहे हैं। हम बढ़ती मांग पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### इंटरग्लोब एविएशनः जून तिमाही का रिजल्ट एक नजर में...

| कैटेगरी | अप्रैल-जून-24 | अप्रैल-जून-25 | ग्रोथ (%) |
|---|---|---|---|
| रेवेन्यू | 19,571 | 20,496 | ▲4.7 |
| प्रॉफिट | 2,729 | 2,176 | ▼20.2 |
| कुल खर्च | 17,445 | 19,232 | ▲10.2 |
| एम्प्लॉयी खर्च | 1,757 | 2,050 | ▲16.7 |
| मार्जिन | 13.48% | 10.10% | --- |
| टैक्स | 75 | 134 | ▲78.7 |

आंकड़े करोड़ रुपए में (स्रोतः कंपनी फाइलिंग)

- जून तिमाही में इंडिगो का एम्प्लॉयी खर्च 17% बढ़ने का सीधा असर कुल खर्च पर नजर आया।
- टैक्स देनदारियां भी एक साल पहले के मुकाबले करीब दोगुनी हो गईं। इससे भी मुनाफा घटा।

**मार्केट कैप** IndiGo — नतीजे के दिन इंटरग्लोब एविएशन का मार्केट कैप 2.22 लाख करोड़ रुपए रहा। यह देश की 38वीं सबसे बड़ी कंपनी है।

### फोकस एरियाः बीती तिमाही इंडिगो ने क्षमता 16% बढ़ाई

- कंपनी ने अप्रैल-जून तिमाही में अपनी क्षमता 16.4% बढ़ा ली। इससे कुल उपलब्ध सीट किलोमीटर 4,230 करोड़ हो गया। इसकी गणना 'उपलब्ध सीटें × तय की गई दूरी' से की जाती है।
- 30 जून तक इंडिगो की फ्लीट में कुल 416 विमान थे। बीती तिमाही कंपनी के पास 18 यात्री विमान 18 हो गए। कुछ विमान फ्लीट से बाहर होना और डिलीवरी में देरी इसकी वजह रही।
- बीती तिमाही इंडिगो ने रोजाना 2,269 फ्लाइट तक ऑपरेट किया। इसमें नॉन-शेड्यूल्ड सर्विसेज शामिल हैं। इस अवधि में कंपनी ने 91 घरेलू और 41 अंतरराष्ट्रीय शहरों के लिए फ्लाइट सर्विस दी।
- जून तिमाही में इंडिगो का एबिटा (सभी खर्च समेत कमाई) मामूली 0.66% बढ़कर 5,866 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि एबिटा मार्जिन एक साल पहले के 30% से घटकर 28.6% रह गया।

### अन्य बड़े बैंक, कंपनियों के नतीजे

**पीएनबीः टैक्स खर्च ढाई गुना बढ़ने से लाभ 48% घटकर 1,675 करोड़**

पंजाब नेशनल बैंक ने बीती तिमाही 1,675 करोड़ रुपए का स्टैंडअलोन मुनाफा कमाया। यह एक साल पहले के मुकाबले 48% कम है। अप्रैल-जून 2024 में इस सरकारी बैंक ने 3,252 करोड़ मुनाफा कमाया था। अप्रैल-जून में पीएनबी की कुल आय बढ़कर 37,232 करोड़ हो गई, जो एक साल पहले 32,166 करोड़ थी। इसके बावजूद टैक्स खर्च ढाई गुना 5,083 करोड़ होने से मुनाफा घटा है। एक साल पहले टैक्स खर्च 2,017 करोड़ था।

**हुंडई मोटर इंडियाः भारत में बिक्री 11% घटने से प्रॉफिट 8% कम रहा**

जून तिमाही में हुंडई मोटर इंडिया का मुनाफा 8% घटकर 1,369 करोड़ रुपए रह गया। एक साल पहले कंपनी ने करीब 1,490 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। बीती तिमाही कंपनी की आय भी 5.4% घटकर 16,413 करोड़ रह गई। मुनाफा घटने की सबसे बड़ी वजह ये रही कि अप्रैल-जून में घरेलू बाजार में हुंडई इंडिया की बिक्री 11.5% घटकर 1.3 लाख कारें रह गईं। हालांकि निर्यात 13% बढ़कर 48,140 कारें हो गया।

आईटी शेयर टूट सकते हैं, कंपनियों की दो तिहाई आय अमेरिका से

# ट्रम्प के टैरिफ से आज शेयर बाजार में गिरावट की आशंका, पर रिकवरी जल्द

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन हल्की तेजी रही। सेंसेक्स 144 अंक चढ़कर 81,482 पर और निफ्टी 34 अंकों की तेजी के साथ 24,855 पर बंद हुआ। ब्लूचिप शेयरों में एलएंडटी सबसे ज्यादा 5% चढ़ा। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा 30% बढ़कर 3,617 करोड़ रुपए तक पहुंचने से निवेशकों के बीच उत्साह देखा गया। लेकिन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, गुरुवार को बाजार 1-2% गिर सकता है। बाजार बंद होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आयात होने वाले गुड्स एंड सर्विसेज पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया, जो 1 अगस्त से लागू होंगे। इसका असर भी देखा गया। गिफ्ट सिटी में निफ्टी के डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स में 0.5% से ज्यादा गिरावट आई।

**रुपया 89 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर परः** बुधवार को रुपया 89 पैसे गिरकर 87.80 प्रति यूएस डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। यह गिरावट अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर 25% शुल्क की घोषणा के बाद आई।

### एक्सपर्ट्स से समझिए कि किस सेक्टर पर क्या असर

**आईटी सेक्टरः 62% तक आय प्रभावित होगी**

नैस्कॉम के मुताबिक, भारतीय आईटी कंपनियों की 60-62% आय अमेरिकी बाजार से होती है। 25% टैरिफ से यह सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इक्विनॉमिक्स के फाउंडर जी चोक्कालिंगम ने कहा, 'आईटी और सर्विसेज एक्सपोर्ट ज्यादा प्रभावित होंगे। इसके चलते बाजार 1-1.5 फीसदी गिर सकते हैं। लेकिन बाजार जल्द रिकवरी दिखा सकता है।'

**फार्मा सेक्टरः 40% निर्यात अकेले अमेरिकी बाजार को**

भारतीय दवा कंपनियां 40% तक निर्यात अमेरिका को करती हैं। ट्रम्प ने 25% टैरिफ के दायरे में इस सेक्टर को शामिल किया है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन भारत में ग्रांट थॉर्नटन के पार्टनर मनोज मिश्रा ने चेताया कि अमेरिका में दवा आयात पर जारी जांच का मतलब है कि खतरा पूरी तरह टला नहीं है।

**टेक्सटाइल सेक्टरः मार्जिन कम, टैरिफ से घटेगी आय**

रेमंड के सीएफओ अमित अग्रवाल के मुताबिक, अमेरिका में टैरिफ बढ़ने से टेक्सटाइल सेक्टर प्रभावित होगा। इसमें इतना मार्जिन नहीं होता कि कंपनियां टैरिफ का बोझ उठा सकें। इसलिए यदि बढ़े हुए टैरिफ वाकई लागू हो गए तो निर्यात से टेक्सटाइल कंपनियों की आय घटने की आशंका है।

**अर्थव्यवस्थाः 0.20 फीसदी घट सकती है जीडीपी ग्रोथ**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं हो पाता है, तो भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.20% घट सकती है। कोटक महिंद्रा एएमसी के एमडी नीलेश शाह ने कहा, 'टैरिफ लगने से बाजार गिरेगा। निवेशक व्यापार को लेकर संतुलित करार की उम्मीद कर रहे थे।'

## बिजनेस ब्रीफ

### पिरामल एंटरप्राइजेज का मुनाफा 52% बढ़ा

**मुंबई** | देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी पिरामल एंटरप्राइजेज को अप्रैल-जून तिमाही में 276 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ। यह अप्रैल-जून, 2024 में 181 करोड़ रुपए के मुनाफे से 52% ज्यादा है। बीती तिमाही कंपनी की लोन बुक बढ़कर 85,756 करोड़ रुपए हो गई। 26 राज्यों में कंपनी की 570 ब्रांच हैं। पिरामल एंटरप्राइजेज इनकी संख्या लगातार बढ़ा रही है।

### रिलायंस भारत में टॉप दुनिया में 88 वीं रैंक

**नई दिल्ली** | रिलायंस इंडस्ट्रीज दुनिया की टॉप 500 कंपनियों की 2025 की फॉर्च्यून ग्लोबल लिस्ट में 88 वें नंबर पर है। ये 2024 में 86 वें नंबर पर थी। हालांकि ये देश की टॉप रैंक कंपनी बनी हुई है। बीते 4 वर्षों में कंपनी ने 67 स्थानों की छलांग लगाई है। 2021 में इसकी ग्लोबल रैंकिंग 155 थी। वॉलमार्ट दुनिया की दिग्गज कंपनी बनी हुई है।

### एपल ने एक्सपर्ट वीडियो कॉल सपोर्ट शुरू किया

**नई दिल्ली** | भारत में ऑनलाइन ब्राउजिंग और खरीदारी बढ़ते देख एपल ने एक्सपर्ट के साथ वीडियो कॉल सपोर्ट सर्विस शुरू की है। वन-वे वीडियो कॉल के जरिये एक्सपर्ट यूजर को घर बैठे एपल के नवीनतम उत्पादों की ब्राउजिंग, नए फीचर जानने, ट्रेड-इन प्रोग्राम और फाइनेंसिंग में मदद करते हैं। एपल की ये सेवा पाने वाला भारत दूसरा देश है।

### एनएसडीएल आईपीओ पहले ही दिन दोगुना भरा

**मुंबई** | नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी (एनएसडीएल) का आईपीओ बुधवार को लॉन्चिंग के पहले ही दिन करीब 2 गुना सब्सक्राइब हो गया। शाम तक आईपीओ के लिए 1.78 गुना बोलियां प्राप्त हुईं। एनआईआई हिस्से के लिए 2.83 गुना, रिटेल के लिए 1.87 गुना और कर्मचारी हिस्से के लिए 3.68 गुना बोलियां प्राप्त हुईं। क्यूआईबी सेगमेंट 0.84 गुना सब्सक्राइब हुआ।

**रिटेल मार्केट** • मॉल में बदला शॉपिंग ट्रेंड, कपड़ों के बजाय खान-पान को तरजीह

# रिटेल लीजिंग 69% बढ़ी, फैशन स्टोर का शेयर 4% घटा, फूड-बेवरेजेज का 7% बढ़ा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

इस साल अब तक शहरी इलाकों में रिटेल सेक्टर की ग्रोथ काफी तेज रही है। जनवरी से जून के बीच देश के टॉप-7 शहरों में 57 लाख वर्ग फुट रिटेल स्पेस लीज पर लिया गया। जनवरी-जून, 2024 तक की स्थिति के मुकाबले यह 69% ज्यादा है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट जेएलएल की इस रिपोर्ट से एक दिलचस्प ट्रेंड सामने आया। अब लोग फैशन-अपैरल की जगह खान-पान को तरजीह दे रहे हैं। बुधवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, बीती छमाही कुल रिटेल लीजिंग में फैशन-अपैरल स्टोर की हिस्सेदारी एक साल पहले के मुकाबले 4% घटी है। दूसरी तरफ फूड-बेवरेजेज स्टोर की हिस्सेदारी 7% बढ़ी है। 2025 की अप्रैल-जून तिमाही में 26 लाख वर्ग फुट रिटेल स्टोर लीज पर लिए गए। यह 2024 की अप्रैल-जून तिमाही से 17% ज्यादा है। डिमांड बढ़ने से पहली छमाही में नए मॉल की सप्लाई सालाना 165% बढ़ गई।

### इस साल बड़े शहरों में 1 करोड़ वर्ग फुट रिटेल स्टोर लीज पर उठने की उम्मीदः जेएलएल

| शहर | Q2-25 |
|---|---|
| बेंगलुरु | 6.7 |
| दिल्ली-एनसीआर | 5.3 |
| मुंबई | 5.1 |
| हैदराबाद | 4.9 |
| चेन्नई | 1.7 |
| पुणे | 1.7 |
| कोलकाता | 0.6 |

(आंकड़े लाख वर्ग फुट में, स्रोतः जेएलएल)

**कुल लीजिंग में ज्वेलरी की हिस्सेदारी ढाई गुना हो गई**

| सेक्टर | Q2-24 | Q2-25 |
|---|---|---|
| फैशन एंड अपैरल | 37% | 33% |
| फूड एंड बेवरेजेज | 15% | 22% |
| ज्वेलरी | 4% | 9% |
| कंज्यूमर ड्यूरेबल्स | 4% | 7% |
| एंटरटेनमेंट | 15% | 6% |
| होम एंड फर्निशिंग | 7% | 6% |

- 2025 की पहली छमाही में ही 2024 की कुल लीजिंग का 70% हिस्सा कवर
- लीजिंग में एंटरटेनमेंट का हिस्सा जनवरी-मार्च 2025 के 16% के मुकाबले जून तिमाही में 6% रह गया।

**13 नए इंटरनेशनल रिटेलर्स भारत आए**

जेएलएल के ऑफिस लीजिंग, रिटेल सर्विसेज हेड राहुल अरोरा ने बताया कि अप्रैल-जून में लीजिंग में घरेलू रिटेलर्स की 85% हिस्सेदारी रही। 4 लाख वर्गफुट प्राइम स्पेस के साथ इंटरनेशनल रिटेलर्स का शेयर 15% रहा। बीती तिमाही देश में 13 ग्लोबल रिटेलर्स आए। इसमें 7 फूड-बेवरेज सेगमेंट के हैं।

**फैशन-अपैरल, फूड का हिस्सा 55%**

कुल लीजिंग में फैशन-अपैरल का हिस्सा 2024 की जून तिमाही के 37% के मुकाबले जून 2025 तिमाही में घटकर 33% रह गया। दूसरी तरफ फूड एंड बेवरेज की हिस्सेदारी 15% से बढ़कर 22% हो गई। ज्वेलरी सेगमेंट का लीजिंग में हिस्सा दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 9% हो गया।



*रिटेल सेक्टर में तेज विस्तार को देखते हुए इंटरनेशनल ब्रांड्स की दिलचस्पी बढ़ रही है। अप्रैल-जून 2025 में भारत आने वाले इंटरनेशनल ब्रांड्स की संख्या बीते साल की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। ये प्रीमियम प्रोडक्ट की शॉपिंग में बढ़ती दिलचस्पी का नतीजा है।*
**- राहुल अरोरा,** हेड, ऑफिस लीजिंग एंड रिटेल सर्विसेज, जेएलएल इंडिया

**अप्रैल-जून तिमाही में ग्रोथ**

### देश में स्मार्टफोन की बिक्री 8% बढ़ी



बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश के स्मार्टफोन मार्केट में अप्रैल-जून तिमाही में बिक्री के हिसाब से 8% और कीमत के हिसाब से 18% की ग्रोथ दर्ज की गई है। ये जनवरी-मार्च की सुस्ती के बाद एक ठोस उछाल है। मार्केट ट्रैकर काउंटरपॉइंट के मुताबिक ये बढ़ोतरी ब्रांड्स द्वारा नई पेशकश और लॉन्च में 33% सालाना की बढ़ोतरी, कंपनियों की आक्रामक मार्केटिंग, शानदार ऑफर की वजह से गर्मियों में मजबूत बिक्री के कारण रही। ब्रांड्स ने बीती तिमाही खासकर मिड और प्रीमियम सेगमेंट में कई प्रमोशनल ऑफर्स, डिस्काउंट, आसान ईएमआई और बंडल ऑफर दिए, जिससे बिक्री बढ़ने में मदद मिली। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान आईफोन 16 डीलर्स द्वारा सबसे ज्यादा मंगवाया जाने वाला स्मार्टफोन रहा। वीवो 20% हिस्सेदारी के साथ ब्रांड की लिस्ट में टॉप पर रहा।

मिनिमम बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर पेनल्टी

# 11 सरकारी बैंकों ने पांच साल में खातेदारों से वसूले 9,000 करोड़

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

11 सरकारी बैंकों ने बीते 5 साल में सेविंग अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर खातेदारों से करीब 9,000 करोड़ रुपए की पेनल्टी वसूली है। कुछ सरकारी बैंकों ने खाते में मासिक न्यूनतम राशि न रखने पर ग्राहकों से पेनल्टी वसूली, जबकि कुछ ने तिमाही आधार पर इसकी वसूली की। हालांकि, प्रधानमंत्री जन धन खाते, बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट और सैलरी अकाउंट जैसे खातों को न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता से छूट मिली हुई है।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने बैंकों को सलाह दी है कि वे मिनिमम एवरेज बैलेंस (एमएबी) न रखने पर दंडात्मक शुल्क को तर्कसंगत बनाएं। इसमें खास तौर पर अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को राहत देने पर जोर दिया गया है। ऐसा लगता है 11 सरकारी बैंकों में से 7 ने ही इस सलाह का पालन किया है। अन्य 4 बैंकों ने भी जल्द ऐसा करने की बात कही है। लेकिन कई निजी बैंक ऐसा नहीं कर रहे।

**इंडियन बैंक ने सबसे ज्यादा 1,828 करोड़ रुपए वसूले**

| सरकारी बैंक | पेनल्टी |
|---|---|
| इंडियन बैंक | 1,828 |
| पंजाब नेशनल बैंक | 1,662 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 1,532 |
| केनरा बैंक | 1,213 |
| बैंक ऑफ इंडिया | 810 |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 588 |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 535 |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 485 |
| यूको बैंक | 120 |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 101 |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 62 |
| कुल | 8,936 करोड़ रु. |

**आंकड़े करोड़ रुपए में, 2020-21 से 2024-25 के बीच बैंकों ने मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन नहीं करने पर बतौर पेनल्टी वसूली की। (स्रोतः राज्यसभा)**

**कुछ बैंक अभी भी क्यों वसूल रहे ये शुल्क?**

आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत, बैंक अपनी बोर्ड से मंजूर नीतियों के हिसाब से पेनल्टी तय कर सकते हैं। लेकिन यह जुर्माना वास्तविक बैलेंस और खाते खोलते समय सहमत न्यूनतम बैलेंस के बीच के अंतर पर एक निश्चित प्रतिशत के रूप में होना चाहिए।

**जकरबर्ग का दावा** • लोग इच्छाएं पूरी कर पाएंगे

# बदलेगी एआई की दुनिया, मेटा बना रही 'सभी के लिए सुपरइंटेलिजेंस'

एजेंसी | न्यूयॉर्क

मेटा प्रमुख मार्क जकरबर्ग ने एआई के भविष्य को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि कंपनी सभी के लिए पर्सनल सुपरइंटेलिजेंस बना रही है। मेटा का मानना है कि एआई में हो रही तरक्की बड़ा बदलाव लाएगी, जो लोगों को लक्ष्य पूरा करने में मदद करेगी। कंपनी सेंट्रलाइज्ड ऑटोमेशन की जगह व्यक्तिगत सशक्तिकरण पर फोकस कर रही है। यानी एआई हर व्यक्ति के लिए मददगार होगी। कंपनी ने कहा है कि एआई का इस्तेमाल सिर्फ काम को ऑटोमेट करने के बजाय, लोगों को उनके व्यक्तिगत लक्ष्य पूरा करने में भी होना चाहिए।

**औद्योगिक क्रांति जैसा बड़े बदलाव की संभावना**

जकरबर्ग के मुताबिक, एआई का यह नया चरण मौजूदा सिस्टम को बेहतर बनाने के साथ-साथ ऐसी नई चीजें भी संभव करेगा, जिनकी कल्पना भी नहीं की गई थी। मेटा इस युग को औद्योगिक क्रांति जैसा बड़ा बदलाव मान रही है, जब समाज खेती से हटकर नए कामों की ओर बढ़ा था।

पर्सनल सुपरइंटेलिजेंस से लोग न सिर्फ इच्छाएं पूरी कर पाएंगे, बल्कि अच्छे रिश्ते भी बना पाएंगे और रोजमर्रा की जिंदगी अभी के मुकाबले बेहतर ढंग से जी पाएंगे।

**बड़ी डील** • भारतीय यूनिट में 100% हिस्सेदारी हासिल करेगी फ्रेंच कंपनी

# श्नाइडर इलेक्ट्रिक भारत स्थित जॉइंट वेंचर में 35% शेयर के लिए 55 हजार करोड़ चुकाएगी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

दुनियाभर में एनर्जी मैनेजमेंट और ऑटोमेशन सेक्टर की दिग्गज कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक भारत पर करीब 55 हजार करोड़ रुपए का बड़ा दांव लगाने जा रही है। फ्रांस की यह कंपनी टेमासेक के साथ भारतीय जॉइंट वेंचर श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया (एसईआईपीएल) में 100% शेयर हासिल करने जा रही है।

एलएंडटी के इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन बिजनेस के अधिग्रहण के बाद इस फ्रेंच कंपनी का एसईआईपीएल में 65% शेयर है। बाकी 35% हिस्सेदारी सिंगापुर सरकार के स्वामित्व वाली बहुराष्ट्रीय निवेश फर्म टेमासेक होल्डिंग्स के पास है। टेमासेक बीते एक साल से इस जॉइंट वेंचर से बाहर निकलने का मन बना रही है। ये कंपनी शुरुआती निवेश के मुकाबले मोटे मुनाफे पर है। श्नाइडर इलेक्ट्रिक टेमासेक से ये हिस्सेदारी 550 करोड़ यूरो (करीब 55 हजार करोड़ रुपए) में खरीदेगी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मिलने के बाद आगामी तिमाहियों में हिस्सेदारी की बिक्री पूरी होने की उम्मीद है।

**भारत पर फोकस बढ़ा रही श्नाइडर इलेक्ट्रिक**

फ्रांस की सबसे बड़ी औद्योगिक कंपनियों में से एक, श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने कहा कि एसईआईपीएल का पूर्ण स्वामित्व भारत को एक प्रमुख हब के रूप में स्थापित करने और तेज फैसले लेने में मदद करेगा। श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सीईओ ओलिवियर ब्लम ने कहा, 'भारत आने वाले वर्षों में श्नाइडर इलेक्ट्रिक के प्रमुख फोकस बाजारों में से एक है और मैं देश में मौजूद इस अनूठे अवसर को हासिल करने की संभावना से बहुत उत्साहित हूं। कंपनी रिसर्च एंड डेवलपमेंट, डिजिटल और सप्लाई-चेन जैसे क्षेत्रों में भारत की असाधारण प्रतिभाओं का लाभ उठाना चाहती है।'

**आमदनी** • पिछले साल 6.6% बढ़ा था इन राज्यों का रेवेन्यू

# देश के टॉप-18 राज्यों की आय 7 से 9% तक बढ़ने का अनुमान

हिमांशी भारद्वाज | नई दिल्ली

देश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 90% से ज्यादा का योगदान करने वाले 18 सबसे बड़े राज्यों की आय चालू वित्त वर्ष में 7-9% की दर से बढ़ने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक इन राज्यों का कुल रेवेन्यू 2025-26 में 40 लाख करोड़ रु. तक पहुंच सकता है। ये 2024-25 में 37.26 लाख करोड़ था। बीते वित्त वर्ष इन राज्यों की आय में 6.6% की वृद्धि देखी गई थी। हालांकि इनकी रेवेन्यू ग्रोथ इस दशक के औसत 10% से कम रह सकती है। राज्यों की आय के दो प्रमुख स्रोत हैं। राज्य का अपना राजस्व (एसओआर) और केंद्र से प्राप्त हस्तांतरण। एसओआर में राज्य का अपना टैक्स रेवेन्यू शामिल होता है, जिसमें जीएसटी के साथ-साथ शराब और पेट्रोलियम टैक्स शामिल होते हैं। केंद्र से प्राप्त हस्तांतरण में टैक्स ट्रांसफर और अनुदान शामिल हैं।

## बिजनेस एंकर

एचएसबीसी रिपोर्टः क्या आप रिटायर होने के बाद के लिए पर्याप्त बचत कर रहे हैं?

# भारत में रिटायरमेंट के बाद आरामदायक और सुरक्षित जीवन बिताने के लिए कम से कम 3.5 करोड़ रुपए का फंड चाहिए

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

बढ़ती महंगाई, बदलती जरूरतों और लंबी होती उम्र ने रिटायरमेंट के बाद के जीवन के लिए ज्यादा बचाने की जरूरत पैदा कर दी है। ब्रिटिश मल्टीनेशनल बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विस कंपनी एचएसबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीयों को आरामदायक और सुरक्षित रिटायरमेंट सुनिश्चित करने के लिए अनुमानित 3.5 करोड़ रुपए की बचत करनी होगी। 2024 में ये आंकड़ा 3.3 करोड़ रुपए था। ये रिपोर्ट भारतीय लोगों की बढ़ती जीवन-यापन की लागत, महंगाई और बढ़ती जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) के बारे में जागरूकता की वृद्धि को रेखांकित करती है। ये ऐसे कारक हैं जो देश में रिटायरमेंट प्लानिंग को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। एचएसबीसी के सर्वे के मुताबिक भारतीय निवेशक जीवन-यापन की लागत और आर्थिक अनिश्चितता को लेकर चिंतित हैं। लेकिन दुनिया के अन्य देशों के लोगों की तुलना में, वे वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की अपनी क्षमता को लेकर बेहद आश्वस्त हैं। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय लोगों की चिंताएं व्यापक वैश्विक रुझानों से अलग नहीं हैं। लेकिन रिटायरमेंट लाइफ से जुड़ी उम्मीदें और वित्तीय तैयारी अलग-अलग देश की लाइफस्टाइल के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है।

### रिटायर लाइफ बिताने के लिए अमेरिका में 13.7 करोड़ रु. चाहिए



| देश | 2024 | 2025 | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| अमेरिका | 9.90 | 13.75 | 38.9% |
| ब्रिटेन | 6.51 | 9.89 | 51.92% |
| सिंगापुर | 9.93 | 12.17 | 36.28% |
| हांगकांग | 9.46 | 9.72 | 2.75% |
| भारत | 3.33 | 3.51 | 5.41% |

(आंकड़े करोड़ रुपए में, **स्रोत**- एचएसबीसी)

**अब भी बहुत से लोग शॉर्ट टर्म लक्ष्य को प्राथमिकता दे रहे**

एचएसबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में बहुत से लोग अभी भी घूमने-फिरने, एजुकेशन या प्रॉपर्टी खरीदने जैसे शॉर्ट टर्म लक्ष्यों को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि ऐसे निवेशकों की संख्या बढ़ रही है जो लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल सिक्युरिटी को प्राथमिकता देने लगे हैं। शेयर और सोना वर्तमान में भारतीय लोगों के बीच सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले फाइनेंशियल प्रोडक्ट हैं। एचएसबीसी के मुताबिक बीते 12 महीनों में भारतीय निवेशकों के पोर्टफोलियो में सोने की हिस्सेदारी बहुत ज्यादा बढ़ी। दूसरी तरफ कैश एलोकेशन यानी नकदी का हिस्सा घट गया।

**बीते साल 3.2 करोड़ टन था**

### चीनी उत्पादन 18 फीसदी घटकर 2.6 करोड़ टन

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

चालू सीजन 2024-25 में जुलाई तक देश का चीनी उत्पादन 18.4% घटकर 2.6 करोड़ टन रह गया है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ के मुताबिक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों में कम उत्पादन इसकी वजह रही। संघ का अनुमान है कि पूरे सीजन में कुल चीनी उत्पादन 2.61 करोड़ टन तक ही पहुंच पाएगा। यह 2023-24 के 3.2 करोड़ टन से बहुत कम है। सबसे बड़े चीनी उत्पादक उत्तर प्रदेश में उत्पादन 1.03 करोड़ टन से घटकर 92.7 लाख टन रह गया। हालांकि कर्नाटक और तमिलनाडु में जून से सितंबर तक चलने वाली पेराई से कुछ अतिरिक्त उत्पादन की उम्मीद है।

# रेयर अर्थ मैग्नेट की किल्लत की चुनौती अब भी बरकरारः महिंद्रा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा है कि रेयर अर्थ मैग्नेट का संकट भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए अब भी गंभीर चुनौती बनी हुई है। हालांकि कंपनी ने ये भी कहा कि ईवी को लेकर फ्यूचर प्लान के लिए उसकी आंतरिक तैयारियां चाक-चौबंद हैं। पिछले महीने ही मारुति सुजुकी ने रेयर अर्थ मैग्नेट की सप्लाई की कमी के चलते इलेक्ट्रिक मॉडल, ई-विटारा का शॉर्ट टर्म प्रोडक्शन टारगेट दो-तिहाई घटा दिया था।

बहरहाल महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा है कि वह दुर्लभ रेयर अर्थ मैग्नेट की वैश्विक कमी से अगले दो तिमाहियों तक सुरक्षित है। ये मैग्नेट इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की मोटर में इस्तेमाल होते हैं। अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों के बाद कंपनी के मैनेजमेंट ने बताया कि उन्होंने रिस्क कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। निकट भविष्य में उत्पादन में किसी भी तरह की बाधा की आशंका नहीं है।

**तिमाही मुनाफा 32% बढ़कर 3,450 करोड़**

30 जुलाई को समाप्त तिमाही में महिंद्रा एंड महिंद्रा का मुनाफा 32 फीसदी बढ़कर 3,450 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी के मुताबिक, इस बीच उसकी आय 26% बढ़कर 34,143 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले 27,133 करोड़ रुपए थी।




आईपीएल फ्रेंचाइजी के पास एक और मौका

# द हंड्रेड की तरह निजी निवेश की तैयारी में बिग बैश लीग

भास्कर न्यूज़ | मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया की टी20 लीग बिग बैश (बीबीएल) के भविष्य को लेकर बड़ा कदम जल्द उठाया जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को एक रिपोर्ट सौंपी गई है, जिसमें इस घरेलू टूर्नामेंट के निजीकरण की सिफारिश की गई है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा तैयार की रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद ही निर्णय होगा।

दुनिया की प्रमुख टी20 लीगों में बीबीएल उन गिनी-चुनी लीग में शामिल रही है, जिसमें निजी निवेश नहीं है। इसका पूरा रेवेन्यू मॉडल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पास है। लेकिन अब संभावना है कि यह मॉडल भी जल्द बदलेगा। इंग्लैंड की 'द हंड्रेड' लीग की टीमों की हालिया बिक्री में मिली लगभग 10 हजार करोड़ रुपए की कीमत और भारत व अमेरिका के निवेशकों की रुचि ने बीबीएल के लिए भी निवेश का रास्ता खोल दिया है। इसका अर्थ है कि अमेरिकी, अफ्रीकी, इंग्लिश और यूएई की लीग की तरह ही आईपीएल टीमें अब ऑस्ट्रेलियाई लीग में भी टीमें खरीद सकती हैं। बता दें कि दुनिया की 48 क्रिकेट लीग में से 31 में इंडिया कनेक्शन है।

### न्यूजीलैंड और सिंगापुर की टीमें उतर सकती हैं

बीबीएल का विस्तार भी हो सकता है। साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने खुलासा किया था कि बीबीएल में एक न्यूजीलैंड टीम शामिल करने को लेकर उनकी अनौपचारिक बातचीत हुई थी। सिंगापुर को भी एक संभावित टीम लोकेशन के तौर पर देखा जा रहा है। लीग में राजधानी कैनबरा की टीम भी जुड़ सकती है।

### टेस्ट कैलेंडर से टकराव बीबीएल की बड़ी चुनौती

बीबीएल की लोकप्रियता में बड़ी चुनौती टेस्ट खिलाड़ियों की उपलब्धता की है। नवंबर-जनवरी ऑस्ट्रेलिया का घरेलू टेस्ट सीजन होता है, जिसके कारण शीर्ष खिलाड़ी लीग में हिस्सा नहीं ले पाते। इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत 14 दिसंबर से हो रही है, जबकि उस दौरान प्रतिष्ठित एशेज सीरीज चल रही होगी। ऐसे में टूर्नामेंट के शेड्यूल में भी इसी सीजन से बदलाव संभव है।

## माइंड गेम # 163

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | | | | | 6 | | 4 |
| 2 | | | 6 | | | | | 7 |
| 5 | | | | 7 | 8 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | 5 | | | 9 | |
| | | | | | | 4 | | |
| 9 | 8 | 1 | | 2 | | | 6 | |
| | 3 | 5 | | | 7 | | | 9 |
| | | | 2 | | | | 4 | 3 |
| | | | | | | | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
- हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 162 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | 1 | 8 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 1 | 9 | 8 | 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 |

## वर्ड-लूप # 163




मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 162 का जवाबः WILINESS

## क्रॉसवर्ड # 953



**बायें से दायें:**

1. कटुकंद, आर्द्रक (4)। 5. घर्षण करना, मलना (4)। 8. सांप व गंध के पर्याय की युक्ती, औषधीय पौधा (4)। 9. भस्म, खार, लवण (2)। 10. मां अंग्रेजी में (3)। 11. असमंजस का विलोम (4)। 13. लग्न पत्रिका (3,2)। 15. अविमुक्त, बनारस (2)। 17. खैरात, दक्षिणा (2)। 18. सिलाई करना (2)। 19. राजा, नृप, भूप (3)। 20. इच्छा, चाहत (2)। 21. छोर, आंचल, किवाड़ (2)। 22. इरादा, देशी मुंडे फिल्मों की अदाकारा (4,2)। 25. उकसाना (2)। 26. लचीलापन, लोच (3)। 27. जो बढ़-बढ़ कर बोलता हो (2,3)। 29. गला, नाल, उल्व नाल (2)। 30. दीनों के नाथ (4)।

**ऊपर से नीचे:**

1. जो समान न हो (3)। 2. अभिमान/घमंड को नष्ट करना (2,3)। 3. नस-नस (2,2)। 4. स्कंद, बाहूमूल (2)। 5. वर्तमान में राजनाथ सिंह क्या हैं (2,2)। 6. स्वार्थजन्य इच्छा, गर्जन (3)। 7. प्रभु, स्वामी (2)। 11. स्वप्न, ख्वाब (3)। 12. तड़के, सुबह (3)। 14. सलाह, सीख (4)। 16. कांच का महल (2,3)। 17. कंटफल, पनस (4)। 19. कुछ नहीं करने वाला (2)। 20. सोना, स्वर्ण कनक (4)। 21. जांचना (4)। 23. सृजन, कृति (3)। 24. चांदनी, ज्योत्सना (3)। 25. प्रतिज्ञा, सौगंध (3)। 28. चणक (2)।

**क्रॉसवर्ड 952 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | 2 द | 3 क | ■ | 4 अ | 5 ज | 6 मे | 7 र | ■ |
| 8 शू | प | ण | 9 खा | ■ | 10 मा | ह | त | ■ |
| 11 क | न | क | टा | ■ | 12 दा | रा | ■ | 13 वा |
| ■ | ■ | ण | ■ | 14 च | र | न | 15 दा | सी |
| 16 पा | ■ | 17 मे | ढ़ | क | ■ | 18 ग | द | ■ |
| 19 श | र | भ | ■ | म | ■ | 20 ढ | र | 21 का |
| वि | ■ | 22 ग | 23 म | क | 24 ना | ■ | ■ | त |
| 25 क | 26 ख | वा | ली | ■ | 27 टा | 28 इ | 29 ग | र |
| 30 ता | र | न | हा | र | ■ | 31 क | र | ता |

इंग्लैंड दौरा • सीरीज का 5वां और निर्णायक टेस्ट आज दोपहर 3:30 से; बुमराह की जगह ले सकते हैं आकाश दीप

# राह आसान; स्टोक्स समेत 4 अंग्रेज बाहर

## कप्तान स्टोक्स चोटिल, आर्चर व कार्स को आराम, डॉसन ड्रॉप हुए

भास्कर न्यूज़ | लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला गुरुवार से खेला जाएगा। मैच लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा। सीधा प्रसारण टीवी पर सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जियो-स्टार पर होगा।

यह सीरीज का निर्णायक मुकाबला है। टीम इंडिया सीरीज में 1-2 से पीछे है और यह मुकाबला जीतकर ही वह सीरीज बचाने की स्थिति में होगी। हारने पर सीरीज हाथ से निकल जाएगी। इंग्लैंड टीम ने लीड्स में पहला टेस्ट जीतकर सीरीज की शुरुआत की थी। इसके बाद एजबेस्टन में भारत और लॉर्ड्स में इंग्लैंड को जीत मिली। मैनचेस्टर में खेला गया चौथा टेस्ट भारत ने चार सेशन लगातार बल्लेबाजी कर ड्रॉ करवाया था, जिसकी वजह से टीम बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

मैनचेस्टर टेस्ट की पहली पारी में 311 रन की बढ़त के बावजूद मैच जीतने में नाकाम रही इंग्लिश टीम अंतिम दिन बेहद हताश नजर आई थी। इंग्लैंड ने चौथी पारी में 143 ओवर फील्डिंग की थी। कप्तान स्टोक्स कंधे व हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझते दिखे थे। इसका असर अंतिम टेस्ट के टीम चयन पर भी पड़ा है। इंग्लैंड ने एकादश में चार बदलाव किए हैं। कप्तान स्टोक्स बाहर हो गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर को आराम दिया गया है। चौथे टेस्ट में 8 साल बाद पहला मुकाबला खेलने वाले स्पिनर लियम डॉसन को बाहर कर दिया गया है। इन खिलाड़ियों की जगह स्पिन ऑलराउंडर जैकब बेथेल और तेज गेंदबाज गस अटकिंसन, जोश टंग व जेमी ओवरटन लेंगे। कप्तानी ओली पोप संभालेंगे।

### राहत: स्टोक्स सीरीज के सबसे सफल बॉलर, 2 मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच

- स्टोक्स दाएं कंधे में गंभीर चोट की वजह से टेस्ट से बाहर हुए हैं। यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका है। स्टोक्स 17 विकेट लेकर इस सीरीज के सफलतम गेंदबाज हैं।
- उन्होंने मैनचेस्टर में शतक जमाने के साथ छह विकेट लिए थे और प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। वहीं, लॉर्ड्स में 77 रन और 5 विकेट ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जिताया था। एक सीरीज में सर्वाधिक 140 ओवर स्टोक्स ने इसी सीरीज में फेंके हैं। इंग्लैंड के लिए उनके अनुभव की कमी मैच में पूरी करना चुनौती होगी।

### कीर्तिमान: गिल की नजरें एक सीरीज में गावस्कर के सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड पर

- भारत के युवा कप्तान शुभमन ने सीरीज में अब तक 722 रन बनाए हैं। वे गावस्कर के एक टेस्ट सीरीज में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रनों (774 रन) के रिकॉर्ड से सिर्फ 52 रन पीछे हैं।
- इसके अलावा, गिल को गावस्कर के एक भारतीय कप्तान द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रनों (732 रन, 1978-79 बनाम वेस्टइंडीज) का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए केवल 11 रनों की जरूरत है।
- 25 साल के गिल ने इस सीरीज में चार शतक लगाए हैं, जिनमें एक दोहरा शतक और ओल्ड ट्रैफर्ड में खेली गई 103 रनों की शानदार पारी शामिल है। हार के पंजे से निकलकर मैच ड्रॉ कराने वाली इस पारी ने न सिर्फ उनकी बल्लेबाजी, बल्कि उनकी कप्तानी को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

### कॉम्बिनेशन: इंग्लैंड के पास स्पिन के 2 विकल्प बचे, पेस अटैक अनुभवहीन

डॉसन के ड्रॉप होने के बाद इंग्लिश दल में कोई अनुभवी स्पिनर नहीं है। सिर्फ बेथेल व रूट ही स्पिन के विकल्प होंगे। भारत के लिए इसका अर्थ ये भी हो सकता है कि ओवल की पिच स्पिनर्स को मदद न करे। इंग्लैंड पेस अटैक भी अनुभवहीन हो गया है। क्रिस वोक्स (61 मैच) को छोड़ दिया जाए तो अटकिंसन (12), ओवरटन (1), टंग (5) के पास कुल 18 मैचों का ही अनुभव है।



ओवरटन (बीच) करीब 3 साल बाद टेस्ट खेलेंगे। वे वोक्स, अटकिंसन, टंग के साथ पेस की कमान संभालेंगे।

### रिकॉर्ड: 89 साल में ओवल में सिर्फ दो मैच जीता है भारत, टेस्ट फाइनल भी हारा

1936 में ओवल पर पहला मैच खेलने वाली टीम इंडिया ने यहां 15 मैचों में शिरकत की है। इस दौरान उसने 14 बार इंग्लैंड और एक बार ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023) का सामना किया। इंग्लैंड के खिलाफ 14 मैचों में भारत को सिर्फ दो में जीत मिली है, जबकि 5 गंवाए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने 209 रन से हराया था।

### पिच: पहले बैटिंग से फायदा, इंग्लिश मैदान पर पहला टेस्ट यहीं खेला गया

ओवल का मैदान 108वीं बार टेस्ट की मेजबानी करेगा। यहां खेले गए 107 मैचों में 70 का नतीजा निकला है, जबकि 37 मैच ड्रॉ रहे। 40 मैच पहले बैटिंग करने वाली और 30 बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने जीते। यह सरे काउंटी का होम ग्राउंड है, जिसने पिछले मैच में यहां 820/9 का स्कोर बनाया था। दिलचस्प तथ्य यह है कि इंग्लैंड में पहला टेस्ट 1880 में इसी मैदान पर हुआ था।

### टीम चयन: कुलदीप यादव फिर बाहर बैठ सकते हैं, अर्शदीप को पहला मौका संभव

कुलदीप यादव को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ सकता है। चोटिल पंत की गैरमौजूदगी में जुरेल विकेटकीपिंग करेंगे। वर्कलोड के कारण आराम करने वाले बुमराह की जगह आकाश दीप ले सकते हैं। सिराज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में प्रसिद्ध कृष्ण या अर्शदीप सिंह को मौका मिल सकता है, जो अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं।

- **इंग्लिश एकादश:** क्रॉली, डकेट, पोप (कप्तान), जो रूट, ब्रूक, बेथेल, स्मिथ, वोक्स, अटकिंसन, ओवरटन, टंग।
- **भारतीय दल:** यशस्वी, केएल राहुल, साई, शुभमन गिल (कप्तान), जुरेल, जडेजा, वॉशिंगटन, शार्दुल, अंशुल, बुमराह, सिराज, करुण, कुलदीप यादव, अभिमन्यु, प्रसिद्ध, जगदीशन, अर्शदीप, आकाश।

**300** वां टेस्ट होगा यह भारत का घर के बाहर। ऐसा करने वाली इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और विंडीज के बाद चौथी टीम बनेगी।

आईसीसी रैंकिंग • जडेजा टेस्ट में नंबर-1 ऑलराउंडर

# अभिषेक बिना खेले दुनिया के नंबर-1 टी20 बैटर, पहली बार यह उपलब्धि

भास्कर न्यूज़ | दुबई

आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के युवा अभिषेक शर्मा टॉप पर आ गए हैं। 24 साल के अभिषेक बिना खेले इस पोजीशन पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। दरअसल, हेड वेस्ट इंडीज के खिलाफ 5 मैच की टी20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे, जिसका असर उनकी रैंकिंग पर पड़ा। अभिषेक करियर में पहली बार नंबर-1 पोजीशन पर पहुंचे हैं। वे टी20 में टॉप पोजीशन हासिल करने वाले चौथे भारतीय बने। उनसे पहले यह कारनामा कोहली, गंभीर, सूर्या कर चुके हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के जोश इंग्लिस 6 स्थान चढ़कर 9वें स्थान पर पहुंचे हैं। भारत के सूर्या छठे पर कायम हैं।



**टी20 बैटर रैंकिंग**

| खिलाड़ी (देश) | रेटिंग |
|---|---|
| अभिषेक (भारत) | 829 |
| हेड (ऑस्ट्रेलिया) | 814 |
| तिलक (भारत) | 804 |
| साल्ट (इंग्लैंड) | 791 |
| बटलर (इंग्लैंड) | 772 |

### नंबर-2 मिराज से 117 अंक आगे हैं जडेजा; स्टोक्स तीसरे पर

भारतीय ऑलराउंडर जडेजा ने टेस्ट रैंकिंग में बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज पर 117 अंकों की बढ़त बना ली है। वे 422 रेटिंग अंक के साथ टॉप पर मजबूती से बने हुए हैं। इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स तीन स्थान चढ़कर ऑलराउंडर्स में तीसरे स्थान पर आ गए हैं।

# द. अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में आराम करेंगे स्टार्क-कमिंस

भास्कर न्यूज़ | मेलबर्न

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 अगस्त से शुरू हो रही तीन वनडे और तीन टी20 की घरेलू सीरीज के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीमें घोषित कर दी हैं। ऑलराउंडर मिचेल ओवेन को पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। टी20 में शानदार प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को भी वनडे टीम में वापस बुलाया गया है। ट्रेविस हेड और जोश हेजलवुड टी20 और वनडे दोनों टीमों में वापसी कर रहे हैं। मैट शॉर्ट चोट से ठीक होकर लौटे हैं। तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को घरेलू सीजन से पहले आराम दिया गया है। वहीं, मिचेल मार्श वनडे टीम के कप्तान होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), एबॉट, टिम डेविड, ड्वारशुइस, एलिस, ग्रीन, हेजलवुड, हेड, इंग्लिस, कुह्नमैन, मैक्सवेल, ओवेन, शॉर्ट, जंपा।

### ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), बार्टलेट, कैरी, ड्वारशुइस, एलिस, ग्रीन, हेजलवुड, हेड, इंग्लिस, लबुशेन, मॉरिस, ओवेन, शॉर्ट, जंपा।

ओवेन ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी20 में 192.30 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। विंडीज के खिलाफ 5-0 से जीतने वाली टीम के जेक फ्रेजर, आरोन हार्डी, कूपर कॉनॉली और बार्टलेट टी20 में नहीं खेलेंगे, लेकिन बार्टलेट वनडे में शामिल हैं।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### महिला फुटबॉल: डिफेंडिंग चैम्पियन ब्राजील कोपा अमेरिका के फाइनल में



**क्विटो (इक्वाडोर)** | डिफेंडिंग चैम्पियन ब्राजील ने कोपा अमेरिका (महिला) के सेमीफाइनल में उरुग्वे को 5-1 से हराया। ब्राजील ने लगातार पांचवीं बार फाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ ब्राजील ने लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया। फाइनल में ब्राजील का सामना कोलंबिया से होगा, जिसने अर्जेंटीना को शूटआउट में 5-4 से हराया।

### बैडमिंटन: सिर्फ 31 मिनट में जीतकर आयुष मकाऊ ओपन के प्री क्वार्टर में

**मकाऊ** | भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने मकाऊ ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सातवीं वरीयता प्राप्त आयुष ने ताइवान के हुआंग यू काई को मात्र 31 मिनट में 21-10, 21-11 से आसानी से हराया। एक अन्य मुकाबले में लक्ष्य सेन ने कोरिया के जियोन हुएक जिन को सिर्फ 38 मिनट में 21-8, 21-14 से शिकस्त देकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। इस बीच, एचएस प्रणय, अनमोल खरब, तसनिम मीर, आकर्षी कश्यप, उन्नति हुड्डा को हार का सामना करना पड़ा।

### वीनस विलियम्स को यूएस ओपन में वाइल्डकार्ड एंट्री, मिक्स्ड डबल्स खेलेंगी

**न्यूयॉर्क** | अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स को साल के आखिरी टेनिस ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में वाइल्डकार्ड एंट्री मिली है। अब वे रिली ओपेल्का के साथ मिक्स्ड डबल्स में खेलेंगी। 45 वर्षीय वीनस एक साल से ज्यादा समय बाद पिछले हफ्ते टेनिस कोर्ट पर लौटी हैं। यूएस ओपन में मिक्स्ड डबल्स 19-20 अगस्त को होगा। इसमें 14 जोड़ियां हिस्सा लेंगी।

क्रिकेट • साल का पहला टेस्ट खेल रहा न्यूजीलैंड

# मैट हेनरी का पांचवां फाइफर, जिम्बाब्वे 149 रन पर सिमटा

भास्कर न्यूज़ | बुलावायो

जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू हुई दो टेस्ट की सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाजी से प्रहार किया और मेजबान को 149 रन पर समेट दिया। जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग इरविन (39) टॉप स्कोरर रहे। कीवी पेसर मैट हेनरी ने 5वां फाइफर लेते हुए 6 विकेट झटके। नाथन स्मिथ ने 3 विकेट लिए। यह कीवी टीम का इस साल पहला ही टेस्ट है।



मैट हेनरी

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 92/0 का स्कोर बना लिया था। स्टंप्स के समय विल यंग 41* और डेवोन कॉनवे 51* रन बनाकर क्रीज पर थे।

## 16 साल के हरदीप बने रेसलिंग में वर्ल्ड चैम्पियन

भास्कर न्यूज़ | एथेंस

ग्रीस में आयोजित अंडर-17 वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप में भारत के हरदीप ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने 110 किलोग्राम ग्रीको-रोमन कैटेगरी में ये उपलब्धि हासिल की। हरदीप का फाइनल ईरान के यजदान रेजा डेलरूज के साथ था। स्कोर 3-3 रहने के बावजूद निर्णायक अंक भारतीय पहलवान के पक्ष में गया। इससे पहले, हरदीप ने सेमीफाइनल में तुर्किये के एमरुल्लाह चापकान के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की थी।

## यूथ क्रिकेट: ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आयुष म्हात्रे फिर बने कप्तान

**मुंबई** | सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के मल्टी फॉर्मेट दौरे के लिए 18-सदस्यीय भारतीय अंडर-19 टीम की घोषणा हो गई है। आयुष म्हात्रे एक बार फिर टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी विहान मल्होत्रा को दी गई है। दौरा 21 सितंबर से शुरू होगा। पहले तीन वनडे खेले जाएंगे और उसके बाद दो चार-दिवसीय मुकाबले होंगे। आयुष की कप्तानी में भारत ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज 3-2 से जीती, जबकि टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराई। ▪ **टीम:** म्हात्रे, विहान, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अम्बरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी. दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलन पटेल, उदव मोहन, अमन चौहान।

भास्कर नॉलेज • ई स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप फाउंडेशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के बारे में वो सब कुछ, जो जानना जरूरी है

# ई स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप: 100 से अधिक देशों की भागीदारी, ₹625 करोड़ प्राइज मनी; चेस पहली बार शामिल, अर्जुन और निहाल अंतिम-8 में

भास्कर न्यूज़ | रियाद

ई स्पोर्ट्स का वर्ल्ड कप रियाद में शुरू हो चुका है। ई स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप फाउंडेशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट का यह दूसरा सीजन है। पहली बार शतरंज को भी शामिल किया गया है। दुनिया के 16 टॉप ग्रैंडमास्टर्स अलग-अलग क्लबों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारत से अर्जुन एरिगैसी और निहाल सरीन टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन के मुकाबलों के बाद ग्रुप ए से लेवोन एरोनियन, ग्रुप बी से एरिगैसी, ग्रुप सी से अलीरेजा फिरोजा और ग्रुप डी से मैग्नस कार्लसन क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुके हैं। वहीं 'लूजर्स ब्रैकेट' से भारत के निहाल सरीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। **जानते हैं ई स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप के बारे में...**

### टूर्नामेंट में कितने देश के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं? कितने इवेंट्स हैं?

इस वर्ल्ड कप में 100 से अधिक देशों के 200 से अधिक टॉप क्लब और 2000 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट में 25 खेलों के 26 इवेंट आयोजित हो रहे हैं।

### प्राइज मनी कितनी है?

टूर्नामेंट की प्राइज मनी 71.5 मिलियन डॉलर (करीब 625 करोड़ रुपए) है। यह रिकॉर्ड है। पिछली बार प्राइज मनी 62.5 मिलियन डॉलर (करीब 547 करोड़ रुपए) थी।

### चेस का फॉर्मेट क्या है?

हर मुकाबले के लिए 10 मिनट प्रति खिलाड़ी का समय है, जिसमें कोई इन्क्रिमेंट (अतिरिक्त समय) नहीं मिलेगा। यानी खिलाड़ी को पूरी बाजी 10 मिनट में ही खत्म करनी होगी। हर फिक्स्चर दो गेम की मैच सीरीज के रूप में खेली जा रही है। अगर दोनों खिलाड़ी एक-एक गेम जीतते हैं या दोनों गेम ड्रॉ रहते हैं, तो टाईब्रेक खेला जाएगा।

### चेस में प्राइज मनी क्या है?

चेस में कुल प्राइज मनी करीब 13 करोड़ रुपए है, जिसमें चैम्पियन को 2.1 करोड़ रुपए की राशि मिलेगी जबकि दूसरे स्थान के खिलाड़ी को 1.6 करोड़ रुपए मिलेंगे। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 16 में से आखिरी चार स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों को भी लगभग 44 लाख रुपए मिलेंगे, भले ही वे एक भी मैच न जीतें।

### चेस टूर्नामेंट में शामिल करने पर विवाद क्यों है?

- विवाद का एक पहलू यह है कि क्या चेस ई स्पोर्ट्स का हिस्सा होना चाहिए? पारंपरिक बोर्ड पर खेले जाने वाले इस खेल को कुछ लोग डिजिटल गेम्स की दुनिया से अलग मानते हैं। हालांकि आयोजकों का कहना है कि मैच कंप्यूटर पर खेले जा रहे हैं, इसलिए यह ई स्पोर्ट्स ही है।
- अन्य बड़ा मुद्दा है 'स्पोर्ट्सवॉशिंग' का आरोप। कई आलोचकों का मानना है कि सऊदी अरब खेल आयोजनों के जरिए अंतरराष्ट्रीय छवि सुधारने की कोशिश कर रहा है।

## भरत अरुण बने लखनऊ के नए गेंदबाजी कोच

भास्कर न्यूज़ | लखनऊ

पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण अब आईपीएल टीम लखनऊ सुपरजाएंट्स (एलएसजी) से बतौर बॉलिंग कोच जुड़ गए हैं। अरुण पिछले कुछ वर्षों से कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़े थे। लेकिन अब उन्हें रिलीज कर दिया गया है। वे मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के बाद केकेआर से विदा होने वाले कोचिंग स्टाफ के दूसरे सदस्य हैं। 2025 में केकेआर आठवें पर रही थी। लखनऊ की गेंदबाजी भी निराशाजनक रही थी, जिस कारण टीम ने सातवें पर रहकर सीजन खत्म किया था। लखनऊ ने भी सपोर्ट स्टाफ में बदलाव शुरू किया है।







## दलाई लामा: जंस्कार घाटी में 25 हजार श्रद्धालुओं ने सुना 'हृदय सूत्र'

शेवांग रिगजिंग. लेह | तस्वीरें लद्दाख की हैं, जहां तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा एक महीने के दौरे पर हैं। वे 12 जुलाई को लेह पहुंचे थे और 21 जुलाई को हवाई मार्ग से कारगिल जिले की जंस्कार घाटी पहुंचे। यहां सभी समुदायों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने 2 दिनों तक महायान बौद्ध परंपरा के एक अत्यंत महत्वपूर्ण ग्रंथ 'हृदय सूत्र' से जुड़ी शिक्षाएं दीं। दलाई लामा के प्रवचनों के सुनने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के अलावा विदेशों से 25 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं।

किसानों की धमकी • फैसला बदलें वरना गांवों में एंट्री नहीं

## पंजाब: 'लैंड पूलिंग' के खिलाफ 21 हजार ट्रैक्टरों से मार्च निकाला

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़/जालंधर

पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग नीति के खिलाफ किसानों का आक्रोश बुधवार को सड़कों पर दिखाई दिया। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में 116 गांवों में किसानों ने 21 हजार ट्रैक्टरों से मार्च निकाला। ट्रैक्टर मार्च की शुरुआत उन 29 प्रमुख स्थानों से की गई, जहां सरकार जमीन अधिग्रहण की योजना बना रही है। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि सरकार को नीति वापस लेने पर मजबूर किया जाएगा। किसानों ने साफ चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार ने लैंड पूलिंग नीति को वापस नहीं लिया, तो किसी सरकारी प्रतिनिधि को गांवों में घुसने नहीं दिया जाएगा।

- **पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग नीति:** सरकार का दावा है कि यह किसानों के लिए फायदेमंद है। इसके तहत किसान अपनी जमीन सरकार को अस्थायी रूप से देंगे। बदले में उन्हें विकसित प्लॉट, सालाना 1 लाख रु. किराया व विकास पूरा होने तक 10% अतिरिक्त मुआवजा मिलेगा। योजना में शामिल होने पर सहमति के लिए 50 हजार का चेक दिया जाएगा।



मोगा में किसानों का ट्रैक्टर मार्च।

- **किसानों की चिंता:** किसानों का कहना है कि सरकार ने गारंटी नहीं दी है कि अगर प्रोजेक्ट पूरी नहीं हुआ तो जमीन वापस कैसे मिलेगी? किसानों को डर है कि उनकी जमीन पर सरकार का कब्जा हो जाएगा। वे चिंता जता रहे हैं कि जिस जमीन को वे बैंक में गिरवी रखकर कर्ज लेते थे, वह अब उनके नाम नहीं रहेगी।
- **आगे क्या:** किसानों का कहना है कि बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए 4 अगस्त को लुधियाना में बैठक होगी।

### न्यूज विंडो

#### 500 करोड़ रुपए से जुड़े मेडिकल सप्लाई घोटाले में छत्तीसगढ़ में ईडी की छापेमारी

**रायपुर**| 500 करोड़ के मेडिकल सप्लाई घोटाले की जांच के तहत ईडी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और आसपास के इलाकों में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह मामला अप्रैल में दायर चार्जशीट पर आधारित है, जिसमें बताया गया था कि2023 में मेडिकल उपकरणों की खरीद में अनियमितता से राज्य को 550 करोड़ का नुकसान हुआ।

#### बांग्लादेश में खालिदा जिया लड़ेंगी आम चुनाव, बीएनपी ने किया औपचारिक ऐलान

**ढाका**| बांग्लादेश की पूर्व पीएम और बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया आम चुनाव लड़ेंगी। पार्टी के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने बताया कि 79 वर्षीय जिया अब स्वस्थ हैं और फेनी सीट से चुनाव लड़ेंगी। खालिदा जिया इस साल मई में लंदन से इलाज के बाद ढाका लौटीं। जिया मार्च 2025 में भ्रष्टाचार के सभी मामलों से बरी हो चुकी हैं।

#### ताइवान के राष्ट्रपति ने अमेरिकी विरोध के बाद लैटिन अमेरिका की यात्रा टाली

**ताइपे**| ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने अगले महीने प्रस्तावित लैटिन अमेरिका का दौरा स्थगित कर दिया है। चीन की आपत्ति के बाद अमेरिका ने न्यूयॉर्क में स्टॉपओवर की अनुमति देने से इनकार कर दिया। ताइवान के पूर्व सांसद जेसन हसु ने कहा कि यदि अमेरिका ने स्टॉपओवर रोका, तो यह चीन के सामने झुकने जैसा होगा।

संसद • सरकार ने बताया 5 साल में 66 लाख साइबर फ्रॉड केस, 9.63 लाख अकेले यूपी में

## 5 साल में देश में साइबर फ्रॉड के मामले 900% बढ़े, सबसे ज्यादा केस यूपी में दर्ज

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश में 5 साल में साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़े हैं। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में बताया कि 2021 से 2025 (30 जून तक) के बीच इन अपराधों में करीब 900% की बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, सांसद जोस मणि ने सरकार से पूछा था कि देश में पिछले 5 साल में राज्यों में साइबर फ्रॉड के मामले कितने बढ़े हैं? इससे निपटने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? मंत्री ने बताया कि 2021 से 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए।

**5 साल में साइबर फ्रॉड में शीर्ष 10 राज्य**

| राज्य | केस | राज्य | केस |
|---|---|---|---|
| यूपी | 9.63 लाख | तमिलनाडु | 4.09 लाख |
| महाराष्ट्र | 7.61 लाख | राजस्थान | 3.93 लाख |
| दिल्ली | 5.13 लाख | तेलंगाना | 3.75 लाख |
| गुजरात | 4.93 लाख | प. बंगाल | 3.55 लाख |
| कर्नाटक | 4.37 लाख | हरियाणा | 3.48 लाख |

### मथुरा-कोटा सेक्शन पर कवच 4.0 सेफ्टी सिस्टम शुरू

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे ने दिल्ली-मुंबई रूट के मथुरा-कोटा सेक्शन पर स्वदेशी रेलवे सेफ्टी सिस्टम कवच 4.0 को चालू कर दिया है। अब तक यह प्रणाली दक्षिण मध्य और उत्तर मध्य रेलवे के 1,548 किमी रूट पर लागू की जा चुकी है। अभी दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा कॉरिडोर (3,000 रूट किमी) पर कवच स्थापना का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि अब तक कवच को लगाने के लिए कुल 7,599 किमी रेल रूट को अनुमोदन मिल चुका है।

### 489 प्रोजेक्ट भूमि अधिग्रहण में मंजूरी में देरी से अटके: गडकरी

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि देशभर में मार्च 2025 तक पूरे होने वाले 489 प्रोजेक्ट मंजूरी में देरी के कारण लंबित हैं। गडकरी ने बताया कि सैटेलाइट आधारित टोल वसूली प्रणाली लागू करने से पहले इससे जुड़ी सुरक्षा और निजता संबंधी चिंताओं पर और गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी देश के किसी भी हाइवे पर यह प्रणाली लागू नहीं है।

### 2018 से 2022 के बीच पांच साल में यूएपीए के 2 केस रद्द

2018 से 2022 के बीच देशभर में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज केवल 2 केसों को 2022 में कोर्ट ने रद्द किया है। राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि 2018 से 2022 के बीच यूएपीए के तहत कुल 8,947 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनमें सबसे अधिक 2,633 गिरफ्तारियां जम्मू और कश्मीर से हुईं। फिर यूपी से 2,162 गिरफ्तारियां हुईं।

### 4 अगस्त को 'वोट चोरी' के मुद्दे पर प्रदर्शन करेंगे राहुल

भास्कर न्यूज | बेंगलुरु

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 4 अगस्त को बेंगलुरु में 'वोट चोरी' के खिलाफ आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे। यह विरोध कार्यक्रम कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी चुनाव आयोग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे। राहुल गांधी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि देश में वोट को 'चुराया' जा रहा है और कांग्रेस ने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट में गहन अध्ययन कर इस 'वोट चोरी' की पूरी कार्यप्रणाली को उजागर किया है।

कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बताया कि राहुल 4 अगस्त को बेंगलुरु में पहुंचेंगे और फ्रीडम पार्क में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर सकते हैं। इसके बाद वे निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मिलकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराएंगे। हालांकि, कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा।

कैश फॉर जॉब • सेंथिल बालाजी केस में तमिलनाडु को फटकार

## सभी आरोपियों की पेशी के लिए हमें स्टेडियम की जरूरत पड़ेगी: सुप्रीम कोर्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

तमिलनाडु के चर्चित 'कैश फॉर जॉब' घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए मामले की सुनवाई के दौरान तीखी टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा कि यह ट्रायल अब तक का सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला मुकदमा बन गया है, जिसमें 2,000 से ज्यादा आरोपी और 500 से अधिक गवाह शामिल हैं। ऐसे में इस मामले की सुनवाई किसी कोर्ट रूम में नहीं, बल्कि क्रिकेट स्टेडियम में करानी पड़ेगी।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस घोटाले की तुलना न्यायिक प्रणाली के साथ धोखाधड़ी से की।

कोर्ट ने कहा कि सरकार की ओर से इतने सारे लोगों को आरोपी बनाकर जानबूझकर मुकदमे को लंबा खींचने की कोशिश की जा रही है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन गरीब लोगों ने नौकरी पाने के लिए रिश्वत दी, वे अपराधी नहीं बल्कि परिस्थितियों के शिकार हैं। ऐसे लोगों को आरोपी बनाना न्याय में विलंब और अन्याय को बढ़ावा देना है। कोर्ट ने राज्य सरकार से स्पष्ट पूछा कि इस घोटाले में केवल मंत्री ही क्यों हैं? बल्कि वे अधिकारी कौन थे जिन्होंने नियुक्तियों में भ्रष्टाचार किया। केस की अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी।

## टैरिफ से भारत और अमेरिका के संबंधों में तल्खी

टैरिफ के पीछे का खेल • ट्रम्प सौदे का दबाव बनाते रहे, लेकिन भारत ने सुरक्षा को प्राथमिकता दी

## रूस का तेल सस्ता, हथियार के साथ तकनीक भी देता है, रुपए में व्यापार की छूट, इसलिए हमारे हित में

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नाराज होने की बड़ी वजह रूस और भारत के ऊर्जा और रक्षा संबंध हैं। दरअसल, रूस 1991 से भारत का अहम सहयोगी है। उसने भारत को न केवल तकनीक के साथ उन्नत हथियार दिए, बल्कि सस्ता कच्चा तेल भी दिया। अभी रूस के साथ 5.59 लाख करोड़ रु. का कुल व्यापार है। इसमें भारत का आयात 5.24 लाख करोड़ रु. का है। इसमें भी कच्चे तेल और हथियारों का बड़ा हिस्सा है। अभी भारत अपनी जरूरत के 60 से 70% रक्षा उपकरण रूस से ही ले रहा है, क्योंकि वह तकनीक फ्री और 10 साल तक मेंटेनेंस सर्विस कम लागत में देता है। यदि कच्चे तेल की बात करें तो पहले इराक और सऊदी अरब से 60% तेल आयात करते थे। रूस का हिस्सा महज 0.2% था। लेकिन, फरवरी 2022 के बाद भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रूस से ज्यादा तेल लेना शुरू किया। आज हम अपनी जरूरत का 40% तेल रूस से ले रहे हैं।

### बात हथियारों की... रूस से हर साल 30 हजार करोड़ के हथियार ले रहे हम

आज भारत हर साल रूस से 30 हजार करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण खरीद रहा है। सौदे की अहम शर्त तकनीक ट्रांसफर और मेंटेनेंस की है, जिसे सिर्फ रूस ही पूरा कर रहा है।

### रक्षा सौदे, जिनसे भारत की ताकत बढ़ी

- **एस-400:** एयर डिफेंस सिस्टम के लिए 2018 में 47 हजार करोड़ रु. में सौदा। पाक से युद्ध में सफल साबित हुआ।
- **अकुला:** 26 हजार करोड़ में 10 साल के लिए तीसरी अकुला क्लास स्टेल्थ पनडुब्बी लीज पर ले रहे। 2025 में मिलेगी।
- **ब्रह्मोस:** भारत-रूस का संयुक्त उद्यम। दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल। तीनों सेनाओं के पास है।
- **टी-90 भीष्म टैंक:** 13 हजार करोड़ में 1200 टैंक खरीदे। ये अत्याधुनिक हैं। इसके अलावा, वायुसेना के पास मौजूद 272 सुखोई विमानों की खरीद और अपग्रेडेशन का सौदा हुआ।

### कच्चा तेल... भारत ने रूस से रुपए में खरीदा, दुनिया में कीमतें बढ़ने से रोका

ग्लोबल रियल टाइम डेटा एंड एनालिटिक्स प्रदाता कंपनी केपलर के मुताबिक भारत जनवरी 2022 में रूस से 68000 बैरल तो इराक से 10.23 लाख और सऊदी अरब से 8.83 लाख बैरल तेल रोज खरीद रहा था। लेकिन, यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होते ही भारत ने मौका देखा और रूस से ज्यादा तेल खरीदना शुरू किया। जून 2022 में रूस ने भारत को अंतरराष्ट्रीय मूल्य से 15-20 डॉलर प्रति बैरल कम रेट पर तेल देना शुरू किया। भारत ने पिछले साल रोज 16.3 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। वो भी डॉलर में नहीं, बल्कि भारतीय रुपया या गैर डॉलर मुद्रा में।

#### जिन्होंने प्रतिबंध लगाए, उन्होंने ही रूसी तेल खरीदा

फिनलैंड के सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की मानें तो भारत में आया अधिकांश तेल दो रिफाइनरियों में परिष्कृत हुआ। यहीं से यूरोप को बेचा गया। जबकि इन देशों ने रूस से सीधे तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा रखा है।

## ईयू-यूएस डील से भड़के मैक्रों ने कहा डराना जरूरी पर हम इसमें नाकामयाब

भास्कर न्यूज | पेरिस



फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को कमजोर बताते हुए उसकी तीखी आलोचना की है। मैक्रों ने कहा, आजाद रहने के लिए डराया जाना जरूरी है, लेकिन हम डेराने में असफल रहे। इससे पहले फ्रांसीसी प्रधानमंत्री फ्रांकोइस बायरू इस डील को अमेरिका के सामने एक तरह से 'आत्मसमर्पण' कह चुके हैं। दरअसल, ईयू और अमेरिका के बीच 15% आयात शुल्क पर बात बनी है। इससे ऑटो, फार्मा और विमानन जैसे अहम उद्योगों को राहत मिली। पहले ट्रम्प ने 30% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। हालांकि फ्रांस ने इसे असमान और अपमानजनक

### ट्रम्प के टैरिफ से यूरोप की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाई, सबसे ज्यादा असर जर्मनी पर

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**लिज एल्डरमैन** | ट्रम्प टैरिफ का असर अब ईयू पर दिखने लगा है। बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यूरोजोन की अर्थव्यवस्था अप्रैल से जून तिमाही में केवल 0.1% बढ़ी। इसकी मुख्य वजह ट्रम्प द्वारा अप्रैल में लगाया गया 10% टैरिफ रहा। अब 15% आयात शुल्क लागू होना है। खासतौर पर जर्मनी की अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ा है, जहां अमेरिका ने ऑटो सेक्टर पर 25% शुल्क अलग से लगाया है। इससे जर्मन वाहन निर्यात पर सीधा असर पड़ा, उत्पादन गिर गया। पहली तिमाही में यूरोप की अर्थव्यवस्था में मामूली उछाल फार्मा, वाइन और कारों के निर्यात में तेजी से आया था, क्योंकि कंपनियों ने अप्रैल की टैरिफ से पहले माल भेजने की होड़ मचा दी थी। अब दूसरी तिमाही की सुस्ती के रूप में असर सामने आ रहा है।

### ट्रम्प की धमकी, चीन बोला- दबाव से कुछ नहीं मिलेगा

**बीजिंग** | अमेरिका ने चीन को धमकी दी है कि अगर वह रूस से तेल खरीदना जारी रखता है तो उस पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा। इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, चीन हमेशा अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार ऊर्जा की आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा। टैरिफ युद्ध में कोई जीतेगा नहीं। जबरन और दबाव से कुछ हासिल नहीं होगा।

**हमारी ताकत...** ब्रिक्स, जी20 हो या एससीओ, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस हमेशा भारत के साथ रहा है।

**हम दूसरे बड़े खरीदार...** रूस अभी अपने कुल तेल निर्यात का 36% भारत और 47% चीन को कर रहा।

**बड़ी चुनौती...** रूस के साथ हमारा व्यापार घाटा करीब 5 लाख करोड़ रुपए का है। जबकि हम उसे सिर्फ 36,636 करोड़ का निर्यात करते हैं।

**कांग्रेस महासचिव** जयराम रमेश ने कहा कि यह अमेरिका की ब्लैकमेलिंग है। ट्रम्प तय नहीं कर सकते कि भारत तेल कहां से खरीदेगा।

**भाजपा सांसद** प्रताप चंद्र सारंगी ने कहा, भारत विशाल बाजार है, डरने की जरूरत नहीं। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम इस चुनौती से निपटेंगे। मोदी राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेंगे।

**आरएसएस** से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने कहा, किसी देश को दूसरे का व्यापार नियम तय करने का अधिकार नहीं। व्यापार से इतर कारणों से टैरिफ लगाना अनुचित है।

सख्ती • रूस की घेराबंदी में जुटे अमेरिकी सांसद

## रूस से ट्रेड पर 500% टैरिफ का बिल अमेरिकी संसद में है

भास्कर न्यूज | वॉशिंगटन

रूस से व्यापार करने वाले देशों पर 500% टैरिफ के प्रस्ताव वाला बिल अमेरिकी संसद में लंबित है। यह बिल रिपब्लिकन लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक रिचर्ड ब्लूमेंथल बिल लाए हैं। इसे 100 में से 85 सीनेटरों का समर्थन है। इस पर सितंबर या अक्टूबर में वोटिंग होगी। रिब्लिकन और डेमोक्रेटिक सीनेटर रूस के साथ ट्रेड करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंधों के पक्षधर हैं। इसे सेकंडरी टैरिफ का नाम दिया जा रहा है। यानी टैरिफ के अतिरिक्त दंडात्मक रूप से टैरिफ लगाया जाना प्रस्तावित है।

**पहली बार ट्रम्प ने पुतिन पर कड़ा फैसला किया:** एशिया पैसेफिक फाउंडेशन के सीनियर फेलो माइकल कुगलमैन ने कहा, भारत और रूस के बीच सैन्य साजोसामान और तेल की खरीद पर ट्रम्प ने पहली बार कोई कड़ा फैसला किया है। ट्रम्प ने रूस फैक्टर के मद्देनजर भारत पर पैनल्टी लगाई है। इस मौके पर ट्रम्प की यह घोषणा एक तरीके से भारत के लिए बड़े झटके के समान है, क्योंकि भारत और अमेरिका पिछले कुछ समय से और नजदीक आ रहे हैं। खासतौर पर तब जबकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके बीच बेहद नजदीकी संबंध थे।

## ट्रम्प टैरिफ... विशेषज्ञ बोले- इससे भारत नुकसान में नहीं, भविष्य में ट्रेड डील समान शर्तों पर संभव; कुछ सेक्टरों पर असर पड़ेगा... पर यह अवसर भी है

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली/मुंबई

ट्रम्प टैरिफ पर थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का दावा है कि भारत उन देशों से बेहतर है, जिन्होंने अमेरिका से डील की। ब्रिटेन, ईयू, जापान, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे देशों ने डील के बदले उसे रियायतें दीं। जैसे- अमेरिकी कृषि उत्पादों पर जीरो टैरिफ, तेल-गैस-हथियारों की खरीद और निवेश का वादा। भारत ने ऐसा नहीं किया। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत ने रेड लाइन पार नहीं की, खासकर कृषि के मुद्दे पर, जिससे 70 करोड़ लोग जुड़े हैं। भारत ही नहीं 90 देश अमेरिकी दबाव से लड़ रहे हैं। भविष्य में डील संभव है, लेकिन बराबरी की शर्तों पर। हालांकि कुछ विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि इससे कुछ सेक्टर्स पर असर दिखेगा।

**FICCI- भारत ने सही किया**

अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे निर्यात पर सीधा असर डालेगा। उम्मीद है जल्द ट्रेड डील होगी। दोनों देशों के पास मिलकर बढ़ने की संभावना है। अमेरिका की कुछ मांगें भारत के हित में नहीं थीं, इसलिए सरकार ने न मानकर सही किया है।

**CITI- टेक्सटाइल्स पर असर**

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री मानता है कि ट्रम्प के 25% टैरिफ से भारतीय टेक्सटाइल उद्योग को झटका लगेगा। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा टेक्सटाइल बाजार रहा है। अतिरिक्त टैरिफ से भारतीय निर्यात महंगा होगा, जिससे प्रतिस्पर्धी देश को मौका मिलेगा।

**PHDCCI- यह अवसर भी है**

अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा, एमएसएमई सेक्टर पर तुरंत असर होगा, लेकिन यह अवसर की तरह भी है। वैश्विक खरीदार एक देश पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। भारत मजबूत, लोकतांत्रिक और भरोसेमंद विकल्प है। हमें गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ना होगा।

**CMAI- हमारे प्रोडक्ट 7 से 10% महंगे होंगे**

क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चीफ मेंटर राहुल मेहता ने कहा, अगर शर्तें लागू हुईं तो हमारे उत्पाद प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले 7 से 10% महंगे हो जाएंगे। इससे अमेरिकी बाजार में निर्यात को नुकसान होगा। अच्छा है कि हमने ब्रिटेन से ट्रेड डील कर ली है और ईयू से बातचीत जारी है।

**MTaI- इस ऐलान से रणनीतिक भरोसे पर असर**

मेडिकल टेक्नोलॉजी एसो. ऑफ इंडिया के चेयरमैन पवन चौधरी ने कहा, ट्रम्प के ऐलान से भारत में जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों की लागत बढ़ सकती है। अमेरिका का यह ऐलान रणनीतिक रूप से गलत, आर्थिक रूप से अल्पदृष्टि वाला है। इससे साझा रणनीतिक विश्वास को ठेस पहुंचेगी।

**अर्थव्यवस्था पर दबाव होगा, भारत पर डील पर जोर बढ़ाए**

- **अदिति नायर, मुख्य अर्थशास्त्री, इकरा:** टैरिफ और पैनल्टी उम्मीद से ज्यादा है। अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा। असर कितना गहरा होगा, यह पैनल्टी का आकार तय करेगी।
- **उत्सव वर्मा, रिसर्च हेड, चॉइस ब्रोकिंग:** टेक्सटाइल, फार्मा और ऑटो पार्ट्स जैसे सेक्टरों में निवेशक सतर्क होंगे। जोर अब डील पर हो। उम्मीद है टैरिफ 15% तक हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंगलुरु की रेमोना ने 170 घंटे तक किया नृत्य, बना रिकॉर्ड



**मंगलुरु** | कर्नाटक के शहर मंगलुरु की रेमोना एवेट परेरा ने लगातार 170 घंटे भरतनाट्यम नृत्य कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। यह दुनिया का इस तरह का पहला रिकॉर्ड है। रेमोना सेंट एलोयसियस डीम्ड यूनिवर्सिटी की बीए की छात्रा हैं। उन्होंने 7 दिन में 10 हजार 200 मिनट तक नृत्य प्रस्तुति देकर यह रिकॉर्ड बनाया। रेमोना ने हर तीन घंटे में केवल 15 मिनट का ब्रेक लेते हुए भरतनाट्यम किया। उनकी गुरु डॉ. श्रीविद्या मुरलीधर ने इसे 'बड़ी उपलब्धि' बताया। गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से जुड़े डॉ. मनीष विश्नोई ने रेमोना को रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र प्रदान किया।

### जो पेंटिंग 16 हजार में खरीदी वो 31 लाख रुपए की निकली



**कैम्ब्रिज**। दो साल पहले कैम्ब्रिज के एंटीक डीलर ने एक हाउस क्लीयरेंस सेल में 16050 रुपए (150 पाउंड) में पेंटिग खरीदी थी। यह अनोखी पेंटिंग अब ख्यात चित्रकार साल्वाडोर डाली की असली कृति निकली। इसकी कीमत अब 31 लाख रुपए तक आंकी गई है। यह पेंटिंग 1966 में बनाई गई थी, जो चित्रकार डाली की अधूरी अरेबियन नाइट्स सीरीज का हिस्सा थी। नीलामी कंपनी चेफिन्स ने बताया कि इसका स्टाइल, रंग और विषय डाली की अन्य अरेबियन नाइट्स सीरीज की पेंटिंग्स से मेल खाता है। अब इसे 23 अक्टूबर को नीलाम किया जाएगा।

दिल्ली कोर्ट का आदेश • पुरुष के 300 मीटर दायरे में भी न दिखें

## शादीशुदा व्यक्ति का पीछा करने वाली महिला पर सख्ती

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने एक विवाहित महिला को एक शादीशुदा व्यक्ति का पीछा करने और उसे परेशान करने से रोकने का आदेश दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि महिला अब उस व्यक्ति के घर के 300 मीटर के दायरे में नहीं जा सकती। महिला किसी भी माध्यम से, सीधे या परोक्ष रूप से उससे या उसके परिवार से संपर्क नहीं कर सकती है। मामले की सुनवाई करते हुए सिविल जज रेनू ने कहा कि महिला सोशल मीडिया, फोन, संदेश या किसी तीसरे व्यक्ति के जरिए भी उससे संपर्क नहीं कर सकती है।

### आश्रम में हुई थी जान-पहचान

पुरुष ने कोर्ट को दायर याचिका में बताया कि 2019 में एक आश्रम में महिला से उसकी मुलाकात हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच मेल-मुलाकात शुरू हुई। इसके बाद महिला उस पुरुष के पीछे पड़ गई। साल 2022 में महिला ने यौन संबंध बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे पुरुष ने यह कहकर ठुकरा दिया कि वह उम्रदराज, विवाहित है और उसके बच्चे हैं।

### फ्लैट पर कई बार गई, आत्महत्या की धमकी

इनकार के बावजूद महिला ने उसका और उसके बच्चों का सोशल मीडिया पर पीछा करना जारी रखा। वह कई बार उसके फ्लैट भी पहुंची और दबाव बनाने की कोशिश की। पुरुष ने यह भी आरोप लगाया कि महिला ने आत्महत्या की धमकी भी दी ताकि वह उसे नजरअंदाज न कर सके।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि महिला का यह व्यवहार पुरुष की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण जीवन जीने के अधिकार में दखल है। यह मानसिक क्षति का कारण बन सकता है, जो अपूरणीय है। इसी आधार पर कोर्ट ने महिला के खिलाफ स्थायी रूप से रोक लगाने का आदेश जारी किया।

### आवारा कुत्तों के हमले को जंगली जानवरों के हमले जैसा माना जाए: केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि** | केरल हाईकोर्ट ने आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि ऐसे हमलों को जंगली जानवरों के हमले जैसा माना जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जब जानवर इंसानों पर हमला करें तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। यह टिप्पणी कोर्ट ने एक लॉ स्टूडेंट की याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसे आवारा कुत्ते ने काट लिया था। जस्टिस सीएस डायस ने कहा कि जब तक किसी को खुद डॉग बाइट का दर्द नहीं होता या किसी अपने को खोना नहीं पड़ता, तब तक समस्या की गंभीरता समझ नहीं आती। बता दें इस साल केरल में डॉग बाइट के 1 लाख मामले आए हैं।

### सिंगापुर: महिला को बचाने पर भारतीय मजदूर सम्मानित

एजेंसी | सिंगापुर

सिंगापुर की एक चैरिटी संस्था ने सात भारतीय मजदूरों के सम्मान में 43 लाख रुपए जुटाए हैं। इन मजदूरों ने एक महिला को बचाया था, जिसकी कार सड़क पर अचानक बने सिंकहोल (गड्ढे) में गिर गई थी। यह घटना शनिवार को तंजोंग काटोंग रोड साउथ पर हुई थी। फोरमैन पिचाई उदैयप्पन सुब्बैया के नेतृत्व में मजदूरों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बड़ी मशक्कत के बाद महिला ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### पंजाब: इंग्लैंड से भारत लाई जाएगी शहीद उधम सिंह की पिस्तौल

पिस्तौल जलियांवाला बाग नरसंहार के बदले की प्रतीक



**चंडीगढ़** | पंजाब सरकार ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह की पिस्तौल और अन्य स्मृतियों को इंग्लैंड से भारत वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह वही पिस्तौल है जिससे शहीद उधम सिंह ने 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में जनरल डायर के समर्थन में काम कर रहे पंजाब के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ डायर की हत्या की थी। यह कृत्य 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला था, जिसमें हजारों निर्दोष भारतीयों की जान गई थी

### बुद्ध के अस्थि अवशेष 127 वर्ष बाद भारत लौटे: पीएम



एजेंसी। नई दिल्ली

भगवान बुद्ध की पवित्र पिपरहवा अस्थियां 127 साल बाद भारत लौट आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। अस्थियां 1898 में यूपी के पिपरहवा में मिली थीं, लेकिन ब्रिटिशकाल में विदेश भेज दी गईं। इस साल एक अंतरराष्ट्रीय नीलामी में सामने आने पर भारत सरकार ने उन्हें वापस लाने में सफलता पाई। 'एक्स' पर पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ये अस्थियां भारत और भगवान बुद्ध के बीच गहरे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंधों को दर्शाती हैं। यह हमारी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण और सम्मान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। पीएम ने बताया कि भगवान बुद्ध की पवित्र अस्थियों को भारत सरकार ने तत्काल प्रयास करते हुए वापस भारत लाने में सफलता पाई।

## 33% किशोर अब दोस्तों से नहीं, एआई से कर रहे दिल की बात



**भास्कर न्यूज़| न्यूयॉर्क** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सबसे ज्यादा असर किशोरों पर पड़ा हैं। दुनियाभर के किशोर दोस्तों से ज्यादा वक्त एआई के साथ बिता रहे हैं। अकेले अमेरिका में ही किशोरों के बीच अकेलेपन का संकट इतना गहरा गया है कि 33 फीसदी किशोर अब इंसानी दोस्तों की बजाय एआई चैटबॉट्स से दोस्ती कर रहे हैं और अपने दिल की बातें साझा कर रहे हैं। हालत यह हो गई है कि किशोर अब मॉल जाना, मूवी देखना जैसी सामाजिक गतिविधियां छोड़ रहे हैं, जिससे उनमें डिप्रेशन और एंग्जायटी के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में एआई ही उनका सहारा बन रहा है। कॉमन सेंस मीडिया की रिपोर्ट'टॉक, ट्रस्ट एंड ट्रेड-ऑफ्स: हाउ एंड व्हाय टीन्स यूज एआई कंपैनियंस' में बताया गया है कि एआई चैटबॉट का इस्तेमाल अब किशोरों के बीच एक आम चलन बन चुका है। इसके संस्थापक जेम्स पी. स्टेयर ने कहा कि किशोर अपनी भावनाएं ऐसी एआई कंपनियों से साझा कर रहे हैं जिन्हें बच्चों के हितों की कोई परवाह ही नहीं है।

बवासीर
ईलाज
जर्मन/अमेरिकन/
इटालियन मशीनों द्वारा
बिना दर्द/बेहोशी, 2 घण्टे बाद छुट्टी
राणा बवासीर हस्पताल
बी.डी.ओ. ऑफिस रोड, सरहिन्द
(फतेहगढ़ साहिब), पंजाब
98141-28667, 98554-21467

## 'सेंटर फॉर इंटरफेथ स्टडीज': पंजाब में गुरु नानकदेवजी और श्री गुरु ग्रंथ साहिब सहित सभी धर्मों पर होगा अध्ययन



**439** कुल लागत आएगी, इसके निर्माण को 2019 में केंद्र ने मंजूरी दी थी

**2020** में शुरू हुआ काम। इसमें प्राचीन वाद्ययंत्रों का पुनर्निर्माण भी होगा

**01** डायरेक्टर, 6 स्थायी प्रोफेसर, 6 विजिटिंग प्रोफेसर, 18 प्रोजेक्ट फेलो/ जेआरएफ व अन्य स्टाफ नियुक्त होगा



बनकर ऐसा होगा तैयार

**अमृतसर** | गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी परिसर के साथ तैयार की जा रही 'सेंटर फॉर इंटरफेथ स्टडीज' की इमारत आकार लेने लगी है। इसके निर्माण ने रफ्तार पकड़ ली है। आधा काम पूरा हो चुका है। अगस्त 2026 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब, गुरबाणी संगीत व अन्य धर्मों पर अध्ययन होगा। इसके अलावा गुरु नानक देव जी की यात्राओं का विश्लेषण, धर्मशास्त्र, सिख आर्काइव पर गहराई से काम होगा।

## भास्कर नॉलेज

यूक्रेन रोज 1,000 इंटरसेप्टर ड्रोन बनाएगा

### इंटरसेप्टर ड्रोन क्या हैं, क्या ये रूस के अटैक को रोक पाएंगे?

**कीव** | यूक्रेन पर रूस के ड्रोन हमले अब इतनी तीव्रता से हो रहे हैं कि पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम उन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जुलाई में रूस ने 1,800 से ज्यादा ड्रोन दागे हैं। इससे लड़ने को यूक्रेन ने नीति बदलकर रोजाना एक हजार इंटरसेप्टर ड्रोन बनाने का ऐलान किया है। जानते हैं क्या होते हैं इंटरसेप्टर ड्रोन...

- **इंटरसेप्टर ड्रोन क्या होते हैं, ये कैसे काम करते हैं?** ये ऐसे ड्रोन होते हैं जो दुश्मन ड्रोन से टकरा कर उसे हवा में ही खत्म कर देते हैं। ये लगभग 300 किमी/घंटा की रफ्तार से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकते हैं और सीधा टक्कर मार कर विस्फोट करते हैं।
- **क्या इंटरसेप्टर ड्रोन असरदार साबित हो सकते हैं?** यूक्रेनी जनरल सिरस्की के मुताबिक, इंटरसेप्टर ड्रोन की सफलता दर लगभग 70 फीसदी है। ये पुराने गेरान ड्रोनों के मुकाबले काफी कारगर साबित होते हैं।
- **क्या ये रूस के स्वार्म अटैक को रोक सकेंगे?** स्वार्म अटैक रोकने में ये पूरी तरह कारगर नहीं हैं। कम दूरी की रक्षा के लिए स्काई सेंटिनल व स्काइनेक्स जैसी गनों की भी जरूरत है। हालांकि, ऐसे सिस्टम न आने तक इंटरसेप्टर सबसे कारगर हैं।
- **यूक्रेन की मौजूदा एयर डिफेंस क्यों फेल हो रही?** पारंपरिक सिस्टम जैसे आयरिश-टी या जर्मन गेरान पहले प्रभावी थे, पर अब तेज गति व ऊंचाई से उड़ने वाले ड्रोन उन्हें चकमा दे रहे हैं। इसके अलावा, सस्ते ड्रोन पर महंगे विकल्प की जगह यूक्रेन सस्ता विकल्प तलाश रहा है। रूस ईरानी शहीद ड्रोन का वर्जन गेरान ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है।

सड़क हादसे के केस में बरी होने वाले दोस्त की कहानी सुनाई

## सेवा करने वालों के रक्षक होते हैं वेद: जस्टिस स्वामीनाथन

भास्कर न्यूज़| चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने कहा है कि जब हम वेदों की रक्षा करते हैं, तो वेद भी हमारी रक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि एक कोर्ट केस ने उन्हें यह बात गहराई से समझाई। यह केस उनके एक पुराने मित्र और वेदाचार्य से जुड़ा था, जिसे एक सड़क हादसे में दोषी ठहराकर 18 महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। जस्टिस स्वामीनाथन ने यह बात चेन्नई में हुए एक राष्ट्रीय वैदिक प्रतिभा सम्मेलन में कही। उनका भाषण अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जस्टिस स्वामीनाथन ने बताया कि वेदों के ज्ञाता उनके पुराने मित्र हैं। एक दिन वे अपने एक और मित्र के साथ उनसे मिलने आए और बताया कि उन्हें 18 महीने की जेल की सजा हुई है। उन्होंने बताया कि वेदाचार्य की बहन अमेरिका से भारत आई थीं और मंदिरों के दर्शन के लिए निकली थीं। कार वही चला रही थीं। रास्ते में कार व्यक्ति को टक्कर मार बैठी, जिससे उसकी मौत हो गई। बहन को अमेरिका लौटना था, इसलिए वेदाचार्य ने खुद को ड्राइवर बताया और दोष कबूल कर लिया। उन्हें 18 माह की सजा हुई।

### गवाहों ने नहीं पहचाना, फिर भी मिली थी सजा

जस्टिस स्वामीनाथन ने बताया कि आमतौर पर ऐसे मामलों में 6 महीने की सजा होती है। वेदाचार्य पारंपरिक वेषभूषा (धोती, अंगवस्त्र और चोटी) में कोर्ट आते थे। उन्होंने बताया कि शायद इसी वजह से उन्हें ज्यादा सजा मिली। जब उन्होंने केस की फाइल देखी तो पाया कि किसी भी गवाह ने यह नहीं कहा कि गाड़ी वेदाचार्य चला रहे थे। कोर्ट में भी किसी ने उन्हें पहचान कर यह नहीं कहा कि वही ड्राइवर थे। यानी उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं था।

### अपील में मिली राहत, कोर्ट ने वेदाचार्य को किया बरी

उस समय जस्टिस स्वामीनाथन वकालत कर रहे थे। उन्होंने इस केस में अपील की और सिर्फ इसी बिंदु पर बहस की कि कोई गवाह उन्हें ड्राइवर के रूप में पहचान नहीं पाया। संयोग से अपील सुनने वाले जज उनके क्लासमेट थे। आखिरकार कोर्ट ने वेदाचार्य को बरी कर दिया। जस्टिस स्वामीनाथन ने कहा, उस दिन मुझे एहसास हुआ कि जब हम वेदों की रक्षा करते हैं, तो वेद हमारी रक्षा करते हैं।




### ऑस्ट्रेलिया में बना पहला रॉकेट उड़ान के 14 सेकंड बाद ही क्रैश

एजेंसी। कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में पहली बार देश में ही डिजाइन और तैयार किया गया रॉकेट 'एरिस' लॉन्च के 14 सेकंड बाद ही क्रैश हो गया। यह रॉकेट गिल्मोर स्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी ने बनाया था। इसका मकसद छोटे सैटेलाइट्स को ऑर्बिट तक पहुंचाना था। यह टेस्ट लॉन्च क्वींसलैंड राज्य के बाउएन शहर के पास एक स्पेसपोर्ट से किया गया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में जारी वीडियो में 23 मीटर लंबे रॉकेट को लॉन्च टॉवर से ऊपर उठते और हवा में कुछ देर रुकने के बाद नीचे गिरते देखा गया। इसके बाद लॉन्च साइट से धुएं का गुबार उठता नजर आया।

### बिहार: फेसबुक पर 'अलविदा' लिखकर कर ली आत्महत्या

एजेंसी। पटना

बिहार में बेगूसराय जिले के बहादुरपुर गांव में अंतरजातीय विवाह करने वाले एक प्रेमी युगल ने शादी के आठ महीने बाद आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले शुभम कुमार ने फेसबुक पर अपनी और पत्नी की तस्वीर के साथ लिखा– 'अलविदा'। 19 वर्षीय शुभम व 18 वर्षीय मुन्नी कुमारी ने अक्टूबर 2024 में भागकर शादी की थी। परिवार इस विवाह के खिलाफ थे। बाद में मुन्नी के परिवार वालों ने पंचायत भी बुलाई, जिसमें उसका सिंदूर तक धुलवाया गया और उसे उसके परिवार को सौंप दिया गया। हालांकि दिसंबर 2024 से दोनों फिर साथ रहने लगे थे।

इसरो-नासा का पहला साझा मिशन सफल

## निसार लॉन्च: भूकंप, सुनामी जैसी आपदाओं का अलर्ट देगा

**भास्कर न्यूज़ | श्रीहरिकोटा.** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग के तहत बुधवार को श्रीहरिकोटा से निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर राडार) सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसरो के जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट ने इसे सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया। निसार भूकंप, भूस्खलन व ग्लेशियर पिघलने जैसी आपदाओं पर नजर रख अलर्ट देगा।

### दुनिया का सबसे एडवांस्ड राडार सैटेलाइट है निसार



**03** साल मिशन काल
**12** हजार करोड़ नासा का खर्च
**2392** किलो वजन
**470** करोड़ इसरो का खर्च

- **पहला सैटेलाइट** जो पृथ्वी का अवलोकन दोहरी-आवृत्ति वाले सिंथेटिक एपर्चर राडार से करेगा। ▪ **एल-बैंड राडार:** नासा के जेट प्रोपल्शन लैब द्वारा निर्मित। ▪ **एस-बैंड राडार:** इसरो के स्पेस एप्लिकेशन सेंटर द्वारा निर्मित।

### इकोसिस्टम की निगरानी

- पृथ्वी की 3डी फोटो प्रदान करने से इकोसिस्टम की निगरानी होगी।
- प्राकृतिक-मानवजनित आपदाओं की योजना बनाने में मदद करेगा।
- फसलों का मानचित्रण करेगा, बदलते मौसम की निगरानी करेगा।
- 80 टेराबाइट डेटा उत्पन्न करेगा। यह 150 से अधिक 512जीबी हार्ड ड्राइव भरने जितना। यह किसी भी पिछले पृथ्वी उपग्रह से अधिक है।

### हर 12 दिन में भेजेगा डेटा

- निसार पृथ्वी की भूमि और बर्फ से ढके क्षेत्रों का अवलोकन करेगा।
- यह 12 दिन के अंतराल पर डेटा इकट्ठा कर धरती पर भेजा करेगा।
- यह पृथ्वी की सतह पर होने वाले परिवर्तनों की सबसे सटीक फोटो देगा।
- यह सैटेलाइट प्रतिदिन पृथ्वी पर 240 किमी क्षेत्र को स्कैन करेगा और एक-एक पिक्सल का आकार एक टेनिस कोर्ट जितना होगा।

**भास्कर खास** भास्कर की सबसे बड़ी पड़ताल बीकानेर से बाड़मेर तक 4 जिलों में पेड़ काटने का काला सच...

## सोलर प्लांट का जुनून राजस्थान का ईकोसिस्टम तबाह कर रहा, 26 लाख पेड़ काट चुके, 38 लाख और काटेंगे... बंजर भूमि का ही उपयोग क्यों नहीं?

पीयूष मिश्रा | बीकानेर

सोलर एनर्जी के लिए राजस्थान को अब बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। प्रदेश के बीकानेर, फलोदी, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों का ईकोसिस्टम तबाह हो रहा है। यहां सोलर प्लांट के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। करीब 26.40 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं। इनमें 60% **पेड़ खेजड़ी के थे, जो क्षेत्र की पारिस्थितिकी का आधार हैं। इसी का भारी विरोध हो रहा है। मांग सिर्फ यही है कि सोलर प्लांट के लिए बंजर भूमि का ही उपयोग किया जाए।**

एमजीएस विवि में पर्यावरण विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल छंगाणी ने बताते हैं कि प्रदेश में 26452 मेगावाट बिजली उत्पादन सोलर से है। सोलर प्लांट्स के लिए करीब 40 लाख झाड़ियां काटी गईं हैं।

12 सितंबर 2013 | 14 हजार एकड़ में 3.48 लाख पेड़ थे



16 मई 2024 | सोलर खा गया हमारी हरियाली



भास्कर ने एक्सपर्ट्स की मदद से सैटेलाइट इमेज से करीब 14 हजार एकड़ में फैले सोलर पार्क भड़ला में काटे गए पेड़ों की संख्या जांची। गूगल अर्थ से 12 सितंबर 2013 की फोटो निकाली। 128 एकड़ क्षेत्र में 16-16 एकड़ के 8 प्लॉट मार्क किए। इन प्लॉट्स में कुल 3187 पेड़ मिले। इस हिसाब से प्रति एकड़ औसत 24.89 पेड़ थे। औसत घनत्व के हिसाब से 14,000 एकड़ में लगभग 3,48,460 पेड़ काटे गए।

**भास्कर एक्सपर्ट: आईयूसीएन के सदस्य डॉ. दाऊ लाल बोहरा, सैटेलाइट इमेजरी एक्सपर्ट किशोर कुमावत**

**7 जगह विरोध- बंजर जमीन पर लगें प्लांट, पेड़ न काटे जाएं :** 2030 तक सोलर से 65,000 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। इसी बीच बीकानेर में खेजड़ली की रोही में 378 दिनों से, कलेक्ट्रेट में13 दिनों से, भानीपुरा गांव में 8 से 22 जुलाई तक धरना चला। यहां सोलर कंपनी ने काम भी बंद कर रखा है। ▪ **जोधपुर, नागौर, फलौदी और सांचौर में ऐसा ही।**

### कार्रवाई की सिर्फ तैयारी कर रहे हैं

▪ *खेजड़ी काटने पर बड़ा जुर्माना लगाएंगे। पेड़ों की कटाई का मुद्दा जड़ से खत्म करने की योजना है।*
**-केके बिश्नोई,**
उद्योग राज्य मंत्री

▪ *कम से कम पेड़ काटने के निर्देश हैं। काटने की जगह दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने को भी कहा है।* **-हीरालाल नागर,**
ऊर्जा मंत्री

### टैटू, गिटार, बाइक वाले पादरी दे रहे धर्म का संदेश

भास्कर न्यूज़ | रोम

बाजुओं पर टैटू, फैशनेबल ड्रेस, बाइक पर राइडिंग और गिटार बजाते हुए सोशल मीडिया पर फोटो... ये दृश्य वेटिकन में हुए एक खास सम्मेलन का था और यहां पहुंचे ये लोग इंफ्लुएंसर्स नहीं नए जमाने के पादरी थे। धर्म से युवाओं के कम होते जुड़ाव और चर्च में उनकी कम उपस्थिति से चिंतित वेटिकन चर्च अब सोशल मीडिया के जरिए युवाओं तक पहुंचने की नई रणनीति पर काम कर रहा है। इसी कड़ी में यह सम्मेलन रखा गया। इसमें 1000 से ज्यादा पादरी व मिशनरी शामिल हुए। कुछ ऐसे पादरी भी हैं, जो अपने आकर्षक व्यक्तित्व और सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के चलते पहले ही चर्च के संदेश को नए अंदाज में फैला रहे हैं।




प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादक: अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001